खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33⁰C
न्यूनतम : 25⁰C

मुरादाबाद, रविवार 17 अगस्त 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 2 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 | 22 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


## राहुल गांधी ने 'वोट चोरी' पर वीडियो किया जारी

**एक बार फिर चुनाव आयोग को घेरा, लिखा- चोरी चोरी, चुपके चुपके, अब और नहीं, जनता जाग गई**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वोट चोरी को लेकर एक बार फिर चुनाव आयोग को घेरा। उन्होंने शनिवार को सोशल मीडिया पर 'लापता वोट' लिखकर एक वीडियो शेयर किया। हालांकि, इसमें चुनाव आयोग का जिक्र नहीं किया।

उन्होंने लिखा कि चोरी चोरी, चुपके चुपके अब और नहीं, जनता जाग गई है। इसके बाद कांग्रेस ने एक्स पर लिखा कि आपके वोट की चोरी, अधिकारों की चोरी है। आइए हम सब मिलकर वोट चोरी के खिलाफ आवाज उठाएं और अपने अधिकारों को बचाएं। वीडियो में एक व्यक्ति पुलिस थाने पहुंचता है। खर्राटे ले रहे पुलिसकर्मी से बोलता है। साहब. ..साहब मुझे रिपोर्ट लिखाना है। पुलिसकर्मी कहता है कि अबे यहां रिपोर्ट नहीं लिखाएगा, तो क्या करेगा। तब वह व्यक्ति कहता है कि मुझे चोरी की रिपोर्ट लिखानी है। पुलिसकर्मी कहता है, अबे क्या चोरी हो गया। व्यक्ति कहता है कि साहब.. साहब वोट चोरी हो गया है। उसका वोट चुरा लिया गया है। वह अधिकारियों से कहता है कि लाखों वोट चुराए जा रहे हैं। इससे पुलिसकर्मी यह सोच में पड़ जाते हैं कि क्या उनका वोट भी चुराया गया है। यह एक



मिनट लंबा वीडियो है। एक व्यक्ति जब वोट चोरी की रिपोर्ट लिखाने आता है, तो इंस्पेक्टर चौंक कर उठ जाता है। व्यक्ति कहता है कि मेरा वोट नहीं बल्कि लाखों लोगों का वोट चोरी हुआ है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने 12 अगस्त को कहा था कि केवल एक सीट नहीं बल्कि बहुत सी सीटें हैं, जहां वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की जा रही है। यह नेशनल लेवल पर सिस्टमेटिकली किया जा रहा है। बिहार की अपडेट हुई वोटर लिस्ट में 124 साल की 'फर्स्ट टाइम' वोटर मिंता देवी के सवाल पर राहुल ने कहा कि हां, मैंने उसके बारे में सुना है। ऐसे एक नहीं, अनलिमिटेड केसेस हैं। पिक्चर अभी बाकी है।

## उप राष्ट्रपति चुनाव: NDA का उम्मीदवार आज फाइनल होगा

- 21 अगस्त को नामांकन भाजपा की तरफ से थावरचंद गहलोत सबसे प्रबल दावेदार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए कैंडिडेट के नाम पर 17 अगस्त को मुहर लगेगी।

एक न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक रविवार शाम 6 बजे होगी, इसमें उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार का नाम फाइनल किया जा सकता है। यह कैंडिडेट 21 अगस्त को नामांकन दाखिल करेगा। इस दौरान एनडीए शासित राज्यों के सभी मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। उधर विपक्षी गठबंधन के नेता भी उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार पर चर्चा के लिए 18 अगस्त को बैठक कर सकते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इंडिया ब्लॉक लीडर्स के साथ बातचीत कर रहे हैं।

## पुतिन संग ट्रम्प की तीन घंटे चली बैठक, बेनतीजा

### दोनों नेताओं के बीच नहीं हुई कोई डील, 12 मिनट प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हुए रवाना

- पत्रकारों के किसी सवाल का जवाब नहीं दिया
- ट्रम्प ने बैठक को 10 में से 10 अंक दिए
- रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने कहा: उनके लिए रूस की सुरक्षा सबसे जरूरी

वाशिंगटन, वार्ता



**रूसी राष्ट्रपति** पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने शुक्रवार देर रात अलास्का में मुलाकात की। उनके बीच यूक्रेन जंग खत्म करने पर करीब 3 घंटे मीटिंग हुई। इसके बाद दोनों नेताओं ने सिर्फ 12 मिनट की जाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों के किसी सवाल का जवाब नहीं दिया।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ट्रम्प ने कहा कि मुझे लगता है कि हमारी बैठक बहुत सकारात्मक रही। हमने कई बिंदुओं पर सहमति जताई, लेकिन कोई डील नहीं हुई। कोई समझौता तभी होगा जब वह अंतिम रूप लेगा। ट्रम्प ने इस बैठक को 10 में से 10 अंक दिए। वहीं, पुतिन ने कहा कि उनके लिए रूस की सुरक्षा सबसे जरूरी है। उन्होंने अगली मीटिंग मास्को में करने का सुझाव दिया। अपनी बात कहने के बाद दोनों नेता मंच से तुरंत चले गए। वहीं, जेलेंस्की ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि उनकी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से डेढ़ घंटे बातचीत हुई। जेलेंस्की 18 अगस्त को वाशिंगटन डीसी जाकर ट्रम्प से मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा कि यूक्रेन पूरी ताकत से शांति स्थापित करने के लिए तैयार है।

### भारत ने कहा: बातचीत से ही समाधान संभव



**नई दिल्ली।** भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की अलास्का में शिखर बैठक के दौरान रूस-यूक्रेन के बीच संघर्ष विराम से संबंधित बातचीत में हुई प्रगति की सराहना करते हुए कहा है कि केवल संवाद और कूटनीति से ही समाधान संभव है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर सिंह जायसवाल ने शनिवार को कहा कि भारत अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच शिखर वार्ता का स्वागत करता है। शांति की दिशा में उनका नेतृत्व अत्यंत सराहनीय है। दोनों नेताओं के बीच बातचीत में प्रगति से यूक्रेन और रूस के बीच संघर्ष के शीघ्र समाधान की उम्मीद जताते हुए प्रवक्ता ने कहा कि भारत शिखर वार्ता में हुई प्रगति की सराहना करता है। आगे का रास्ता केवल संवाद और कूटनीति से ही निकल सकता है। दुनिया यूक्रेन में संघर्ष का शीघ्र अंत देखना चाहती है।

## किश्तवाड़ हादसा: 65 शव बरामद, 40 की हुई पहचान

### 500 से ज्यादा लोग रेस्क्यू किए गए, 200 अभी भी लापता

- घायलों की संख्या 180, 40 की हालत गंभीर
- सीएम उमर अब्दुल्ला पीड़ितों से मिले

श्रीनगर, वार्ता



**जम्मू-कश्मीर में** किश्तवाड़ जिले के चसोटी गांव में सर्च-रेस्क्यू का शनिवार को तीसरा दिन था। 14 अगस्त की दोपहर 12.25 बजे यहां बादल फटा था। इस कारण मलबे में दबने से अब तक 65 लोगों की मौत हो चुकी है। अब तक 40 शवों की पहचान की जा चुकी है। 500 से ज्यादा लोग रेस्क्यू किए गए हैं, जबकि 200 लोग अब भी लापता हैं। घायलों की संख्या 180 है, जिनमें से 40 की हालत गंभीर है। सभी घायलों को किश्तवाड़-जम्मू के अस्पतालों में भर्ती किया गया है। 75 लोगों की डिटेल उनके परिजन ने प्रशासन को दी है। रेस्क्यू में एनडीआरएफ की 3 टीमें, सेना (300+ जवान), व्हाइट नाइट कोर मेडिकल टीम, पुलिस, एसडीआरएफ और अन्य एजेंसियां रेस्क्यू में जुटी हैं। जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला शनिवार को चसोटी पहुंचे। उन्होंने आपदा पीड़ितों से मुलाकात की और उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

### मुंबई में बारिश का रेड अलर्ट लैंडस्लाइड में दो लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** मुंबई में शुक्रवार रात से तेज बारिश जारी है। विक्रोली इलाके में रात 11 बजे से सुबह 6 बजे तक 213 एमएम बारिश हुई। यहां जनकल्याण सोसाइटी के वर्षा गर इलाके में लैंडस्लाइड की वजह से दो लोगों की मौत हो गई और दो घायल हैं। शनिवार को भी मुंबई समेत महाराष्ट्र के छह जिलों में तेज बारिश का रेड अलर्ट है। हार्बर लाइन पर रेलवे ट्रैक पानी में डूबा है। सायन, वाशी, नवी मुंबई समेत कई इलाकों में करीब चार फीट तक पानी भर गया। प्रशासन ने जरूरत न होने पर घर से बाहर न निकलने को कहा है। दिल्ली में यमुना का जलस्तर 204.65 मीटर पहुंच गया, यह खतरे के निशान से ऊपर है। वहीं, बिहार के सीमांचल और पूर्वी जिलों में बाढ़ के हालात हैं। भागलपुर जिले में 6 लाख लोग इससे प्रभावित हैं। गंगा-कोसी का जलस्तर बढ़ने से फरक्का बैराज के सभी 109 गेट खोले गए। हालांकि, राज्य में सामान्य से कम बारिश हुई है। अब तक 647 एमएम सामान्य बारिश के मुकाबले सिर्फ 492 एमएम बारिश हुई है।

## NCERT सिलेबस का नया कंटेंट बना भारत विभाजन

### कांग्रेस, जिन्ना और माउंटबेटन को दोषी बताया, कंटेंट रेगुलर सिलेबस का हिस्सा नहीं

- मॉड्यूल के अनुसार, 1947 और 1950 के बीच, विभाजन ने भारत की एकता को खंडित किया

नई दिल्ली, वार्ता




**एनसीईआरटी ने** क्लास 6 से 8 और 9 से 12 के लिए 2 नए मॉड्यूल जारी किए हैं। नियमित किताबों से अलग ये मॉड्यूल्स देश के बंटवारे की विभीषिका पर आधारित हैं। इसमें मोहम्मद अली जिन्ना, कांग्रेस पार्टी और लार्ड माउंटबेटन को बंटवारे का दोषी बताया गया है।

मॉड्यूल बताता है कि जिन्ना ने बंटवारे की मांग की, कांग्रेस ने इसे स्वीकार कर लिया और माउंटबेटन ने इसे लागू कर दिया। ये जानकारी विभाजन के दोषी टॉपिक में जोड़ी गई है। मॉड्यूल में देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के एक भाषण का अंश भी शामिल किया गया है। नेहरू ने कहा था कि हम एक ऐसी स्थिति पर आ गए हैं, जहां हमें या तो विभाजन को स्वीकार करना होगा या निरंतर संघर्ष और अराजकता का सामना करना होगा। मॉड्यूल के अनुसार, 1947 और 1950 के बीच, विभाजन ने भारत की एकता को खंडित किया, शत्रुतापूर्ण सीमाएं बनाईं, सामूहिक हत्याएं और विस्थापन को बढ़ावा दिया। सांप्रदायिक अविश्वास को गहरा किया। पंजाब और बंगाल की अर्थव्यवस्थाओं को -

शेष पृष्ठ दो पर

### कांग्रेस ने कहा: हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग ने कराया विभाजन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने देश विभाजन के बारे में राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा प्रकाशित 'विभाजन के दोषी' शीर्षक मॉडयूल पर सवाल उठाते हुए कहा है कि देश के बंटवारे के लिए हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग की 'जुगलबंदी' जिम्मेदार है और इतिहास का सबसे बड़ा खलनायक आरएसएस है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने संवाददाता सम्मेलन में एनसीईआरटी के -

शेष पृष्ठ दो पर

### जेल अधीक्षक पर हमले के मामले में बरी व्यक्ति जेल में मृत मिला

**नई दिल्ली।** राजधानी की तिहाड़ जेल के एक अधिकारी पर हमले से जुड़े एक मामले में दिल्ली की तीस हजारी अदालत द्वारा हाल ही में बरी किए गए एक व्यक्ति का शव मंडोली जेल के अंदर रहस्यमय परिस्थितियों में पाया गया है। मृतक की पहचान सलमान त्यागी के रूप में हुई है। वह शुक्रवार को अपने सेल में लटका हुआ पाया गया था। जेल अधिकारियों ने इसे आत्महत्या का मामला बताया है जबकि उसके परिवार ने इस मामले में साजिश का आरोप लगाया है। घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दे दिए गए हैं। त्यागी की मौत तीस हजारी अदालत द्वारा आईपीसी की धारा 186 और 353 के तहत आरोपों से बरी किए जाने के कुछ दिनों बाद हुई है। उस पर एक लोक सेवक के काम में बाधा डालने और हमला करने को लेकर मामला दर्ज था।

### 'द बंगाल फाइल्स' के ट्रेलर लॉन्च पर हंगामा

**कोलकाता।** कोलकाता में शनिवार को फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' के ट्रेलर लॉन्च के दौरान हंगामा हो गया। कार्यक्रम एक निजी होटल में रखा गया था। फिल्म के डायरेक्टर विवेक अग्निहोत्री ने आरोप लगाया कि कार्यक्रम में रुकावट डाली गई और ट्रेलर लॉन्च रोक दिया गया। हम ट्रेलर न दिखा पाएं इसके लिए पुलिस आई थी। बंगाल में कुछ लोगों की राजनीतिक महत्वाकांक्षा के लिए पुलिस का इस्तेमाल किया जा रहा है।

### टैक्स प्राधिकरण के समन का पालन करना जरूरी: SC

**नई दिल्ली।** किसी करदाता को केंद्रीय या राज्य कर प्राधिकरण की ओर से जारी किए गए समन का पालन करना होगा और कारण बताओ नोटिस का जवाब देना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए यह बात कही है। आयकर अधिनियम 1961 के तहत करदाता का मलब किसी भी ऐसे व्यक्ति या संस्था से है, जिस पर अधिनियम के तहत तय कर का भुगतान करने या किसी अन्य वित्तीय प्रतिबद्धताओं का कानूनी दायित्व है।

### तमिलनाडु के मंत्री पेरियासामी के ठिकानों पर ED के छापे

**चेन्नई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने कथित धनशोधन के मामले में सत्तारुढ़ द्रमुक के वरिष्ठ नेता एवं तमिलनाडु के ग्रामीण विकास मंत्री आई पेरियासामी के डिडीगुल जिले में स्थित ठिकानों पर छापे मारे।





**मिरगी**
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

**मिरगी के लक्षण**
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-आँ-आँ की आवाज आना

अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

**डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'**
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता
**मार्शल चिकित्सा केन्द्र**
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।



**कार्यालय जिला पंचायत, सम्भल (बहजोई)**

पत्रांक 646/ जि.पं.स./मानचित्र / पं.रा.वि./2025-26 दिनांक: 11/08/2025

स्वतंत्रता दिवस-2025 की हार्दिक शुभकामनाएँ

: अपील :

जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस 2025 की हार्दिक शुभकामनाऐं देते हुए जिला पंचायत, सम्भल सर्वसाधारण से अपील करती है कि जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों (विनियमित क्षेत्र को छोड़कर) में निजी आवासों, प्लाटिंग, समस्त प्रकार के व्यवसायिक, औद्योगिक, शिक्षण संस्थान, फार्म हाउस, ग्रुप हाउसिंग, दुकानों, मार्केट इत्यादि के निर्माण से पूर्व जिला पंचायत, सम्भल से मानचित्र स्वीकृत कराना अनिवार्य है। यदि किसी व्यक्ति द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृत कराये प्लाटिंग / निर्माण कराया जाता है. तो उसे अवैध मानते हुए सम्बन्धित के विरुद्ध जिला पंचायत, सम्भल द्वारा नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी, असुविधाओं से बचने के लिए मानचित्र स्वीकृत कराने के उपरान्त ही प्लाटिंग/निर्माण कार्य करायें। साथ ही जनपद सम्भल के ग्रामीण क्षेत्रों में व्यवसाय करने वाले व्यवसाईयों से अनुरोध है कि जिला पंचायत, सम्भल के देयकों (विभव एवं सम्पत्ति कर/लाईसेन्स शुल्क, किराया आदि) का समय से भुगतान करें।

सक्षम अधिकारी
जिला पंचायत, सम्भल




# शेरकोट के मदरसों में ध्वजारोहण

## पालिका कार्यालय में चेयरपर्सन शबनम ने फहराया तिरंगा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों एवं सरकारी कार्यालयों पर झंडा फहराया गया। विभिन्न स्कूलों द्वारा प्रभातफेरी निकाली गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार आरयूएम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रबंधक फुरकान महमूद अंसारी ने झंडा फहराया। उन्होंने आजादी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 15 अगस्त सन 1947 इतिहास की वह तारीख है, जो रहती दुनिया तक याद की जाएगी और हर साल इसी तरह हमें आजादी की याद दिलाती रहेगी। इस मौके पर प्रधानाचार्य शमशाद हुसैन, मौहम्मद नफीस अंसारी,विजय पाल सिंह, सुरेंद्र पाल, मौहम्मद रिजवान, शकील अहमद, रईस अहमद, मौहम्मद आलम अंसारी, अरशद हुसैन खां, इकबाल अहमद प्राईमरी इचार्ज, उस्मान अहमद, नईम अहमद, रिहान अहमद, मौहम्मद शहजाद, अबरार अहमद, मौहम्मद इफ्तेखार, तालिब हुसैन सहित आदि स्टाफ मौजूद रहा। वहीं नगर के एसएमएम गुडविल एकेडमी इंग्लिश मीडियम स्कूल के डायरेक्ट एवं भाजपा नेता अंकुर जैन एवं अनामिका जैन ने सयुंक्त रुप से झंडा फहराते हुए शहीदों को याद किया। जबकि नगर पालिका में चेयरपर्सन शबनम नाज एवं ईओ कृष्ण मुरारी, दक्ष आदर्श वैदिक इंटर कालेज के प्रधानाचार्य विनित कुमार, मदरसा अरबिया रहमानिया एवं मुस्लिम फंड कन्या इंटर कालेज में मौलाना उबैदुर्रहमान एवं पूर्व चेयरमैन शेख कमरुल इस्लाम ने सयुंक्त रूप से झंडा फहराया। नगर के आल सेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल के डायरेक्टर मौहम्मद शादाब व मुख्य अतिथि हाजी कमाल ने संयुक्त रुप से झंडा फहराया। वहीं बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया। थाना परिसर में थाना प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार के नेतृत्व में झंडा फहराया। इस मौके पर शहर इंचार्ज विपिन कुमार आदि पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। वहीं जामा मस्जिद के मदरसा इस्लामिया में व मस्जिद के जिम्मेदार काजी शमीम ने झंडा फहराया कर शहीदों को याद किया। इस मौके पर काजी शमीम, मुफ्ती अमानुल्लाह, मुफ्ती, दानिश, गुफरान राजा, मौहम्मद अजहर, हाफिज अफरोज आदि मौजूद रहे।

# बुढ़नपुर में पाशा ने फहराया तिरंगा

## बड़ी संख्या में मौजूद रहे ग्रामीण



**शाह टाइम्स संवाददाता**


**बुढ़नपुर।** राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम. आर. पाशा ने राष्ट्रीय ध्वज फराहते हुए एकता व भाईचारे का संदेश दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार स्थानीय कैंप कार्यालय पर 79 वे स्वतंत्रता दिवस का उत्सव बड़े ही धूमधाम से बनाया गया। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों द्वारा 79 वे स्वतंत्रता दिवस झंडा फहराया गया। पदाधिकारियों द्वारा राष्ट्रगान गाया गया। तिरंगे को सलाम किया गया। दिव्यांगों के साथ-साथ गणमान्य लोगों व समाजसेवियों ने भी इसमें हिस्सा लिया।

राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर ने कहा कि हमें आजादी की कीमत समझनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह आजादी तमाम कुर्बानियां देने के बाद मिली है। उन्होंने समाज में भाईचारा व एकता कायम रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी पदाधिकारी का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा अगर कोई उनका शोषण करता है बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इस मौके पर, इंतजाम अहमद, सितारे आलम, इकराम ठेकेदार, मास्टर शहजाद गोविंदपुर वाले, सुशील कुमार, नकुल कुमार, आफताब अहमद, मोहम्मद आजम खान, फईमुद्दीन, फहीम अहमद, मास्टर अफजाल, आदि कार्यकर्ता पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# गुमनाम शहीदों के त्याग व बलिदान से मिली आजादी: डा. मनोज वर्मा



## देश की एकता व अखण्डता पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी डा. मनोज वर्मा ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अपने विचार रखते हुए कहा है कि आज भारत को आजाद हुए 79 वर्ष पूरे हो गए हैं। इस आजादी के पीछे देश के तमाम क्रांतिकारियों और गुमनाम शहीदों का त्याग और बलिदान है।

उन्होंने अपने खून और जीवन की आहुति देकर हमें गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराया। डा. मनोज वर्मा ने कहा आज की युवा पीढ़ी को यह समझना चाहिए कि जब भारत के वीर स्वतंत्रता संग्राम लड़ रहे थे तब उनमें कोई धार्मिक भेदभाव नहीं था। न हिंदू न मुस्लिम न सिख और न ईसाई था। हर कोई सिर्फ भारतीय था और केवल एक ही सपना था भारत को आजाद करना। हमें इस परम्परा और बलिदान की भावना को आगे बढ़ाना चाहिए। आज हमारा कर्त्तव्य है कि हम देश की एकता और अखंडता को बनाए रखें। छोटी-छोटी बातों में बंटने की बजाए हमें शिक्षा, भाईचारा और विकास की ओर बढ़ना चाहिए। भारत की पहचान हमेशा से एक शिक्षित, सांस्कृतिक और महान देश के रूप में रही है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम इसे आगे भी बनाए रखें। उन्होंने कहा कि हमें चाहिए कि शिक्षा में आगे बढ़ें। समाज में भाईचारा और समानता की मिसाल कायम करें। धर्म और जात-पात से ऊपर उठकर केवल भारतीय बनें। अगर हम सब मिलकर देश को आगे बढ़ाने के लिए काम करेंगे, तो भारत न सिर्फ एशिया बल्कि पूरी दुनिया में महान राष्ट्र के रूप में पहचाना जाएगा उन्होंने आह्वान करते हुए कहा हम सब मिलकर संकल्प लें कि शहीदों के सपनों का भारत बनाएंगे। एक ऐसा भारत जो शिक्षित, एकजुट और शक्तिशाली हो।

हम सभी देशवासियों की एकता ही देश को तरक्की और खुशहाली की ओर लेकर जाने में सक्षम साबित होगी। नई पीढ़ी की अच्छी शिक्षा देश के उज्जवल भविष्य के लिए बेहद जरुरी है।

# मॉडर्न एरा स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल में 79वें स्वतंत्रता दिवस शहीदों के बलिदान, देशभक्ति एवं देश प्रति प्रेम-भाव को ध्यान में रखते हुए ध्वजा रोहण किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय प्रबंधक अनिल चौधरी, ठाकुर गजेन्द्र सिंह, श्रीमति अनीता चौधरी, श्रीमति प्रभा ठाकुर, अभिषेक गंभीर एवं विद्यालय डायरेक्टर प्रिंसिपल डा. सीमा विश्वास उपस्थित रहें। सर्वप्रथम ध्वजा रोहण कर राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को नमन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने देशभक्ति गीतों, और नृत्यों के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। साथ ही देश भक्ति से ओत प्रोत लघु नाटिका ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के बीच-बीच में सत्र 2024-25 के कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के छात्र छात्राओं को अपनी अपनी कक्षाओं में प्रथम द्वितीय व तृतीय आने के लिए पुरस्कृत किया गया। विद्यालय प्रबंधक अनिल चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि आजादी का यह दिन हमें हमारे स्वतंत्रता सेना. नियों के बलिदान की याद दिलाता है, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर हमें आजादी दिलाई। हमें उनकी कुर्बानी को कभी नहीं भूलना चाहिए और देश के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए और आज के दिन का क्या महत्व होता है अर्थात ध्वजा रोहण किस लिए कहा जाता है वह भी सबकों बताया। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लिया और देशभक्ति की भावना का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर स्कूल के छात्रों और शिक्षकों ने देश के प्रति अपने प्रेम और समर्पण को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त प्रबंधक समिति एवं विद्यालय डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. सीमा विश्वास और अध्यापक गणों का पूर्ण सहयोग योगदान रहा।

# नीरज प्रताप ने किया शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ग्राम मनकुआ में जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित झांकी का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख प्रति. निधि नीरज प्रताप सिंह एवं ग्राम प्रधान ओमप्रकाश पाल ने फीता काटकर किया।

इस मौके पर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। झांकी में श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का सुंदर चित्रण किया गया। झांकी देखने के लिए आसपास के लोग भी बड़ी संख्या में पहुंचे।

कार्यक्रम में रवींद्र प्रधान, परवेंद्र सिंह, धर्मवीर सिंह, कमल कुमार, देवराज सिंह, पवन कुमार, जॉबी, नरेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह, डा. सुरेंद्र सिंह, संजय कुमार, धनवीर डीलर, अजय कुमार, नीरज कुमार, नरेंद्र बबलू, निर्मला देवी, रचना देवी, सुनीता देवी, कैलाशो देवी, अनीता, रीना देवी, मयंक, नवीन चौहान सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



**एकता का संदेश ।** नहटौर की चेयरपर्सन अनस इकरार ने किरतपुर के मुस्लिम गर्ल्स इंटर कालेज में ध्वजारोहण करते हुए एकता का संदेश दिया। उन्होंने छात्राओं की शिक्षा पर जोर दिया।

# प्राचीन नौमी मेले का शुभारंभ

## मेला कमेटी ने पत्रकारों को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर लगने वाले प्राचीन नौमी मेले का शुभारंभ विधि विधानपूर्वक पूजा अर्चना व हवन यज्ञ के साथ ही फीता काटकर किया गया।

नगर के मोहल्ला शेखान में लगने वाले सैकड़ो वर्ष पुराने नौमी मेला का शुभारंभ क्षत्रिय समाज के प्रदेश अध्यक्ष दीप सौरभ पार्थ व कुंवर संजय गहलौत ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इससे पूर्व पंडित विशाल शर्मा व पंडित कृष्ण कुमार कौशिक ने विधि विधान पूर्वक हवन यज्ञ किया गया। मुख्य यजमान श्री जाहरवीर नौमी मेला कमेटी के अध्यक्ष कामेश्वर राजपूत रहे। पूजा अर्चना के बाद प्रसाद वितरण के साथ ही मेला कमेटी ने नगर के गणमान्य व्यक्तियों सहित पत्रकारों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कुंवर संजय गहलौत ने कहा कि नौमी मेला आज भी हिन्दू मुस्लिम एकता के साथ ही सनातन संस्कृति को जीवित रखे हुए है। उन्होंने कहा कि नौमी मेला के संचालन में मुस्लिम समाज की भी अहम भूमिका रही है, जो कि गंगा जमुनी तहजीब की एक बेहतरीन मिसाल है। उन्होंने लोगों से मेले का आनंद लेने का आह्वान किया। इस मौके पर मेला कमेटी अध्यक्ष कामेश्वर राजपूत, संरक्षक अचल चौहान, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजयपाल सैनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मवीर चौहान, पुनीत वर्मा, संजीव चौहान, प्रदीप यादव, रंजीत सिंह, अनमोल शर्मा, दिनेश वर्मा, अभिषेक कोहली, पदम चौहान, गुड्डू त्यागी, सभासद राधे सैनी, सुल्तान अहमद अंसारी, शाकिर अंसारी, विकास दत्त प्रेमी सहित मेला कमेटी के पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

## यूपी के 20 जिलों में बाढ़: फर्रुखाबाद में गर्भवती ने नाव पर तोड़ा दम

# बाढ़ का पानी गांवों में घुसा, आमजन बेहाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी में गंगा और यमुना समेत कई नदियों के उफान से 20 जिलों में हालात खराब हो गए हैं। कई जिले बाढ़ की चपेट में हैं और बाढ़ का पानी गांवों में घुस गया है। फर्रुखाबाद जिले में बाढ़ से 3 तहसीलों के करीब 50 गांव प्रभावित हैं. यहां एनडीआरएफ और फ्लैट पीएससी की टीमें तैनात हैं। प्रशासन लगातार जल स्तर पर नजर बनाए हुए हैं। बाढ़ में कई बीघा फसल डूब चुकी हैं, आम जनजीवन बेहाल है। इसके अलावा लखीमपुर खीरी में बाढ़ का प्रकोप जारी है। बीते दिन एक मंदिर शारदा नदी के कटाव में समा गया।

पीलीभीत की देवहा नदी में 51000 क्यूसेक पानी छोड़े जाने से नदी उफान पर है। निचले इलाकों में आंशिक रूप से जलभराव के मामले बीच सामने आ रहे हैं। नदी में लगातार बढ़ता जलस्तर देखकर प्रशासनिक टीम अलर्ट मोड पर हैं। निचले इलाकों में जाकर लोगों को अनाउंसमेंट कर जागरूक किया जा रहा है। लोगों को सतर्क रहने के साथ-साथ ऊंचे स्थानों पर जाने की अपील की जा रही है। दरअसल पीलीभीत शहर के करीब से होकर गुजरने वाली देवहा नदी में 40000 क्यूसेक से ऊपर पानी जब भी छोड़ जाता है, तब यह नदी उफान पर आ जाती है। पीलीभीत के हजारा थाना क्षेत्र में बहने वाली शारदा नदी में भी पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश का असर देखा जा रहा है। इस नदी में भी 2 लाख क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया है, जिसके कारण नदी का जलस्तर बढ़ गया है। नदी ने कटान कर अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। नदी किनारे बसे राहुल नगर कबीरग. ंज समेत कई गांव के लोग लगातार हो रहे कटान को देखकर भयभीत हैं।

फर्रुखाबाद मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के मड़इया गांव में बाढ़ के पानी के बीच गर्भवती जमुना खातून की मौत हो गई। पति और आशा बहू ने नाव से गर्भवती को अस्पताल पहुंचाने का प्रयास किया, लेकिन रास्ते में ही उसकी जान चली गई। मड़इया गांव निवासी जरीफ मोहम्मद ने बताया कि पत्नी जमुना खातून (35) गर्भवती थी। शुक्रवार सुबह उसे प्रसव पीड़ा हुई, तो गांव की आशा को नाव से घर बुलाकर दिखाया। आशा ने अस्पताल ले जाने की सलाह दी। इसके बाद परिजनों के साथ गर्भवती जमुना को नाव पर लिटाकर कर शहर ले जा रहे थे, लेकिन असहनीय प्रसव पीड़ा के चलते रास्ते में ही जमुना की सांसें थम गईं। सूचना मिलने पर प्रभारी तहसीलदार सनी कनौजिया अधीनस्थ के साथ पहुंचे। उन्होंने जानकारी हासिल कर परिजनों को सांत्वना दी। साथ ही पीड़ित परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की। लखीमपुर खीरी में शारदा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। यहां एक मंदिर के नदी में समाने का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। यहां कई गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया है, आम जनजीवन अस्त व्यस्त है।

## आज वेस्ट यूपी में भारी वर्षा की चेतावनी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के भारतीय मौसम विज्ञान विभाग लखनऊ केंद्र ने आज रविवार 17 अगस्त के लिए राज्य में बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। इस पूर्वानुमान के अनुसार, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश होने की संभावना है, जिसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। लोगों को सलाह दी गई है कि वे खराब मौसम के दौरान सुरक्षित रहें और वज्रपात की घटनाओं से बचने के लिए एहतियात बरतें। मौसम विभाग ने सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, बिजनौर, मुरादाबाद, संभल, हापुड़ और रामपुर के आसपास के इलाकों में भारी बारिश का अनुमान जताया है, जबकि सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, आगरा, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, संभल, बदायूं और ललितपुर के आसपास के इलाकों में गरज-चमक के साथ बारिश और वज्रपात की संभावना है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

### NCERT सिलेबस

तबाह कर दिया। जम्मू-कश्मीर को सामाजिक, आर्थिक और जनसंख्या के तौर पर पतन के रास्ते पर डाल दिया। यह बाद में आतंकवाद के कारण और भी बदतर हो गया। एनसीईआरटीके स्पेशल मॉड्यूल कोर्स का हिस्सा नहीं होते, ये सप्लीमेंट्री मटेरियल होता है, जो कोई खास टॉपिक बच्चों को समझाने के लिए तैयार किया जाता है। इसे पोस्टर्स, चर्चाओं और वाद-विवाद के द्वारा बच्चों को पढ़ाया जाता है। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर को भी स्पेशल मॉड्यूल में जोड़ा गया था। स्पेशल मॉड्यूल की प्रस्तावना में पीएम नरेंद्र मोदी के शब्दों को भी शामिल किया गया है। मोदी ने कहा था कि बंटवारे के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

हमारी लाखों बहनें और भाई विस्थापित हो गए और लोगों की नासमझी और नफरती हिंसा के कारण कई जानें गईं। संघर्षों और बलिदान की याद में हमारे लोग 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाएंगे। हाल ही में एनसीईआरटी कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की किताब में मुगल शासकों के धार्मिक फैसले, सांस्कृतिक योगदान और क्रूरता की नई व्याख्या की गई है। ये किताब 2025-26 एकेडमिक सेशन से ही स्कूलों में लागू होगी। किताब में बनारस, मथुरा और सोमनाथ में मंदिरों को तोड़ने और जैन, सिख, सूफी और पारसी समुदायों पर अत्याचार की घटनाओं का भी जिक्र है। इस बारे में एनसीईआरटी के एक अधिकारी ने कहा कि इतिहास की घटनाओं को मिटाया या नकारा नहीं जा सकता, लेकिन आज किसी को उनके लिए दोषी ठहराना गलत होगा। सत्ता की लालसा, अत्याचार या गलत महत्वाकांक्षाओं की शुरुआत को समझना ही ऐसा भविष्य बनाने का सही तरीका है, जहां ये घटनाएं दोबारा न हों।

**कांग्रेस ने कहा:**

14 अगस्त को जारी उस मॉड्यूल पर कहा कि इसमें 1938 की तारीख का जिक्र है या नहीं है। बंटवारे के इतिहास में 1938 बहुत महत्वपूर्ण तारीख है। इस वर्ष गुजरात में साबरमती के किनारे हिंदू महासभा का राष्ट्रीय अधिवेशन हुआ था, जिसमें ये स्पष्ट तौर से कहा गया था कि हिंदू और मुसलमान एक देश में नहीं रह सकते। उन्होंने कहा कि 1940, क्या यह है मॉड्यूल में। 1940 में इस जुगलबंदी को आगे बढ़ते हुए मुस्लिम लीग के लाहौर अधिवेशन में जिन्ना ने यही बात दोहराई थी। श्री खेड़ा ने कहा कि मैं दावे के साथ कह सकता हूं, 'इसमें) 1942 की भी ये तारीख भी नहीं लिखी होगी, जब हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग की मिलीजुली सरकार बनी थी। उस समय कांग्रेस ने तमाम प्रांतीय विधानसभाओं से इस्तीफा देकर सड़क पर उतरने के लिए भारत छोड़ो आंदोलन का आह्वान किया था। उस वक्त हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग ने गठजोड़ किया, गठबंधन किया, सरकारें बनाई एनडब्ल्यूएफपी में, बंगाल में, सिंध में और सिध की विधानसभा में विभाजन का प्रस्ताव पारित हुआ था। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि उस समय गठबंधन की सरकार थी हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग की थी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।





























## नगर पंचायत कांठ व उमरी कला में अध्यक्षों ने किया ध्वजारोहण

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांठ।** स्वतंत्रता दिवस पर नगर पंचायत कांठ अध्यक्ष इकबाल आलम अंसारी द्वारा ध्वजारोहण किया गया इसके उपरांत अध्यक्ष की अध्यक्षता में रामेश्वर दयाल अधिशासी अधिकारी द्वारा नगर में रैली का आयोजन किया गया जिसमें सदस्य गण व कर्मचारी एवं नगर के संभ्रांत लोग उपस्थित रहे। रैली के माध्यम से पॉलिथीन का उपयोग न करने एवं नगर को स्वच्छ बनाने में सूखे एवं गीले कूड़े को अलग-अलग डस्टबिन में डालने की अपील की गई। उधर उमरी कला नगर पंचायत में अध्यक्ष हाजी उस्मान अली ने झंडा फहराया और तिरंगे को सलामी दी। इस दौरान उन्होंने लोगों में देश प्रेम की भावना जगाने का प्रयास किया और कहा कि आजादी के लिए जान देने वालों की कुर्बानी को हमें



हमेशा याद रखना चाहिए। इस मौके पर सभासद एवं नगर पंचायत का स्टाफ मौजूद रहा।


















## विधायक रामवीर सिंह के नेतृत्व में निकाली विशाल तिरंगा यात्रा



शाह टाइम्स संवाददाता

**कुंदरकी।** विधानसभा के रतनपुर कलां एवं कुंदरकी मंडल में 69वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने नेतृत्व में तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ। तिरंगा यात्रा बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पार्क गागन तिराहा से प्रारंभ होकर से डींगरपुर पेट्रोल पंप पर समाप्त हुई। इस अवसर पर सैकड़ों वाहनों पर भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी हाथ में तिरंगा लेकर चलते हुए नजर आए। भारत माता का जयघोष करते हुए देशभक्ति गीतों पर थिरकते हुए तिरंगा थामे लोगों का जगह जगह पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संजय कश्यप, बबलू जाटव, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गुलाम जिलानी, बाबू पाशा, अजीम, जाहिद, संजय दिवाकर, अरविंद ठाकुर, माजिद, रविन्द्र सिंह, रोहित सिंह, जय सिंह, नफीसुल हसन, रविकांत सिंह, रविंद रैदास सहित भारी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।










# स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई

# ट्रेन से कटकर आत्महत्या

## घर पर विवाद के बाद उठाया कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** पारिवारिक विवाद के चलते शराबी ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम चौकपुरी निवासी दिनेश उर्फ बिल्ले पुत्र तारा सिंह (50 वर्ष) ने आज प्रात: 11:15 बजे झालू फाटक पर सिद्धबली एक्सप्रेस से कट कर जान दे दी। दिनेश उर्फ बिल्ले शराब का आदी था। उसके एक पुत्र और एक पुत्री थी। उसका किसी बात को लेकर घर पर कुछ विवाद हो गया था। घर से बिना बताए कहीं चला गया और आज सुबह रेलवे फाटक पर पहुंच कर उसने रेलगाड़ी आने का समय पूछा कि गाड़ी किस समय आएगी। उसे बताया गया कि सुबह की पैसेंजर गाड़ियां तो जा चुकी है। लेकिन फिर भी वह इधर-उधर टहलता रहा। जब सिद्धबली एक्सप्रेस लगभग 11:15 बजे आई, तो वह पहले से ही ट्रैक पर लेट गया। किसी को इस बात का एहसास नहीं हुआ कि वह ट्रेन के बारे में जानकारी क्यों कर रहा है। वह लोगों की आंखों से ओझल होकर फाटक और रेलवे स्टेशन के बीच ट्रैक पर जाकर लेट गया था। क्योंकि सिद्धबली एक्सप्रेस ट्रेन का झालू स्टॉप नहीं है, इसीलिए वह अपनी स्पीड से गुजर गई। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लाश को कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। दिनेश उर्फ बिल्ला अपने पीछे रोता बिलखता हुआ परिवार छोड़ गया। वह एक किसान था। सूत्रों की माने तो वह ज्यादातर खर्च शराब पर ही कर देता था। वह परिवार की तरफ ध्यान नहीं देता था।



# फुलसंदा के आजम का कुवैत में इंतकाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** फुलसंदा के एक युवक का कुवैत में इंतकाल होने पर परिवार में कोहराम मच गया। परिवार के लोग शव आने का इंतजार कर रहे हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र के ग्राम फुलसंदा निवासी मोहम्मद आजम पुत्र नफीस उम्र 26 वर्ष करीब तीन माह पूर्व कुवैत में एक सैलून की दुकान पर काम करने के लिए गया था। बताया जाता है कि वहां उसका इंतकाल हो गया। इंतकाल का पता चलने पर परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे पत्नी व दो बच्चे रोता बिलखता छोड़ गया है। उसके शव आने का इंतजार किया जा रहा है।ग्रामीणों के मुताबिक उसका इंतकाल हृदय गति से रुकने से होना बताया जा रहा है।




स्वतंत्रता दिवस की सभी को

बधाई



डा. कपिल चौधरी

अनुष्का नर्सिंग होम

चांदपुर रोड, नूरपुर


## नाम परिवर्तन सूचना

मैंने अपना नाम RASHID KHAN से बदलकर MOHD. RASHID रख लिया है। अब भविष्य में मुझे MOHD. RASHID के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

**MOHD RASHID S/O MOHD ABID**
**R/o Moh. Kassaban, Bijnor, Distt. Bijnor**

## नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम शाहकरमपुर उर्फ गिलाड़ा के मौजा फतेहपुर में ग्राम समाज की भूमि में खड़े यूकेलिप्टस के 11 पेड़ों की नीलामी तहसील धामपुर के सभाकक्ष में 18- 8 -2025 दिन सोमवार को दोपहर 3:00 बजे की जाएगी। नीलामी के इच्छुक व्यक्ति नियत समय व स्थान पर उपस्थित होकर नीलामी की शर्तों के अनुसार नीलामी में प्रतिभाग कर सकते हैं।

**नीलामी अधिकारी**
**नायब तहसीलदार, धामपुर**

## सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र मुजफ्फर पुत्र इरफान अहमद व मुजफ्फर की पत्नी शाजिया आए दिन मेरे साथ अभद्र व्यवहार, गाली गलौच व मारपीट करते हैं। साथ ही जान से मारने की धमकी भी देते हैं। समझाने के बाद भी नहीं मानते और फौजदारी पर आमादा हो जाते हैं तथा मुझे झूठे मुकदमे में फंसवा कर जेल भेजनें की धमकी देते हैं। मैंने इनकी इन्हीं हरकतों से तंग व परेशान होकर मुजफ्फर व उसकी पत्नी शाजिया उनके पुत्र अरहान को अपनी समस्त चल/ अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबंध विच्छेद कर लिए हैं। इनके द्वारा किसी भी कृत्य व लेनदेन के वह खुद जिम्मेदार होंगे। मैं और मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। **आलमा पत्नी इरफान अहमद निवासी मौहल्ला सरायरफी थाना व तहसील चान्दपुर ( बिजनौर )।**























## नहटौर में ध्वजारोहण

**नहटौर।** नगर एवं क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। ब्लॉक परिसर में ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी एवं खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह, सामुदायिक केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. आशीष आर्य, पशु चिकित्सा केंद्र पर डा. अनुराग चौधरी, बाल विकास परियोजना कार्यालय पर हेमलता, थाना कोतवाली परिसर में थाना अध्यक्ष धीरज, नगर पालिका में चेयरपर्सन अनस इकरा ने तिरंगा फहराया। इसके अलावा विद्युत उपकेंद्र पर उपखंड अधिकारी विवेक विश्वकर्मा, श्याम नारायण सिंह स्मारक इंटर कॉलेज के प्रबंधक दर्पण त्यागी, आक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में आशीष सिंघल, बलराम कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मूलचंद त्यागी, रामा विष्णु सरस्वती शिशु मंदिर में अभिनव जैन व कुसुम देवी ने ध्वजारोहण किया।








स्वतंत्रता दिवस की सभी को

बधाई



सलमान अली

वरिष्ठ लिपिक

नगर पंचायत, सहसपुर










यौमे आजादी की अवाम को



मुबारकबाद

सलीम अहमद

राजकीय ठेकेदार

नगर पालिका, स्योहारा

# स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई


## शुगर मिल में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस



### कर्मचारियों को किया टीम वर्क के लिए प्रेरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** धामपुर शुगर मिल में 79वां स्वतंत्रता दिवस अमृत काल एवं नए भारत के निर्माण की थीम पर हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। संयुक्त प्रबंध निदेशक ईशान गोयल एवं उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया।

कार्यक्रम के दौरान श्रमिकों, कर्मचारियों और अधिकारियों ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। ध्वजारोहण के उपरांत संबोधन में ईशान गोयल ने कहा कि धामपुर ग्रुप की परंपरा को बनाए रखते हुए उद्योग को ऊंचाइयों तक पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने गन्ना विभाग, इंजीनियरिंग, प्रोसेस, डिस्टिलरी व क्वालिटी कंट्रोल जैसे सभी विभागों को टीम वर्क के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों से गन्ना किसान बाढ़, रेड रोट, टॉप बोरर जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। जिससे उद्योग की स्थिति भी प्रभावित हुई है और किसानों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ा है। किंतु गन्ना विकास विभाग की पहल और किसानों द्वारा वैरायटी परिवर्तन के चलते आगामी पेराई सत्र में बेहतर उत्पादन की संभावना है।

उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी राजा हरनारायण सिंह (चांदपुर) और कुंवर गुजराल सिंह (बिजनौर) के बलिदान को भी स्मरण किया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले श्रमिकों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ओमवीर सिंह, विकास अग्रवाल, उपेंद्र तोमर, विवेक यादव, लायकराम, सतबीर सिंह, अभय शर्मा, करुण अग्रवाल, मनोज चौहान, लवकुश सहित समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

## दुकान से दो इनवर्टर चोरी

**नहटौर।** मौहल्ला अफगानान निवासी शादाब आलम पुत्र जहीर अहमद ग्राम कश्मीरी के बस अड्डे के पास दुकान चलाता है। बीती रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर दो इनवर्टर चोरी कर लिए। शादाब का कहना है कि अड्डे पर चौकीदार रात करीब नौ बजे खाना खाने के लिए गया था। इसी दौरान चोरों ने वारदात को अंजाम दे दिया। चोरी की सूचना शादाब ने पुलिस को दी है। वहीं थाना अध्यक्ष धीरज नागर का कहना है मामले की जानकारी नहीं है और जानकारी कर कार्रवाई की जाएगी।

## दौड़ लगाते युवक की मौत

**किरतपुर।** आज सुबह रेस लगाते हुए 20 वर्षीय युवक को हार्ट अटैक आने से मौके पर मौत हो गई। युवक ने अग्निवीर की परीक्षा पास कर ली थी। दस दिन बाद फिजिकल परीक्षा थी। युवक तीन बहनों का अकेला भाई था।

क्षेत्र के गांव हैबतपुर निवासी प्रशांत चौधरी रोजाना की तरह सुबह गांव की सड़क पर रेस लगाने गया था। दौड़ते दौड़ते अचानक सीने में दर्द होने लगा और मौके पर ही बेहोश गया गया। साथी युवकों ने तुरंत उसे उठाया और होश में लाने की कोशिश की। परिजन बेहोशी की हालत में प्रशांत चौधरी को किरतपुर निजी अस्पताल लेकर आए, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

प्रशांत चौधरी की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। गांव शोक में डूब गया। परिजनों ने बताया कि प्रशांत सेना में जाने की तैयारी कर रहा था। उसने अग्निवीर की लिखित परीक्षा पास कर ली थी। 25 अगस्त को उसका फिजिकल टेस्ट था, जिसके लिए वह दौड़ लगाने की तैयारी कर रहा था। क्या पता था कि दौड़ लगाते हुए प्रशांत की सांसे थम जाएगी। मृतक प्रशांत चौधरी तीन बहनों का अकेला भाई था। उससे बड़ी दोनों बहनों की शादी हो चुकी है। भाई की मौत पर बहनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

प्रशांत चौधरी का जन्मदिन 15 अगस्त की तारीख का है।

## ट्रक का टायर फटने से हेल्पर की मौत

**किरतपुर।** बीती शाम बस स्टैंड के निकट रास्ते पर चलते सीमेंट से भरे ट्रक का टायर पंचर हो गया, जिसे उसका चालक और ट्रक पर हैल्परी कर रहा जसपुर निवासी 14 वर्षीय शादाब पुत्र अनीस बदलने लगे।

उन्होंने पंचर टायर निकालने को ट्रक में जैक लगा दिया और पंचर टायर को सही कराने ले गए। टायर सही कराने के बाद दोबारा ट्रक में लगा दिया, लेकिन जैसे ही शादाब ने ट्रक के पहिए के नीचे लगे जैक को उतारा, टायर पर लोड पड़ते ही टायर फट गया। जिसकी चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जिससे उसके परिजनों में कोहराम मच गया।


स्वतंत्रता दिवस की सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई
दयाराम सिंह ग्राम प्रधान
मनोज कुमार ग्राम पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत जमालपुर उदयचंद
विकास खण्ड अल्हैपुर, धामपुर

जे.पी. भारत गैस मण्डावर
की ओर से सभी क्षेत्रवासियों व नगरवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रो. जगदीश कुमार एम.डी.
सतीश कुमार
जे.पी. भारत गैस एजेंसी
मण्डावर, बिजनौर रोड, मेन बस स्टैंड मण्डावर, बिजनौर

स्वतंत्रता दिवस की सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई
सोनू कुमार प्रजापति ग्राम प्रधान
मोहित कुमार ग्राम पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत हसनपुर पालकी
विकास खण्ड अल्हैपुर, धामपुर

स्वतंत्रता दिवस की सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई
हरपाल सिंह ग्राम प्रधान
सहदेव कुमार ग्राम पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत मुबारकपुर टप्पा भारती
विकास खण्ड अल्हैपुर, धामपुर

स्वतंत्रता दिवस की सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई
मोहन कुमार ग्राम प्रधान
सौरभ कुमार ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सलेम सराय
विकास खण्ड अल्हैपुर, धामपुर

स्वतंत्रता दिवस की नागरिकों को हार्दिक बधाई
कुंवर अनिल राजपूत
दुर्गा पब्लिक स्कूल
दुर्गा विहार कॉलोनी, धामपुर

स्वतंत्रता दिवस की नागरिकों को हार्दिक बधाई
बीना कुमारी (प्रबंधक)
विश्व भारती पब्लिक जूनियर हाईस्कूल, धामपुर

स्वतंत्रता दिवस की नागरिकों को हार्दिक बधाई
निखिल छाबड़ा सनी
वरिष्ठ समाजसेवी
छाबड़ा ट्रांसपोर्ट, धामपुर

जय हिंद जय भारत
स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
राजपूताना रिसोर्ट, धामपुर
Dr. BK Singh
Dr. Tripti Singh
स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को नमन

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
कुंवर मानवेन्द्र सिंह राठौर अध्यक्ष, प्रबंधतंत्र
डॉ. एस.के. राजपूत सचिव, प्रबंधतंत्र
प्रो. रश्मि एस. रावल प्राचार्या
प्रबंधतंत्र- श्रीमती भारती ठाकुर संयुक्त सचिव, कुंवर भारतेन्द्र सिंह, डॉ. रंजन अग्रवाल, जितेन्द्र सिंह, प्रो. रश्मि एस. रावल (प्राचार्या) सदस्यगण, प्रो. रामकुमार सिंह व डॉ. रवि शिक्षक प्रतिनिधि एवं प्रशांत कुमार सिंह, शिक्षणेत्तर प्रतिनिधि।
आरएसएम डिग्री कॉलेज, धामपुर

जय भीम जय संविधान जय भारत
ASP आज़ाद समाज पार्टी (कांशी राम)
आजाद समाज पार्टी (कांशीराम)/भीम आर्मी
की ओर से
समस्त नगीना लोकसभा क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मा0 चन्द्रशेखर आजाद जी
(भीम आर्मी चीफ एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष आसपा)
सांसद - नगीना लोकसभा, उ.प्र.
सम्भावित प्रत्याशी
धामपुर विधानसभा-20
विवेक कुमार सेन
(सांसद प्रतिनिधि)
viveksen

# योगी सरकार में सपा भूमाफिया को मिला प्रशासन का संरक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** बदायूँ दरवाज़ा हसनपुर मार्ग पर दर्जन भर के करीब दुकानों को ध्वस्त किए जाने के बाद कथित भूस्वामी का हौंसला अब इतना बढ़ गया है कि मुसाफिर खाने के सामने वाली दुकानों के किराएदारों को धमकाया जाने लगा है। चेतावनी दी है कि दो लाख लो और दुकानें खाली करो, अन्यथा वही अंजाम होगा जो दो दिन पहले मुसाफिर खाने की बगल में बनी मार्केट का हुआ है। दबंगों की इस धमकी के चलते दुकानदार सहमे हुए हैं। खौफ का आलम यह है कि प्रेस मीडिया के सामने भी मुंह खोलने को तैयार नहीं हैं।

पुलिस-प्रशासन ने 13 अगस्त को बदायूँ दरवाजा हसनपुर रोड स्थित राहत अली, हसीब खान, नावेद खान, अदनान शकील, अनस, मुशर्रफ अली, मुस्तकीम, आसिम, जमीर, तालिब व असगर खान आदि की किराएदारी वाली दुकानों को बुल्डोजर से ढहा दिया था। जिससे इन किराएदारों को भारी क्षति पहुंची थी और उन्हे अपने परिवार की जीविका चलाने में दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर आए किराएदारों के परिवार में मातम का माहौल है और दनके परिवार की महिलाओं के ऑसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं, लेकिन जिन दबंग लोगों की मिली भगत से यह गैर कानूनी कार्यवाही अंजाम दी गई है उसके लिए पुलिस-प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं,क्योंकि जिन भूस्वामियों को कानूनी नोटिस दिया जाना चाहिये था उसके बजाए राजस्व विभाग ने किराएदारों को निशाना बनाते हुए ध्वस्तीकरण की कार्यवाही को अंजाम दे दिया। हालांकि दुकान मालिक व किराएदारों के बीच दीवानी न्यायालय में अस्थायी निषेधाज्ञा का मुकदमा आज भी विचाराधीन है। दिलचस्प बात यह है कि लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता द्वारा हस्ताक्षरित नोटिस राजस्व लेखपालों ने दुकानों पर रात के अंधेरे में चस्पा किया था और सुबह होते ही दुकानों को जमींदोज कर दिया गया था। जबकि पूर्व में न्यायालय अपर जिलाधिकारी प्रशासन मुरादाबाद द्वारा सरकार बनाम हाजी बुंदू मामले में अपने आदेश दिनांक 23.08.94 में रोड साइड लैंड कन्ट्रौल एक्ट 1943 की धारा 2(3) व 13(2) के अर्न्तगत स्पष्ट कहा गया है कि नगर पालिका क्षेत्र लोक निर्माण विभाग की नियंत्रित सीमा से बाहर है। इसके प्रावधान यहां लागू नहीं होते हैं। परन्तु इसके बावजूद राजस्व विभाग के अफसरों ने सपा के एक पूर्व नगराध्यक्ष से मिलकर किराए की दुकानों को ध्वस्त कर भूमाफिया को फायदा पहुंचाने के लिए सभी नियम कायदों और कानून को ताक पर रख दिया। सूत्रों का कहना है

### गरीब किराएदारों की रोजी रोटी छीनने के बाद अब मुसाफिरखाना के सामने वाली मार्केट पर गढ़ी नज़रें

कि इस योजना में फरार चल रहा भाजपा का एक अन्य भूमाफिया भी शामिल है। जिसके विरूद्व पीड़ित दुकानदार तमाम अफसरों से न्याय की गुहार लगा चुके हैं। गम्भीर विषय यह है कि इन भूमाफियाओं की नजर अब मुसाफिर खाने के सामने बनी मार्केट पर गढ़ गयी है कि इसका स्वामित्व भी एक भूमाफिया के नाम दर्ज है और वह बिना किसी विधिक कार्रवाई के इन किराएदारों को भी बेदखल करने की जुगत में है। देखना है कि अब इन दबंगों की योजना को सफल बनाने के लिए राजस्व विभाग कब तक सक्रिय होता है और कानून के राज को ठेंगा दिखाते हुए ध्वस्तीकरण की कार्यवाही को अंजाम देगा। कुछ दुकानदारों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कथित भूस्वामी ने उन्हे धमकी दी है कि अगर दो लाख रूपये लेकर दुकानें खाली नहीं की तो उनके खिलाफ भी उसी तर्ज पर पुलिस-प्रशासन से कार्रवाई करा दी जायेगी जिस तरह गत 13 अगस्त को आनन-फानन में दर्जन भर से अधिक दुकानों को नेस्तोनाबूद कराकर उसका नामो निशान मिटाया जा चुका है।

# फतेहपुर में लोकतंत्र व व्यवस्था पर सीधा हमला: बर्क

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में हाल ही में हुई सांप्रदायिक हिंसा पर समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने अनेको सवाल उठाए हैं। उन्होंने प्रशासन की भूमिका पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि वीडियों में दिखने वाले चेहरों की संलिप्तता सामने आने के बाद भी कोई खास कार्रवाई नहीं की गई है।

अपने दीपा सराय स्थित आवास पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने कहा कि कहा कि जब सम्भल में एक घटना हुई थी, तब मैं हजारों किलोमीटर दूर था, लेकिन फिर भी मेरा नाम रिपोर्ट में दर्ज कर दिया गया था। लेकिन फतेहपुर में जिन लोगों को कैमरे में साफ देखा जा सकता है, उन्हें बचाया जा रहा है। उन्होने सवाल किया कि क्या यही न्याय है? उन्होंने इस घटनाक्रम को प्रदेश की कानून व्यवस्था और लोकतंत्र पर सीधा



हमला करार दिया। बर्क ने सवाल उठाया कि जब साक्ष्य मौजूद हैं, तो कार्रवाई में देरी क्यों? हकघनून सबके लिए बराबर होना चाहिए। सांसद ने कहा कि यदि अपराधी कैमरे पर मौजूद हैं और फिर भी उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जा रहा, तो यह पूरी न्याय प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाता है। उन्होंने प्रशासन पर धर्म और राजनीति की आड़ में पक्षपात का आरोप लगाया। 'कानून देश के हर नागरिक के लिए एक जैसा होना चाहिए। यदि किसी ने गलती की है, तो उसका ैसला अदालत को करना चाहिए, न कि भीड़ को या सत्ता को। दोषियों को बचाना लोकतंत्र के लिए घातक है। सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने कहा कि आम आदमी से छोटी सी गलती हो जाए, तो तुरंत रिपोर्ट दर्ज होती है। लेकिन इस मामले में नामजद आरोपी कैमरे में हैं, फिर भी बचाए जा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर यह सिलसिला यूं ही चलता रहा तो जनता का भरोसा सिस्टम से उठ जाएगा। जनता से शांति बनाए रखने की अपील प्रेस कान्फ्रेंस के अंत में सांसद ने उत्तर प्रदेश की जनता से शांति बनाए रखने की अपील की, लेकिन यह भी जोड़ा कि अगर प्रशासन निष्पक्ष कार्रवाई नहीं करता, तो पूरे देश में गलत संदेश जाएगा।उन्होने कहा कि जो लोग धर्म के नाम पर समाज को बांटने की कोशिश कर रहे हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाना चाहिए। अगर सरकार दोषियों को बचाती है, तो यह लोकतंत्र का अपमान

## जंजीरी मातम कर किया लहूलुहान

**सम्भल।** नगर के निकटवर्ती ग्राम नूरियों सराय में चैहलुम का मातमी जुलूस मौहल्लाष्ट नूरियों सराय स्थित इमाम बाड़ा सगीर हसन से बरामद हुआ। अज़ादारों ने गमे हुसैन में जंजीर का मातम कर अपने शरीर को लहूलुहान किया।

इमाम हुसैन ओर उनके 72 साथियों का आज गमज़दा माहौल में मातमी जुलूसे चैहलुम नूरियों सराय में निकाला गया। जिसमें अलमों शबीहे ताबूत ओर इमाम हुसैन की सवारी दुलदुल शामिल थे। जिनकी नम आंखो के अज़ादार ज्यारत कर रहे थे। हुसैनी चौक में अंजुमने फरोगे अज़ा के अज़ादारों ने जंजीरी मातम करते हुए अपना खून बहाकर यह साबित किया कि अगर कर्बला में हम होते तो इमाम हुसैन पर कुर्बान हो जाते। जंजीरी मातम करते छोटे-छोटे बच्चों की देखकर अज़ादारों के साथ अन्य लोगों की आंखे नम हो गई। हुसैनी चौक से मातमी जुलूस इमाम बाड़ों में होकर देर शाम कर्बला पहुंचा। जहां फातेहा पढ़ी। इससे पूर्व इमामबाड़ा फरमान हुसैन और नम्बरदारान में मजलिसे बरपा की गई।

# गमगीन माहौल में निकला शहीदों के चेहलुम का जुलूस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** बेमिसाल शहादतों में शामिल हज़रत इमाम हुसैन व उनके 72 जां निसार साथियों के चैहलुम के जुलूस में क्षेत्र से बरामद होने वाले ताज़िये शामिल हुए। जबकि सोगवराने हुसैन अज़ादार जुलूस में मौजूद रहे। कड़ी सुरक्षा व गमगीन माहौल में निकाला गया ताज़ियों का जुलूस अपने निर्धारत परम्परागत मार्गो से गुज़रने वाले ताज़िये और मेंहदियों को देखने के लिए सड़क किनारे भारी संख्या में लोग जमा रहे। शहर के अलग-अलग मौहल्लों नूरियों सराय, सैफ खा सराय, मंडी कागजी सराय तथा चौधरी सराय, नाला व बरेली सराय के ताजिये नगर के अस्पताल चौराहे से इकटठा होकर बाल विद्या रोड से एजेंटी तिराहा से चमन सराय पहुंचकर स्टेट बैंक तिराहे पर एक विशाल जुलुस में परिवर्तित हो गया। आर्य समाज रोड से खग्गू सराय होते हुए नाखासा तिराहा पर पहुंचकर मिलाप व नजर पेश कर चेहलुम का जुलुस सम्पन्न हुए, जबकि कुछ ताजिये कर्बला भी पहुंचे। जुलूस में किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो इसके लिए पुलिस-प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गए। जूलूस शांति पूर्वक और समय से सम्पन्न होने पर पुलिस-प्रशासन ने राहत की सांस ली। इस दौरान उपज़िलाधिकारी विकास चन्द्र, सहायक पुलिस अधीक्षाक/सी ओ आलोक कुमार भाटी, भ्रमण कर स्थिति का जायज़ा लेते रहे,जबकि एएसपी राजेश कुमार श्रीवास्तव पल-पल की जानकारी अधीनस्थों से हासिल करते रहे। शहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक गजेन्द्र सिंह अधीनस्थो के साथ जुलूस के समय में मौजूद रहे। जिलाधिकारीडा. राजेन्द्र पैंसिया और पुलिस अधीक्षक के के विशनोई भी जुलूस में शांति व्यवस्था आदि की जानकारी लेते रहे।

### शांति पूर्वक जुलूस पर ली राहत की सांस

## गमगीन माहौल में मनाया कर्बला के शहीदों का चैहलुम

**सिरसी।** नवासा ए रसूल हजरत इमाम हुसेन और उनके अजीजों अन्सारों का चैहलुम कस्बे के अलावा अकीदत के साथ गमगीन माहौल में मनाया गया। कस्बे के मौहल्ला शर्की व गर्बी के इमामबारगाहों से शबीहे जुलजुनाह व अलमे मुबारक के जुलूस बरामद किए गए। ज्यारत के लिए अकीदतमंदों का सैलाब उमड़ पड़ा। जुलूस में मातमी अंजुमनों ने नौहाख्वानी व मातम किया। गौर तलब है कि कर्बला के शहीदों का चैहलुम हर साल की तरह इस साल भी मनाया गया। जुलूस में कस्बे के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी आए लोगो ने शिरकत की। कर्बला के प्यासे शहीदों की याद में जगह-जगह, शरबत व चाय की सबीले लगाई थी। शांति व्यवस्था के मददेनजर चौकी प्रभारी मौ. शाह फैसल, उपनिरीक्षक धीरेन्द्र सिंह हमराहियों व पीएसी जवानों के साथ मौजूद रहे। जुलूस शर्की व गर्बी की कर्बला पर जाकर नम आंखों के साथ बढ़ा दिए गए।

## जुलूस में घुसे सांड ने उत्पात मचाकर किया लहूलुहान

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** भीड़ भाड़ वाले कर्बल के शहीदों की याद में निकल रहे चैहलुम के जुलूस में घुसे सांड ने अफरा-तफरी का माहौल कर दिया जबकि कई को पटखनी देकर लहूलुहान कर दिया। जिम्मेदार खामोश बने रहे।

शुक्रवार को कर्बला के शहीदों की याद में चैहलुम का जुलूस निकाला जा रहा था। जुलूस नखासा में पहुंचा तभी अचानक दौड़ लगाता और उछलकूद करता हुआ एक सांड जुलूस मे पहुंच गया। सांड ने ऐंसा उत्पाद मचाया कि कईयो को पटख दिया। जिससे जुलूस में कुछ देर को अफरा तफरी मच गयी जबकि कई लहूलुहान हो गये। लेकिन वहां मुस्तैद पुलिस के जवान और अन्य जिम्मेदार तमाशबीन बने रहे। न ही सांड स्वामी के विरूद्व कोइ कायवाही की गई। अब सवाल यह है कि जब बड़ी घटना हो जाती तो फिर कौन जिम्दार बनता।

## एक नज़र इधर भी

### खाद की दुकान से बाइक चोरी

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** यूरिया खाद की दुकान से दवा लेने गए ग्रामीण की बाइक चोरी हो गयी। पीड़ित ने घटना की तहरीर थाना बबराला में दी है। पीड़ित ने तहरीर में कहा है कि दिनेश पुत्र दामोदर निवासी पतेई नासिर थाना रजपुरा 14 अगस्त को समय लगभग शाम 05:10 बजे ग्राम बसन्तपुर डांडा स्थित एग्री जंक्शन केन्द्र से यूरिया खाद व दवाई लेने गया।उसने अपनी बाइक खडी करके दवाई खरीदने लगा। कुछ देर बाद उसने दुकान से उतरकर अपनी बाइक देखी तो बाइक नही थी। उसने काफी तलाश इधर उधर की लेकिन कोई पता नहीं चला है। उसकी बाइक अज्ञात चोर चोरी कर ले गया।कानूनी कार्यवाही करें। पुलिस ने कहा कि घटना की जांच कर कार्यवाही की जायेगी।



बबराला- राष्ट्रीय गौरव सम्मान हासिल करती ममता राजपूत

### ममता राष्ट्रीय गौरव सम्मान से सम्मानित

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप की संचालिका डा. ममता राजपूत को स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया।नगर के लोगों हर्ष व्यद्र किया। नगर बबराला निवासी डा. ममता राजपूत को स्वतंत्रता दिवस पर ममता राजपूत को राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम एस फाउंडेशन द्वारा एनडीएमसी कन्वोकेशन सेंटर नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। जिसमें भारत के प्रत्येक राज्य से एक-एक व्यक्तियों को राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया। जिन्होंने उत्कृष्ट कार्य एवं अपने जिला में संस्कृति को लेकर कार्य किया है।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीएच रिटायर्ड ऑफिसर इंडियन एयर फोर्स जीपी कैप्टन रमेश चन्द्र त्रिपाठी रहे।एस फाउंडेशन के फाउंडर कमल चौधरी,नैपाल से आये अतिथि भी उपस्थित रहे। डा. ममता राजपूत ने बताया कि उनको विलुप्त कलाओं को जीवित करने के लिए एवं सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यो को करने के लिए राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया। उनको ममता राजपूत स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र व मेडल बनाकर राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया। उनके सम्मानित होने पर डा. राहुल यादव, डिम्पल वार्ष्णेय, बुद्वसेन राजपूत, पूजा, योगेन्द्र राजपूत, मिस्टी, नितिन वार्ष्णेय आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

### बादल फटने से लोगों की मौत पर शोक

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के चोसिटी गाँव में भीषण बादल ?टने से कम से कम 60 लोगों की मौत हो गई है।उनके निधन पर शोक व्यक्त किया।

भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष शिखर गोयल ने कहा कि तीर्थ यात्रियों की मौत दु:खद है। इस घटना में सौ से ज्यादा घायलों को अच्छी चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जाये। मलबे और कीचड़ में फंसे दर्जनों लोगों को निकालने के लिए बड़े पैमाने पर बचाव अभियान चलता रहे।लापता लोगों का पता लगाया जाये। शोक व्यक्त करने वालों में मनोज यादव, बीरेश कुमार, दिनेश कुमार, उमेशचंद्र आदि रहे।

## घर-घर सजाये भगवान श्री कृष्ण के झूले

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** नगर में जन्माष्टमी पर्व पर सभी मंदिरों को झालरों से सजाया गया। घरों में श्रीकृष्ण भगवान के झूले सजाये गए। सभी ने व्रत रखकर पूजा अर्चना की।

नगर के सन्तोषी माता श्रीबाँकेबिहारी मन्दिर के पण्डित श्याम बिहारी ने बताया कि भगवान् श्री कृष्ण को अलग अलग स्थानों में अलग अलग नामो से जाना जाता है। उत्तर प्रदेश में कृष्ण या गोपाल गोविन्द इत्यादि नामो से जानते है।जबकि राजस्थान में श्रीनाथजी या ठाकुरजी,महाराष्ट्र में बिठल के नाम से, उड़ीसा में जगन्नाथ के नाम से जाने जाते है। उन्होंने बताया कि गोविन्द या गोपाल में 'गो' शब्द का अर्थ गाय एवं इन्द्रियों, दोनों से है। गो एक संस्कृत शब्द है और श्रृग्वेद में गो का अर्थ होता है मनुष्य की इंद्रिया। जो इन्द्रियों का विजेता हो जिसके वश में इंद्रिया हो वही गोविंद है गोपाल है। श्री कृष्ण के पिता का नाम वसुदेव था इसलिए इन्हें आजीवन 'वासुदेव' के नाम से जाना गया। श्री कृष्ण के दादा का नाम शूरसेन था। श्री कृष्ण का जन्म उत्तर प्रदेश

### व्रत रखकर की पूजा

के मथुरा जनपद के राजा कंस की जेल में हुआ था। श्री कृष्ण ने 16 हजार राजकुमारियों को असम के राजा नरकासुर की कारागार से मुक्त कराया था और उन राजकुमारियों को आत्महत्या से रोकने के लिए मजबूरी में उनके सम्मान हेतु उनसे विवाह किया था। क्योंकि उस युग में हरण की हुयी स्त्री अछूत समझी जाती थी और समाज उन स्त्रियों को अपनाता नहीं था।। श्रीकृष्ण की मूल पटरानी एक ही थी जिनका नाम रुक्मणी था जो महाराष्ट्र के विदर्भ राज्य के राजा रुक्मी की बहन थी।श्रीकृष्ण के कुलगुरु महर्षि शांडिल्य थे। श्रीकृष्ण का नामकरण महर्षि गर्ग ने किया था। इनकी लीलाओं को सभी जानते हैं।मन्दिरों में श्र)ालुओं ने गीत व भजन किये।मन्दिरों को खूब सजाया गया।चामुंडा मन्दिर,कृष्ण-शिव मंदिर आदि मन्दिरों में पूजा की गई। इस दौरान अतुल गोयल, पूजा गोयल, कार्तिक गोयल, कपिल गोयल, गार्गी गोयल, चित्र, संजय, नीरज, लक्ष्मीकांत शर्मा आदि रहे।

## साम्प्रदायिक सदभाव मेले में पहलवानों ने दिखाए दांवपेंच

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** साम्प्रदायिक सदभाव की मिसाल मेले में पहलवानों के जौहरों का मेलार्थियो ने जमकर लुत्फ लिया। जबकि बच्चे और महिलाओं ने चांट पकौड़ी और झूलों का आनंद लिया।

पंवासा विकास खंड क्षेत्र के फत्तेहपुर उत्तमा में रक्षाबंधन हिंदू मुस्लिम एकता के उपलक्ष्य में साम्प्रदायिक सदभाव और भाईचारे की मिसाल हर वर्ष मेले का आयोजन होता है। मेले का ग्राम प्रधान सत्यवीर सिंह ने फीता काटकर दंगल का शुभारंभ किया। मेले में दर्शकों ने पहलवानों के बीच हो रही कुश्ती का खूब आनंद लिया और कुश्तियां पर बड़ी-बड़ी शर्तें लगाई गयी। जबकि विरोधी पहलवान को चित्तकर बाजी मारने वाले पहलवान को पुरस्कार व एक मुश्त धनराशि देकर ग्राम प्रधान सत्यवीर सिंह ने पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। मेले में दूर-दराज से महिलाएं व पुरुष और बच्चों ने जमकर आनंद लिया। जबकि मेला देखने आये हैं बच्चों ने खेल खिलौनों की खरीदारी कर माता-पिता की जेब ढीली करायी और चरक पर झूलों का लुत्फ लिया। महिलाओं ने सौन्दर्य प्रसाधनों का सामान की खरीदारी की और चांट पकौड़ी का आनंद लिया। साम्प्रदायिक सदभाव की मिसाल मेले में पहुंचे सभी सम्प्रदाय के लोगों ने अपने मनपसंद के सामान की खरीदारी की और पहलवानों के बीच हुई कुश्ती के पहलवानों के जौहरों पर जमकर तालियां बजाकर प्रोत्साहित किया। मेले में आए श्रृद्वालुओं ने गोगा जाहरवीर की मूर्ति पर प्रसाद चढ़ाकर मन्नत मांगी। सुरक्षा की दृष्टि से मेले में पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान ग्राम प्रधाान सत्यवीर सिंह, देशराज सिंह, लीलाधर पाल, जयपाल सिंह, जसवंत सिंह, सचिन कुमार शर्मा, मुकेश कुमार पाल, सुरेश कुमार व सैकड़ों की संख्या में भीड़ मौजूद रही।

### 72 मेधावी छात्राओं को मिली छात्रवृत्ति

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** 79 वॉं स्वतंत्रता दिवस पर केनरा बैंक, लीड बैंक, सम्भल द्वारा सामाजिक जिम्मेदारी के तहत 12 स्कूलों में 72 मेधावी अनुसूचित जाति छात्रओं को कुल 288000 की धनराशि उनके खाते में प्रदान की गई। इस मौके पर सम्भल जिले के कुल 12 शाखाओ द्वारा 288000 की धानराशि मेधावी छात्राओं को प्रदान की गई। केनरा बैंक हर साल केनरा विद्या ज्योति स्कीम के तहत मेधावी अनुसूचित जाति छात्राओं को हर एक ब्रांच द्वारा 24000 रुपए की धानराशि प्रदान की जाती है।

## जन्माष्टमी पर जगह-जगह हुआ श्रीकृष्ण लीला का मंचन

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** नगर एवं देहात क्षेत्रो में भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंदिरों को दुल्हन की तरह सजाया। जबकि जगह-जगह कृष्ण लीला का मंचन हुआ। नन्हे-मुन्ने बच्चो ने कृष्ण वेश में सजे-धजे दिखायी दिए। जबकि मनमोहक झांकियो ने सभी को आकृषित किया।

सोमवार को जन्माष्टमी पर्व हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया गया। नगर एवं देहात क्षेत्र के मंदिरों को आकृषक रंग बिरंगी लाईटों से दुल्हन की तरह सजाया गया। जबकि जगह-जगह सजी आकृषक झांकियो ने सभी का मन मोह लिया। नगर के पंजाबी मंदिर, कल्कि विष्णु मंदिर पंजाबी मंदिर ओर चामुंडा देवी मंदिर पर जल बुझ रही लाईटें रोशन की छटा बिखेर रही थी। देर रात तक कृष्ण रूप धरे नन्हे-मुन्ने बच्चे माता-पिता संग मंदिरों के दर्शन और एक दूसरे को आकृषित कर रहे थे। सनातन धर्म पंजाबी मंदिर में जन्मोत्सव को लेकर विशेष उत्साह है। समिति की ओर से मंदिर को सुंदर ढंग से सजाया गया। इस बार राधा कृष्ण, सीताहरण, माता वैष्णों, गोपी वीर हरण आदि सुसज्जित झांकियों के अलावा विशेष झांकी में पाकिस्तान की क्रूरता को प्रर्दशित कर रही झांकी विशेष आकृषण का केन्द्र रही। जबकि मध्य रात्रि भजन कीर्तन व सांस्कृतिक कायक्रम में श्रृद्वालुओ ने जमकर आनंद लिया। वहीं भजन कीर्तन के लिए स्थानीय और बाहरी कलाकारो ने श्रृद्वालुओं के बीच भक्ति रस की धारा बहायी। यदुवंशी सेवा समिति द्वारा आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी समारोह का भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। समारोह में संस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### सकूल, कॉलेजों, सरकारी, अर्द्ध सरकारी कार्यालयों, स्वयं सेवी संस्थानों और निजि व राजनीतिक कार्यालयों पर फहराया गया राष्ट्रीय ध्वज

# देश भक्ति से ओत प्रोत गीत और नाटकों संग मना स्वतंत्रता दिवस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** 'सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा, अपनी आजादी को हम हरगिज भुला सकते नही, 'जनगण मन अधिनायक जया है, सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है, मेरे देश की धरती सोना उगले, ऐ मेरे वतन के लोगों ज़रा आंख में भर लो पानी, जो शहीद हुए हैं उनकी याद ज़रा याद करो कुर्बानी' मेरा रंग दे बसंती चोला, यह मेरा वतन है मेरा चमन मैं अपने चमन का बुलबूल हूँ देश भक्ति से ओत-प्रोत गीत व नाटकों के बीच देश के लिए मर मिटकर आजादी दिलाने वाले मतवालों की यादों को स्कूल कालेज के नन्हें-मुन्ने छात्र-छात्राओं ने ताजा कर दिया। जबकि सरकारी अर्द्वसरकारी, राजनैतिक एवं धार्मिक तथा व्यापारिक संगठनों के कार्यालयों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर आयोजित कार्यक्रमों में आज़ादी के मतवालों की कुर्बानियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर शिक्षण,धार्मिक संस्थाओं, सरकारी अर्द्व सरकारी कार्यालयों, सामाजिक, राजनैतिक, व्यापारिक संगठनों एवं सिविल कोर्ट आदि











भवनों पर ध्वजारोहण कर देश की आजादी के लिए कुर्बान हुए मतवालों को श्रृद्धांजली अर्पित की और अमर शहीदों के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डाला। तहसील भवन, एआरटीओ कार्यालय, एडीएम कार्यालय, एसडीएम कार्यालय, इंडिया फ्रोजन फूडस हाजी इमरान कुरैशी, ने झंडा फहराया, शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज में कुलदीप एरन, एसपी गम्भीर ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया जबकि प्रधानाचार्य नरेन्द्र सिंह बर्तवाल ने संचालन किया। इस दौरान प्रबंध समिति के सभी लोग शामिल रहे। राष्ट्रीय सदभावना मंच गौ प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक हाजी नुसरत इलाही ने अपने कार्यालय पर झंडा फहराया। तत्पश्चात उन्होने तिरंगा रैली निकालकर अमर शहीदों को श्रृद्वांजलि दी। ज़िला संयुक्त चिकित्सालय में सीएमएस डा. राजेन्द्र सैनी ने ध्वजारोहण कर आजादी के शहीदों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर डा. अजफर कमाल, डा. धर्मेश, देवेश दीक्षित, सुरेश पाल सिंह, के के हटवाल आदि मौजूद रहे। सुशीला सक्सैना अस्पताल पर डा. यू सी सक्सैना ने झंडा फहराया। इस मौके पर शांतनु सक्सैना, निधि सक्सैना, संजय वार्ष्णेय, डा. शहज़ाद बॉडी लाइन सेंटर पर डा. शहज़ाद ने जबकि लाईफ लाइन पैथेलोजी लैब पर शकील अहमद ने झंडा फहराया। मिशन इंटर नेशनल एकेडमी में बच्चों की रंगा-रंग और देश भक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियो ने मन मोह लिया। प्रबंधक मुशीर खां तरीन व बुज़ुर्ग शायर सुल्तान मौहम्मद खां कलीम ने संयुक्त रूप से झंडा रोहण किया। बसपा के नेता हाजी रफतुल्ला उर्फ नेता छिददा ने अपने कार्यालय पर झंडा फहराया। एसएनम पब्लिक स्कूल में प्रबंधक ज़काउल्लाह ने झंडा फहराया। बच्चों ने आपरेशन सिंदूर नाटय प्रस्तुति से भारतीय सेना के शौर्य साहस और पराक्रम का प्रर्दशन किया। इस मौके पर बागीश, अरीबा, सानिया, शकीबा, आदि मौजूद रहे। कांग्रेस के जिला कायालय पर जिलाध्यक्ष हाजी आरिफ तुर्की ने झंडा फहराया। सिल्वेंजा अस्पताल पर चैयरमेन हाजी इसरार ने झंडा फहरायाइस दौरान डा. शम्सतबरेज, डा. बुशरा आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे। जबकि नगर पंचायत सिरसी के कायालय पर चैयरमेन कौसर अब्बास ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर लिपिक मौहम्मद रईस और सभासद व कर्मचारी मौजूद रहे।जबकि आर्युवेदिक चिकित्सालय, होम्योपैथिक चिकित्सालय, बहमन पब्लिक स्कूल, भारतीय स्टेट बैंक, यूनिटि चिल्ड्रैन एकेडमी, पशु चिकित्सालय, डाकघर, एन आर इंटर कॉलेज, आई एम इंटर कॉलेज आदि शिक्षण संस्थानों में भी ध्वजारोहण किया। शेरवुड इंटरनेशनल स्कूल में स्वतंत्रता दिवस बड़े जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। स्कूल में देश भक्ति से ओत-प्रोत रंग रंग पुस्तुतियों के बीच मनाया गया। बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर देश के वीर शहीदों को नमन किया। किसी ने तिरंगा झंडा बनाया, तो किसी ने झंडे पर सुंदर रंग भर दिए। कई बच्चों ने आकर्षक काड्र्स और प्रेरणादायक पोस्टर्स तैयार किये। जिनमें देशप्रेम की झलक साफ़ दिखाई दी।इस मौके पर डायरेक्टर मौ. यूनुस ने ध्वजारोहण किया जबकि बागीशा आदि शिक्षिकाओं ने सहयोग किया।

# नगर पालिका परिषद कार्यालय पर किया ध्वजारोहण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर नगर पालि. का परिषद बिलारी में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव एवं सभी सभासद गणों ने नगर पालि. का परिषद कार्यालय पर ध्वजारोहण किया और हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपने संबोधन में बिलारी नगर में हो रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि पिछले लगभग 15 वर्षों से ठप पड़ा विकास अब तेज गति से आगे बढ़ रहा है, जिसका श्रेय वर्तमान पालिकाध्यक्ष को जाता है। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष रघुराज सिंह यादव ने कहा कि बिलारी नगर में कार्यों की आवश्यकता इतनी अधिक है कि करोड़ों रुपये के कार्य कराएं जाने के बाद भी बहुत कुछ शेष प्रतीत होता है। उन्होंने बताया कि जलभराव की समस्या पर लगातार काम जारी है और शीघ्र ही इस पर भी पूरी तरह नियंत्रण पा लिया जाएगा।पालिकाध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक नगर की लगभग 100 सड़कों का निर्माण हो चुका है तथा कई सड़कें स्वीकृत होकर टेंडर प्रक्रिया में हैं। इसी के साथ अनेक बड़े नालों की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है और अन्य पर कार्य प्रगति पर है।नगर की सुंदरता के संबंध में उन्होंने बताया कि लगभग तीन पार्कों में कार्य चल रहा है तथा हाईवे पर लगी झिलमिलाती लाइटों की कतार एवं नया सेल्फी प्वाइंट नगर की शोभा बढ़ा रहे हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा मैं पूरी मेहनत कर रहा हूं,आप साथ दें, निराश न हों जितना सम्भव होगा, मैं अधिक से अधिक कार्य कराऊंगा। इस अवसर पर विजय राणा कलाकार द्वारा देश भक्ति गीत बहुत ही सुंदर ढंग से प्रस्तुती की।नगर पालिका परिषद बिलारी कार्यालय पर 15 अगस्त के कार्यक्रम



की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव और संचालन सामाजिक कार्यकर्ता संजय सक्सेना द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभासद देवेश शर्मा, राकेश यादव,निहाल सिंह, ब्रजरतन प्रजा. पति, प्रवेश कुमार, पूर्व सभासद कासिम अंसारी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता एडवोकेट, धर्मेंद्र गांधी, गीता शर्मा ,डॉक्टर राजीव सैनी, जगत नारायण शर्मा, छविराज चावला, सुधा शर्मा, सुरेंद्र कुमार शर्मा, मीना गुप्ता, राशि शर्मा,विनीत गुप्ता, डॉ विश्वास शर्मा, डॉक्टर मदन बंसल, वाजिद अंसारी, डॉक्टर जितेंद्र दक्ष, डॉ राकेश रफीक,भारत सिंह, मास्टर लटूरी सिंह, योगी कुमार प्रदीप, आफाक हुसैन एडवोकेट, अजय पाल सिंह एडवोकेट, चौधरी उदयपाल सिंह, आनंदी प्रजापति, सुखबीर सिंह यादव इसके अलावा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव के परिवार के लोग एवं सभी पत्रकार बंधु,सभी वार्ड के सभासद गण, नगर पालिका परिषद का सभी स्टाफ,कर्मचारी गण ,सफाई कर्मी एवं नगर के गणमान्य नागरिक भारी संख्या में उपस्थित थे। बाद में नगर पालिका परिषद द्वारा मिष्ठान वितरण भी किया गया।

# हजरत इमाम हुसैन के गम में आजादारों की आंखें हुई नम

## चेहल्लुम के मौके पर शिया समुदाय के लोगों ने निकाला जुलूस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** शुक्रवार की सुबह से ही हजरत इमाम हुसैन के चेहल्लुम के सिलसिले मे शिया समुदाय के इमामबाडो व आजाखानो मे मजलिसों व मातम का सिलसिला शुरु हो गया था तथा 18 बनी हाशीम के शबीहे ताबूत निकले तो आजादारों की आँखे नम हो गई तथा दोपहर बाद चेहल्लुम का मुख्य मातमी जुलूस शिया समुदाय के इमामबाड़ों से अलम् व् ताजिओ के साथ् शुरु हुआ तथा इल्यास हुसैन रिजवी के इमामबाड़े से जुल्जिनाह (घोड़ा) नम आँखो के बीच निकला तथा जुलूस सुरेंद्र भूषण फाटक पर पहुंचा तो वंहा प्रशासन द्वारा लगी बल्ली से घोड़ा वापस होकर जकीर अहमद के आजाखाने मे पहुंचा तो महिलाओं मे कोहराम मच गया तथा शेष जुलूस अलम व ताजियों के साथ कर्बला की ओर रवाना हो गया।

जुलूस के दौरान हुसैन जिन्दाबाद् हिन्दुस्तन् जिन्दाबाद् ने नारे गुजे मौलाना नय्यर रजा नकवी व अजहर



अब्बास नकवी ने हजरत इमाम हुसैन की शहादत ब्यान की तथा अंजुमन हुसैनी, अंजुमन अकबरी, अंजुमन शाने हैदरी, अंजुमन अलमूर्तजा व जरी अब्बास रिजवी ने नोहा ख्वानी की। नगर के बस स्टेंड स्थित अहले सुन्नत के सदर इमामबाड़े से अहले सुन्नत का जुलूस शुरु हुआ जुलूस मे ताजिए अलम व डोल शामिल था तथा जुलूस मे अहले सुन्नत हजरत इमाम हुसैन के शहादत नामे पढ़ते व।

डोल बजाकर हजरत इमाम हुसैन की जीत का एलान करते चल रहे थे। देर शाम शिया व अहले सुन्नत का जुलूस नगर स्थित कर्बला पर पहुंचा ओर ताजीय दफन की।

# स्वतंत्रता दिवस पर नितिन कुमार गुर्जर ने निकाली तिरंगा रैली



**कांठ।** अखिल भारतीय गुर्जर महासभा जनपद मुरादाबाद के जिलाध्यक्ष नितिन गुज्जर द्वारा 79 वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तृतीय तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ 116 वर्ष की आयु के शिव नारायण सिंह विश्नोई निवासी जेबडी तहसील कांठ ने फीता काटकर किया। तिरंगा यात्रा कांठ न्यू बस स्टैंड से शुरू होकर कस्बा कांठ से नया गांव अकबरपुर, मल्ली वाला,खूंटखेड़ा, बेगमपुर होते हुए ध्यानपुरा शेरपुर रुस्तमपुर से रसूलपुर चौहरा से सराय खजूर सम्पन्न हुई। तिरंगा यात्रा में हजारो की संख्या में बाइक सवारों ने प्रतिभाग किया।

# लब्बैक या हुसैन दिल का चैन, या हुसैन की गूंजी सदाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** यौमे चेहलूम पर एक ताजियती जुलूस नियाजी वैल्फेयर सोसायटी की जानिब से निकाला गया जो काशानाऐ नियाजीष जिया मंजिल फैज गंज से कन्चन स्वीट रोड,से इंदिरा चौक गलशहीद चौराहा होता हुआ करबला शरीफ पहुँचा। जिसकी सरपरस्ती खानकाहे नियाजिया के सज्जादा नशीन हजरत अल हाज शाह मोहम्मद मेंहदी मियाँ निजामी नियाजी साहब किब्ला ने फरमाई और कयादत हजरत सय्यद सलमान मियाँ नियाजी साहब ने फरमाई आज 20 सफर ष्चेहलुमष पर काशानऐ नियाजीष जिया मंजिल में सय्यद सलमान मियाँ नियाजी साहब ने खुसूसी दुआ फरमाई दुआ के बाद एक जुलूस निकाला गया।

इस जुलूस में हर साल की तरह इस साल भी शामिल हुए लोगों ने हरे रंग के कपड़े और हरे रंग की टोपी पहन रखी थी और हाथों में परचमे इमाम हुसैन बुलन्द किये हुए थे सभी की आँखे नम और लबों पर लब्बैक या हुसैन की सदाये जारी थी।

जुलूस में मौजूद बच्चों में जज्बा और इमाम हुसैन अलै0 से मुहब्बत और अकीदत का रंग देखने के काबिल था रास्ते में कई स्थानो पर सबीलो का एहतमाम किया गया था। जिसमें जुलूस में शामिल लोगों को शर्बत तकसीम किया गया। सय्यद तकी



मियाँ, सय्यद फरीद मियाँ एडवोकेट, सय्यद ताबिश मियाँ सय्यद उबैद मियाँ,सय्यद इरतेजा मियाँ ,सय्यद इमरान मियाँ,सय्यद नुरुल मियाँ, सय्यद हसनैनी मियाँ, अली हसन मियाँ,मियाँ,मुजतबा मियाँ,अहमद मियाँ, के साथ साथ नियाजी वैलफेयर सोसायटी के शहजाद नियाजी ,नदीम नियाजी,जमीर नियाजी,आजम नियाजी (बब्बू) नाजिम नियाजी, जुबैर अली नियाजी,आजम नियाजी (बब्लू), नियाजी, वसी नियाजी हनीफ नियाजी अनस नियाजी, इरशाद नियाजी हमजा नियाजी शानू नियाजी शुऐब नियाजी, जुबैर नियाजी, अमान नियाजी, अलताफ हसन नियाजी,गुलाब नियाजी खादिम नियाजी, दानिश नियाजी,कैफ नियाजी, नाजिम नियाजी, हामिद नियाजी, फहद नियाजी तोसीफ नियाजी तेहजीब नियाजी तनवीर नियाजी हैदर नियाजी,और बहुत से अकीदत मंद हजरात जुलूस में शामिल रहे।

## एक नजर

### महानगर सपा ने धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस



**मुरादाबाद।** मकबरा दितीय पीरजादा रोड पर समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष इकबाल हुसैन अंसारी की अध्यक्षता में ध्वजारोहण किया गया। इस अक्टूबर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद डॉ० एसटी हसन ने स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि हमारे स्वतंत्र भारत का आधार हमारे वीर बलिदानियों के संघर्ष, त्याग और बलिदान पर टिका है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि हम सभी अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन कर, एक विकसित, सशक्त और समृद्ध भारत के निर्माण में योगदान दें। इस अवसर पर पूर्व विधायक हाजी यूसुफ अंसारी ने मुख्य वक्ता के रूप में सब अपने संबोधन में कहा कि 15 अगस्त भारतीयों के लिए सिर्फ आजादी मनाने का दिन नहीं है बल्कि इस दिन को मनाते हुए हमें स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद रखना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व सांसद डॉ० एसटी हसन,पूर्व विधायक हाजी यूसुफ अंसारी,महानगर अध्यक्ष इकबाल हुसैन अंसारी, नगर विधानसभा अध्यक्ष कमरुज्जमा सैफी,लालू परवेज,अनवर मुमताज, रईस अहमद आसिफ मलिक जुबेर आसिफ मलिक राजा कप्तान आसिफ अंसारी मोहम्मद तैय्यब मोहम्मद जावेद मोहम्मद इकराम मोहम्मद इस्लाम नजाकत हुसैन मोहम्मद आरिफ खुर्शीद अहमद मोहम्मद नसीम मोहम्मद यूनुस हाजी अनवर हाजी रशीद सलमान अंसारी अफजाल हुसैन मोहम्मद हसीब मोहम्मद फहीम मोहम्मद नासिर बब्बा शकील खान अहमद मुरादाबादी नवाजिद मोहम्मद शरीफ आदि लोग मौजूद रहे।

### कुन्दरकी लाइव ग्रुप ने निकाली गई आजादी रैली



**कुन्दरकी।** सामाजिक संगठन कुन्दरकी लाइव ग्रुप के बैनर तले शुक्रवार को भव्य आजादी रैली का आयोजन किया गया। इस रैली की खासियत यह रही कि इसमें मदरसों के मुस्लिम बच्चे भी बड़ी संख्या में शामिल हुए और पूरे जोश व उत्साह के साथ षहिंदुस्तान जिंदाबादष के नारे लगाए। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि यह रैली लगातार पिछले 15 वर्षों से हर साल 15 अगस्त के अवसर पर निकाली जाती है, जिसका उद्देश्य लोगों में देशप्रेम और राष्ट्रीय एकता की भावना को प्रबल करना है।कार्यक्रम का उद्घाटन कुन्दरकी थाना प्रभारी प्रदीप शेरावत ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली में शामिल बच्चे व युवा हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति गीतों और नारों से माहौल को देशभक्ति रंग में रंगते नजर आए। रैली कस्बे के मुख्य मार्गों से होती हुई विभिन्न चौकों पर पहुँची, जहाँ लोगों ने पुष्पवर्षा कर प्रतिभागियों का स्वागत किया।

आयोजन में कस्बे के अनेक गणमान्य लोग, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक भी मौजूद रहे। इस मौके पर प्रवीण भूषण, देवेश भूषण, यासीन पठान, विपुल जैन, देव सिंह सैनी, अरफी हाशमी, काजी गुड्डू, कल्लू प्रधान, खालिद खान, असलम, चांद सलमानी, सहित बड़ी संख्या में लोग मोजूद रहे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस कुलाधिपति ने किया ध्वजारोहण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में अत्यंत धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ 'स्वतंत्रता दिवस समारोह' का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व विश्वविद्यालय के कुलाधिपति राजीव कोठीवाल, प्रतिकुलाधिपति अभिनव कोठीवाल समेत विश्वविद्यालय कार्यकारिणी की सम्मानित सदस्या श्रीमती मंजू कोठीवाल एवं श्रीमती रश्मि कोठीवाल ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण करने के पश्चात् एनसीसी कैडेट्स की परेड का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर कुलाधिपति श्री कोठीवाल ने कहा कि आज का दिन हमें 'विविधता में एकता' की याद दिलाते हुए राष्ट्रवाद की भावना के साथ हमारे देश की वृद्धि और विकास में योगदान देने की प्रेरणा देता है। कुलाधिपति श्री कोठीवाल ने कहा कि



आज हम विश्वविद्यालय परिवार की ओर से आजादी दिलाने में योगदान देने वाले सभी स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों एवं क्रांतिकारियों को हृदय से नमन करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय को शिखर तक पहुंचाने तथा इसके चहुंमुखी विकास हेतु अद्यतन एवं सुदृढ़ शैक्षिक वातावरण बनाने की दिशा में हमें अनुशासित एवं एकजुट होकर सतत् प्रयासरत रहना होगा। श्रीमती रश्मि कोठीवाल ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के इस अवसर पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने देश को और ज्यादा मजबूत और समृद्ध बनाएं। इस अवसर पर आईएफटीएम विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल, प्रतिकुलपति- एक्सटर्नल अफेयर्स डॉ. राहुल कुमार मिश्रा, प्रतिकुलपति- रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट डॉ. नवनीत वर्मा, एनएसएस इकाई के समन्वयक डॉ. बी. के सिंह, आईक्यूएसी के निदेशक डॉ. राकेश कुमार यादव, डीन ऑफ स्टूडेन्ट्स वेलफेयर डॉ. अरूण कुमार मिश्र, वित्त अधिकारी डॉ. कुशल पाल सिंह एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. अनुज श्रीवास्तव समेत विश्वविद्यालय के समस्त स्कूलों के निदेशकगण, विभागाध्यक्ष, शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रतिकुलपति- एकेडमिक्स एण्ड एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. वैभव त्रिवेदी ने किया।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर गोशाला में की गायों की पूजा

**कांठ।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर नगर पंचायत कांठ द्वारा संचालित गोविंदपुर ज्ञानपुर में कान्हा गौशाला पर गौशाला प्रभारी अमित कुमार द्वारा हवन पूजन के साथ गौ पूजन किया गया। गौ रक्षा दल के विकास शर्मा द्वारा गाय को माला एवं चुन्नी ओढ़ाकर पूर्ण विधि विधान से गुड़ , फल खिलाकर पूजन का समापन किया गया। इस दौरान कृष्ण कन्हैया की छवि को भी दर्शाया गया। कार्यक्रम में आदित्य गोयल पशु चिकित्सा अधिकारी पिंकू कुमार गौशाला सहायक प्रभारी कंप्यूटर ऑपरेटर नितिन विश्नोई , निशांत कुमार ब अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।


सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
**न्यायालय श्रीमान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नम्बर-11 महोदय, जनपद-मुरादाबाद।**
**नम्बर मुकदमा**- 1032 सन् 2012
**तारीख पेशी:** 21.08.2025
बाबू उर्फ हरवा पुत्र मल्लू मरहूम निवासी मौहल्ला दांग शहर व जिला मुरादाबाद-मृतक, 1/1-दिलशाद, 1/2-शमशाद, 1/3- मौ. जाकिर, 1/4-जहांगीर पुत्रगण स्व. अल्लादिया समस्त निवासीगण दांग बारादरी मुरादाबाद उत्तराधिकारीगण 2 तक वादी बाबू उर्फ हरवा-**वादीगण।**
**बनाम**
मस्जिद खजूर वाली मौहल्ला सराये हुसैनी बेगम शहर बजरिये मुंशी खलील अहमद 75 वर्ष पुत्र मुन्ना उस्ताद निवासी मौहल्ला सराये हुसैनी बेगम दांग, मुरादाबाद-**प्रतिवादी।** हरगाह **वादी** ने आपके नाम एक एवं नालिश बावत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 21 माह 08 सन् 2025 बवक्त 10 बजे दिन के असालतान या मार्फत के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे की करे और आपको वाजिब है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते है।
आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूख और फैसला होगा। दस्तख्त मेरे व मोहर आज बतारीख 14 के माह 08 सन् 2025 को जारी किया है।
**अहलमद**
**न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोर्ट नम्बर-12, जनपद-मुरादाबाद।**


# सर्व समाज के विख्यात संत स्वामी राजेंद्रानंद महाराज का दिल का दौरा पड़ने से निधन



**कांठ।** सर्व समाज के श्रद्धेय गुरु राजेंद्रानंद महाराज का हृदय गति रुकने से निधन हो गया जिससे बिश्नोई समाज के साथ सर्व समाज में शोक की लहर दौड़ गईस शनिवार को हरिद्वार में उन्हें भू समाधि दे दी गई। उनके निधन पर हजारों लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। गुरुजी डबवाली (जिला सिरसा) में चल रहे जन्माष्टमी उत्सव की विशाल शोभायात्रा में शामिल थे, उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां उन्होंने अंतिम सांस ली सगुरु जी यहां 10 अगस्त से चल रही कथा का वाचन कर रहे थे। शुक्रवार रात को जागरण का कार्यक्रम निर्धारित था, जबकि शनिवार दिन में समापन समारोह होना था। उनके निधन से पूरे बिश्नोई समाज में शोक की लहर दौड गईस स्वामी राजेंद्रानंद जी ( 59) वर्ष के थे। भगवानपुर रेनी( बिजनौर )के रहने वाले स्वामी जी बाल्याकॉल से ही साधु संतों की शरण में चले गए थे उन्होंने देश के कोने कोने में जाकर हरि कथा की, जिसकी वजह से देश में प्रसिद्ध हो गए स उनके अचानक निधन पर उत्तर प्रदेश बिश्नोई सभा के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट प्रदीप कुमार बिश्नोई,मास्टर धर्मपाल सिंह बिश्नोई ,(उपाध्यक्ष सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग ,उत्तर प्रदेश शासन ), कांठ तहसीलदार बार एसोसिएशन के महासचिव दीपक कुमार बिश्नोई, महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज के प्रबंधक वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी, भारत विकास परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुदेश बिश्नोई, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष महेश चंद्र गुप्ता, सहकारी गन्ना विकास समिति के अध्यक्ष कुंवर सुरेंद्र सिंह बिश्नोई, महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज के अध्यक्ष अजय कुमार बिश्नोई, सेंट पॉल इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक जितेंद्र बिश्नोई, विशाल बिश्नोई, पत्रकार ओमवीर बिश्नोई,तनबीर आलम, बिश्नोई सभा मेरठ के पूर्व अध्यक्ष हरिओम बिश्नोई, डॉ पंकज बिश्नोई, वैश्य सभा कांठ के अध्यक्ष अनिल कुमार विश्नोई, समाज सेवी श्रीओम बिश्नोई, आदि लोगों ने उनके निधन को समाज की अपूरणीय क्षति बताया हैस शनिवार को हरिद्वार में उन्हें भू समाधि दी गई। कांठ विश्नोई मंदिर में भगवान श्री कृष्ण एवं गुरु जंभेश्वर महाराज के जन्म उत्सव के उपलक्ष में चल रही सात दिवसीय हरि कथा को भी उनके निधन की खबर सुनकर विश्राम दे दिया गया। उनके अंतिम दर्शन करने के लिए शनिवार को बड़ी संख्या में लोग हरिद्वार रवाना हो गए।

# आजादी दिवस पर जगह-जगह हुए देश भक्ति कार्यक्रम तिरंगा फहराकर दी सलामी

**कांठ।** आजादी दिवस पर स्कूल कॉलेज सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में देशभक्ति से ओत प्रोत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जहां पर तिरंगा फहराकर सलामी दी गई और देश की आजादी में प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों को नमन किया गया। तहसील में एसडीएम संत दास पवार ने झंडा फहराया इसके अलावा बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज हार्वर्ड कान्वेंट स्कूल दयानंद इंटर कॉलेज एमएम बाई पब्लिक स्कूल प्राथमिक विद्यालय चेतरामपुर कांग्रेस कार्यालय सरस्वती शिशु मंदिर डीएसएम इंटर कॉलेज रहबरे आम मुस्लिम इंटर कॉलेज आदि जगहों पर झंडा फहराया गया। झंडा फहराने आए मुख्य अतिथियों ने तिरंगे को सलामी दी और देश के शहीदों को नमन करते हुए उनकी कुर्बानी को याद किया। बताया गया कि देश को आजादी दिलाने में जिन लोगों ने अपनी जान की बाजी लगाई यह दिन उन्हें याद करने का दिन होता है। इस मौके पर अधिकारी कर्मचारी शिक्षक छात्र छात्राएं एवं राजनीति से जुड़े लोगों के अलावा आम नागरिक भी मौजूद रहे।




**हेतु संर्दिशत करने की सूचना**
**(साधारण प्रारूप)**
**न्यायालय अपर जिलाधिकारी वि०रा०, जनपद मुरादाबाद।**
**वाद सं:** डी202413540005104
धारा: 38 (21 उ.प्र. रा.संहिता 2006)
**तारीख पेशी:** 27.08.2025
**शकील बनाम सोमपाल आदि।**
**बनाम**
1. राजीव कुमार, 2. अजय कुमार, 3. संजीव कुमार, 4. आशीष कुमार पुत्रगण सोमपाल निवासीगण पसिया पुरा ढकिया गुलाबो तहसील काशीपुर जिला उधम सिंहनगर, 5. विजयपाल, 6. मालाराम पुत्रगण धूम सिंह निवासी गण कचनाल तहसील व जिला मुरादाबाद। चूंकि उपरिनामांकित वादी के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि **धारा:** 38 (21 उ.प्र. रा. संहिता 2006) अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के 08 के दिवस 27 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपए अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 08 के दिवस 14 को निकाली गयी है।
**न्यायालय**
**अपर जिलाधिकारी (वि० रा०)**
**जनपद-मुरादाबाद।**



डा0 विराग श्रीवास्तव
M.B.B.S., M.S.
(Ophth.) नेत्र सर्जन व फेको विशेषज्ञ
समय: प्रात: 10 बजे से 1 बजे तक सांय: 6 बजे से 7.30 बजे तक

+ भव्या हॉस्पिटल +
की ओर से सभी देशवासियों को स्वतंत्रता की हार्दिक शुभकामनाएं

डा0 ज्योत्सना श्रीवास्तव
M.B.B.S., M.S.
स्त्री प्रसूति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ
समय : प्रात: 11 बजे से 4 बजे तक

दयानन्द डिग्री कालेज, मेन गेट के सामने, स्टेट बैंक मेन ब्रान्च तिराहा, सिविल लाइन्स, मुरादाबाद, फोन : 0591-2410360, 2410361, 8954621774



**चुनाव कार्यक्रम की सूचना/नोटिस**

मुस्लिम ऐजुकेशनल एन्ड वैलफेयर सोसायटी मुरादाबाद/मुस्लिम डिग्री कालिज कटघर मुरादाबाद की प्रबन्ध समिति वर्ष 2025 से 2028 हेतु चुनाव कार्यक्रम निम्नवत है:-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नामांकन पत्र दाखिल किया जाना। | 27.08.2025 | बुधवार | प्रात: 11.30 बजे से सांय 4.00 बजे तक |
| 2. | नामांकन पत्रो पर आपत्ति यदि कोई है। | 28.08.2025 | गुरूवार | प्रात: 11.30 बजे से सांय 2.00 बजे तक |
| 3. | नामांकन पत्रो पर आपत्ति का निस्तारण | 28.08.2025 | गुरूवार | दोपहर: 3.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक |
| 4. | नाम वापसी। | 29.08.2025 | शुक्रवार | प्रात: 11.30 बजे से सांय 4.00 बजे तक |
| 5. | मतदान (यदि आवश्यकता हुई)। | 31.08.2025 | रविवार | प्रात: 11.30 बजे से सांय 4.00 बजे तक |
| 6. | मतो की गणना व परिणाम की घोषणा। | 31.08.2025 | रविवार | मतदान बाद |

**प्रबन्ध कारिणी समिति के पदों का विवरण:-**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | अध्यक्ष | एक पोस्ट |
| 2. | उपाध्यक्ष | दो पोस्ट |
| 3. | सचिव/प्रबंधक | एक पोस्ट |
| 4. | संयुक्त सचिव/सहायक प्रबंधक | दो पोस्ट |
| 5. | कोषाध्यक्ष | एक पोस्ट |
| 6. | कार्यकारिणी सदस्य। | बारह पोस्ट |

1-चुनाव से सम्बन्धित समस्त प्रपत्र/नामांकन पत्र/विदड्राल फार्म, मुरादाबाद मुस्लिम डिग्री कालिज कटघर मुरादाबाद में दिनांक 24.08.2025 से प्रात: 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक महाविद्यालय के कक्ष सं० 27 में उपलब्ध होंगे। 2-मतदाता सूची/जनरल बॉडी की सदस्यता सूची, चुनाव कार्यक्रम नोटिस बोर्ड पर दिनांक 24.08.2025 से 31.08.2025 तक उपलब्ध रहेगा।

**(इकरामुल हक शमसी) सचिव, मुस्लिम ऐजूकेशनल एन्ड वैलफेयर सोसायटी, कटघर, मुरादाबाद।**
**प्रबंधक मुरादाबाद मुस्लिम डिग्री कॉलिज कटघर, मुरादाबाद।**
दिनांक: 12.08.2025


# स्वतंत्रता दिवस पर प्रेस क्लब में ध्वजारोहण

**कांठ।** स्वतंत्रता दिवस पर प्रेस क्लब कार्यालय में ध्वजारोहण किया गया राष्ट्रीय गान के उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन हुए। जिसमें देश को आजादी दिलाने वाले बहादुर बलिदानियो को याद करते हुए इस आजादी को बरकरार रखने के लिए तन मन धन से समर्पित रहने का आह्वान किया गया। अध्यक्ष केहर सिंह देवल ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस मात्र दिवस नहीं है बल्कि इस दिन हम आजादी के दीवानों को याद कर उनकी कुर्बानियों को याद करते हैं। उन्होंने सभी से आजादी के लिए हर समय प्राण न्यौछाबर करने का जज्बा रखने का आवाहन किया। पत्रकारों ने अपनी-अपनी शैली में अपने हुनर का परिचय दिया कार्यक्रम में केहर सिंह देवल मोहम्मद



हाफिज साबिर आर के कश्यप शब्बीर मोमिन गौहर हुसैन तनवीर आलम शैलेंद्र चौहान और ओमवीर बिश्नोई मौजूद रहे।


**प्राथमिक विद्यालय नगला जोगराज, वि.खं. छजलैट, मुरादाबाद**
**नीलामी सूचना**
प्राथमिक विद्यालय नगला जोगराज वि.क्षे. छजलैट में स्थित मूल भवन के ध्वस्तीकरण के लिए स्वीकृत जर्जर भवन की नीलामी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुरादाबाद के पत्रांक संख्या एस.एस.ए./ज.भ./4376-80/2025-26 दिनांक 01.08.2025 के अनुपालन में दिनांक 21.08.2025 को विद्यालय भवन के परिसर में 11.00 बजे होगी। इच्छुक बोलीदाता समय से पहुंचकर नीलामी प्रक्रिया में नियमानुसार प्रतिभाग कर सकते है। नीलामी की शेष शर्तें विद्यालय पहुंचकर प्राप्त की जा सकती है।
**शिवानी राणा (सचिव) वि०प्रबंध समिति प्रा० विद्यालय नगला जोगराज विकास खंड छजलैट, जनपद मुरादाबाद।**
**नौनिहाल सिंह (अध्यक्ष) वि०प्रबंध समिति प्रा० विद्यालय नगला जोगराज विकास खंड छजलैट, जनपद मुरादाबाद।**

# जनपद भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

## सरकारी-गैर सरकारी सभी संस्थानों पर रही स्वतंत्रता दिवस की धूम, अमर शहीदों को किया नमन
















**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अनुज सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने अत्यंत उत्साह पूर्वक सांस्कृतिक एवं राष्ट्रभक्ति पर आधारित मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों पर कार्यरत कर्मचारियों में से बेहतर प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि लंबे संघर्ष के परिणामस्वरूप 15 अगस्त 1947 को देश को आजादी मिली। आजादी के बाद अब तक देश ने वैश्विक स्तर पर अनेक कीर्तिमान स्थापित किए और विभिन्न क्षेत्रों में उन्नति की। प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप देश को वर्ष 2047 तक विकसित देशों की श्रेणी में शामिल करने की दिशा में राष्ट्रीय स्तर पर किए जा रहे प्रयासों में प्रत्येक नागरिक की सकारात्मक भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जब स्वतंत्रता दिवस के 100 वर्ष पूर्ण होंगे तब हम सभी एक विकसित राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान वैश्विक स्तर पर सुनिश्चित करेंगे, इसके लिए यह जरूरी है कि देश के प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी को समझना होगा। हम सभी को अपनी सभ्यता और सांस्कृतिक विरासत को ध्यान में रखते हुए उन्नति की ओर निरंतर अग्रसर रहना है। उन्होंने कहा कि हमारे देश का इतिहास करीब 4000 वर्ष पुराना है और इतने ही पुराने अन्य ऐतिहा. सिक महत्व वाले देशों ने अपनी सभ्यता और सांस्कृतिक विरासत को पीछे छोड़ दिया है जिससे वह अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना कर रहे हैं परंतु हमारे देश की ऐतिहासिक धरोहर और सांस्कृतिक महत्व अभी भी बरकरार है। विविधता के बावजूद हम सब लोग राष्ट्र के रूप में एक हैं। उन्होंने सभी अधिकारी और कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वह जिस पद पर हैं वहां अपनी जिम्मेदारी का गंभीरता पूर्वक निर्वहन करें और सदैव इस बात का ध्यान रखें कि वे अपनी जिम्मेदारी का बेहतर तरीके से निर्वहन करके राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करा रहे हैं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन और अपर जिलाधिकारी (नगर) सहित कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारी, कर्मचारी गण मौजूद रहे।

**उधर,** 79 वे स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का आयोजन दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी मुरादाबाद के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश पदम नारायण मिश्र के द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। कार्यक्रम के अध्यक्षता दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी मुरादाबाद के अध्यक्ष आनंद मोहन गुप्ता ने की कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश पदम नारायण मिश्र एवं विशिष्ट अतिथि माननीय जनपद न्यायाधीश लारा कोर्ट जगदमुद्दीन रहे। कार्यक्रम का संचालन दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी मुरादाबाद के महासचिव कपिल गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए न्यायाधीश लारा कोर्ट ने समस्त न्यायिक अधिकारीगण एवं अधिवक्तागण को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अधिवक्ता और न्यायिक अधिकारी मिलकर ही उत्कृष्ट न्यायपालिका का सृजन करते हैं। मुख्य अतिथि के रूप में जनपद न्यायाधीश महोदय ने अधिवक्ताओं को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके कार्यालय और न्यायालय अधिवक्ता के लिए हमेशा खुले हैं वह जब चाहे अपनी समस्या लेकर उनके पास आ सकते हैं और वह कोशिश करेंगे की यथासंभव शीघ्रता से उनका निराकरण हो। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए दि बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद मोहन गुप्ता जी ने अधिवक्ताओं से कहा कि वह उन्हें विश्वास दिलाते हैं कि उनके कार्यकाल में अधिवक्ता हित में जो भी कार्य हैं संभव होगा वह निश्चित ही उनके व उनकी पूरी कार्यकारिणी के द्वारा प्राथमिकता के साथ किया जाएगा।

दि बार एसोसिएशन में इस दौरान न्यायिक अधिकारी अरुण कुमार थर्ड व सियाराम चौरसिया ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अधिवक्ताओं को संबोधित किया। तत्पश्चात अधिवक्ता जुनैद एजाज, अभिषेक भटनागर, राकेश कुमार वशिष्ठ आदि ने अपने विचार प्रस्तुत किये। इस अवसर पर कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारी संदीप गुप्ता, अंचल लावण्या, अविनाश चंद्र मिश्रा, राकेश कुमार गौतम आदि न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।

**उधर,** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर चेयरमैन मोहम्मद याकूब ने नगर पंचायत कार्यालय पाकबड़ा और अपने निजी कार्यालय में ध्वजारोहण किया। यह आयोजन देश की आजादी और संप्रभुता का प्रतीक है और हमें अपने देश के प्रति गर्व और समर्पण की भावना को जगाता है। चेयरमैन मोहम्मद याकूब ने इस अवसर पर लोगों को आजादी के पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाने का पैगाम दिया और लोगों से अपील की कि वे इस दिन को देशभक्ति और एकता के साथ मनाएं और हमारे देश की प्रगति और समृद्धि के लिए काम करें। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी, सभासदगण, कार्यालय स्टाफ, और सफाई कर्मी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर ध्वजारोहण समारोह को सफल बनाया और देशभक्ति के इस पर्व को मनाया। चेयरमैन मोहम्मद याकूब ने नगर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में भी ध्वजारोहण किया, जिनमें जूनियर हाई स्कूल नर्सरी, आदर्श जूनियर हाई स्कूल, नई आशा वेलफेयर सोसाइटी, और कैलसा रोड स्थित रजा लाइब्रेरी आदि शामिल हैं। स्वतंत्रता दिवस के इस आयोजन से हमें अपने देश की आजादी के महत्व को समझने और उसकी रक्षा करने का संकल्प लेने का अवसर मिलता है। यह आयोजन हमें एकजुट होकर देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित करता है।

**उधर,** मुरादाबाद जागरूक समाज के बैनर तले सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ 79वां स्वतंत्रता दिवस कई कार्यक्रमों के साथ मनाया। सर्वप्रथम मंदिर में प्रार्थना की ताकि देश में शांति, प्रेम, सौहार्द बना रहे देश की प्रगीत में चार चांद लगे हर और खुशहाली का वातावरण बना रहे। ताड़ीखाना चौक स्थित प्रधान कार्यालय पर मुजास अध्यक्ष अतुल जौहरी ने झंडा फहराया, राष्ट्रगान गाकर सबको लडडू खिलाकर मुंह मीठा कराया। दोपहर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महानगर में चलित वाहनों पर 5000 झंडे लगाकर बधाई दी। ताकि शहर तिरंगा मय दिखाई दे। महाप्रबंधक अजय जौहरी ने मुख्य रूप से भूमिका निभाई चलित वाहनों पर झंडे लगाने के लिये भ्रमण टोली को झंडी दिखाने को। कार्यक्रम में अतुल जौहरी, अखिलेश गुप्ता, सतेन्द्र शर्मा, अभय गुप्ता, शिवम गुप्ता, अमित गुप्ता, सुशील वर्मा, पुनीत सक्सेना, सुनील गुलाठी, नीरज गुप्ता, नवनीत खन्ना आदि मुख्य रूप से रहे।

**उधर,** दिल्ली रोड स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में जन्माष्टमी पर्व दो दिन मनाया गया जिसके लिये हफ्ताह भर से तैयारियां हुई। मंदिर की रंगाई पुताई के साथ फूलों की झालर के साथ बिजली की झालरे भी लगवाई गयी। ताकि दूर सड़क से देखने पर अलग मंदिर का क्रेज दिखाई दे। रात्रि में भगवान का जन्मोत्सव भजन कीर्तन के साथ आरती करते हुए मनाया। मंदिर में आने वाले भक्तों को कोई असुविधा न हो इसके लिये प्रयासरत रहे। विवेक अग्रवाल विनीत अग्रवाल, प्रदीप शुक्ला अतुल जौहरी आदि मौजूद रहे।

**कुंदरकी संवाददाता के अनुसार।** शुक्रवार को राजकीय हाईस्कूल नगलिया मशकूला मुरादाबाद में भारत की आजादी का 79 वां स्वतंत्रता दिवस का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम प्रधानाचार्या डॉ स्वदेश कुमारी ने ध्वजारोहण किया गया। उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिनमें अनेकता में एकता, स्वतंत्र भारत की उपलंब्धिया, सामूहिक नृत्य, राष्ट्रभक्ति गीत आदि शामिल है। विद्यालय की प्रधानाचार्या स्वदेश कुमारी ने बताया कि 15 अगस्त 1947 को अंग्रेजों की गुलामी से देश को आजाद कराने में बहुत से स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। आज के दिन हम सभी शहीदों के बलिदानो को याद करके श्रद्धांजलि अर्पित करते है। आजादी का अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा व आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत विद्यालय में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त छात्राओं को प्रमाण पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया।।देश की एकता एवं अखंडता तथा सांस्कृतिक विरासत के प्रति लोगों को जागरूक के लिए सभी छात्र व छात्राओं ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत अपने- अपने घरो पर तिरंगा लगातार आजादी का अमृत महोत्सव मनाया ।कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका रेणुका तथा प्रीति ने किया। सभासद रिंकू, विकेश, शम्शुल, फहीम, बबीता, धन देवी, पम्मी अशोक व अन्य ग्रामवासी उपस्थित है।

**मूढ़ापांडे संवाददाता के अनुसार।** रामपुर रोड स्थित एडम एण्ड ईव्ज कॉन्वेंट स्कूल में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को तिरंगे झंडों और फूलों से सजाया गया, जिससे माहौल देशभक्ति के रंग में रंग गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण से हुआ, जिसे विद्यालय के सम्माननीय मुख्य अतिथि मोहसिन जी ने संपन्न कराया। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान की गूंज से पूरा परिसर गूंज उठा। इसके बाद विद्यार्थियों ने अनुशासित मार्च पास्ट प्रस्तुत किया, जिसने उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, अंग्रेजी, हिंदी और उर्दू भाषण के साथ विविध रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। विशेष आकर्षण छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नारी सशक्तिकरण पर आधारित एकांकी रही, जिसने सभी को भावुक कर दिया और समाज में महिलाओं की भूमिका व सम्मान का सशक्त संदेश दिया। मुख्य अतिथि मोहसिन जी ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को देश की अमूल्य स्वतंत्रता के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल के राष्ट्र निर्माता हैं, इसलिए उन्हें शिक्षा, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम में आगे रहना चाहिए। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या निलोफर जबीन ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने मिशन लाइफ, ऑपरेशन सिंदूर और आत्मनिर्भर भारत जैसे विषयों पर विचार साझा करते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने सभी उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 11 की छात्रा अनुशा तलत और मोनिशा ने कुशलता से किया। यह समारोह न केवल स्वतंत्रता दिवस का उत्सव था, बल्कि देशभक्ति, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता का प्रेरणादायी संगम भी रहा। **चन्दौसी संवाददाता के अनुसार।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को पुलिस लाइन बहजोई में पुलिस अधीक्षक सम्भल कृष्ण कुमार द्वारा ध्वजारोहण कर शहीदों को नमन किया गया। उन्होंने मातृभूमि की स्वतंत्रता और उसके गौरव की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीरों की स्मृतियों को याद करते हुए कहा कि उनका बलिदान ही आज हमारे स्वतंत्र राष्ट्र की नींव है। ध्वजारोहण के उपरांत पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए राष्ट्र निर्माण में अमूल्य योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत में नागरिकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरना और हर परिस्थिति में निष्पक्षता व समभाव से सुरक्षा व न्याय उपलब्ध कराना पुलिस बल का प्रमुख दायित्व है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाई कि वे देश की स्वतंत्रता और अखण्डता की रक्षा करेंगे, राष्ट्र को समृद्ध, उन्नत एवं मजबूत बनाने में योगदान देंगे, हिंसा का प्रयोग नहीं करेंगे और सभी प्रकार के विवादों का समाधान संवैधानिक उपायों के माध्यम से ही करेंगे। समारोह के दौरान पुलिस लाइन का पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में सराबोर था। ध्वजारोहण उपरांत मिष्ठान वितरण कर स्वतंत्रता दिवस का उल्लास सभी के साथ साझा किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से उन पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने राजकीय कार्यों का पूर्ण मनोयोग, निष्ठा और अथक परिश्रम से संपादन कर जनपद का नाम गौरवान्वित किया। उन्हें पुलिस महानिदेशक प्रशंसा चिन्ह, पुलिस महानिदेशक यूपी-112 प्रशस्ति पत्र तथा पुलिस अधीक्षक सम्भल प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इस गरिमामय समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा, क्षेत्राधिकारी बहजोई आलोक सिद्धू, क्षेत्राधिकारी यातायात मनोज कुमार, क्षेत्राधिकारी कार्यालय संतोष कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक डॉ. प्रदीप कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।चन्दौसी। 15 अगस्त, शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। आसपास क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस की धूम रही। सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों में 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में ध्वजारोहण किया गया। बता दें कि आजादी का अमृत महोत्सव इस बार और भी विशेष बन गया जब नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही विद्यालयों, सरकारी कार्यालयों एवं सामाजिक संस्थानों में तिरंगा फहराने के कार्यक्रम आयोजित किए गए। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने इस दिन को पूरे जोश और देशभक्ति से मनाया। शहर के प्रमुख चौराहों, बाजारों और गलियों को तिरंगों एवं रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया। युवा वर्ग ने मोटरसाइकिल रैलियां निकालकर भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से शहर को गुंजायमान कर दिया।

नगर के बहजोई रोड स्थित चन्दौसी पब्लिक स्कूल (सीपीएस) में धूमधाम के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। संचालक विक्रम सिंह व मधुलिका सिंह द्वारा ध्वजारोहण कर बच्चों को स्वतंत्रता दिवस के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

नगर के फुब्बारा चौक स्थित सेंट जॉन्स स्कूल में हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। विद्यालय के संचालक एस.के. डीन व प्रधानाचार्य एल.एन. शर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात् अमर शहीदों को याद करते हुए उन्होंने बच्चों को स्वतंत्रता दिवस की जानकारी दी। वहीं बच्चों द्वारा सांस्कृतिक एवं देशभक्ति के कार्यक्रम आयोजित स्वतंत्रता का संदेश दिया। इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

प्राथमिक विद्यालय कैथल द्वितीय में ध्वजारोहण ग्राम प्रधान प्रेम यादव द्वारा किया गया। वहीं विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रीनू बंसल के निर्देशन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया। वहीं शहीदों को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्राथमिक विद्यालय रामनगर कटैला में प्रधानाध्यापक नरेन्द्र कुमार ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर शुभम सक्सैना, मथुरा प्रसाद मौर्य, सीमा यादव आदि मौजूद रहे।

नगर के एन.के.बी.एम.जी. पी.जी. कॉलेज में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ध्वजारोहण मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्रबंध समिति की अवैतनिक सचिव नगरपालिका अध्यक्षा लता वार्ष्णेय व प्राचार्या प्रो. अलका रानी अग्रवाल द्वारा किया गया। वहीं छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

इधर तहसील परिसर में ध्वजारोहण उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार रवि सोनकर, नायब तहस. ीलदार, लेखपाल आदि मौजूद रहे।

कोतवाली चन्दौसी में एएसपी अनुज चौधरी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात् पुलिसकर्मियों द्वारा तिरंगा को सलामी दी गई और राष्ट्रगान गाया। इस दौरान इंस्पेक्टर मोहित कुमार बालियान सहित समस्त पुलिसकर्मी मौजूद रहे। नगर के चन्दौसी इंटर कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रबंधक व प्रधानाचार्य नरेन्द्र कुमार द्वारा ध्वजारोहण किया गया। साथ ही बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये गये। शिक्षकों द्वारा बच्चों स्वतंत्रता दिवस की जानकारी दी गई तथा शहीदों को याद किया। इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। ग्राम पथरा स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर जूनियर हाईस्कूल में धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि सेवायोजन रोजगार कार्यालय बरेली काउंसलर मदनपाल द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात बच्चों ने राष्ट्रीय गान, झंडा गान, सरस्वती वंदना, भाषण, देशभक्ति गीत, कविताएं आदि विभिन्न कार्यक्रम किए। कार्यक्रम में प्रबंधक ममता रानी, संच. ालक महानंदन गौतम, प्रधानाचार्य आशा गोस्वामी, नीरज शर्मा, सत्येंद्र सिंह, सत्यपाल सिंह, रमन शर्मा, रंजीत कुमार, शिवगणेश शर्मा, अश्विनी शर्मा, सीमा अग्रवाल, रिनी अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। **उधर,** रोटरी क्लब चंदौसी रॉयल्स द्वारा चन्दौसी के गांव रतनपुर खुर्द स्थित के.एस.जे. हाईस्कूल (विशेष बच्चों के विद्यालय) में स्वतंत्रता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम क्लब द्वारा दिव्यांग बच्चों को समर्पित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट-3100 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन नितिन कुमार अग्रवाल तथा सेक्रेटरी जनरल राजीव अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष वंदना अग्रवाल ने की तथा क्लब सचिव शिल्पी अग्रवाल समेत क्लब के अनेक सदस्य कार्यक्रम में मौजूद रहे। संचालन रो राहुल अग्रवाल ने किया। बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग प्रस्तुतियाँ दीं जिनमें मोबाइल के अत्यधिक प्रयोग से होने वाले नुकसान पर आधारित नाट्य प्रस्तुति भी शामिल रही। विशेष बात यह रही कि इन प्रस्तुतियों में भाग लेने वाले अधिकतर बच्चे दृष्टिहीन, मूक या बधिर थे, जिन्होंने अपनी प्रतिभा से सभी को भावविभोर कर दिया।

कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूल में इंटरैक्ट क्लब की स्थापना की गई जिसका शिलान्यास डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नितिन कुमार अग्रवाल द्वारा किया गया। रोटरी क्लब चंदौसी रॉयल्स ने इस विद्यालय को अडॉप्ट करने का संकल्प लिया और भविष्य में बच्चों की शिक्षा व जीवन स्तर को बेहतर बनाने हेतु निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में असिस्टेंट गवर्नर राहुल अग्रवाल, निखिल अग्रवाल तथा चंदौसी क्षेत्र के विभिन्न रोटरी क्लबों के पदाधिकारीगण व सदस्य विनय अग्रवाल, सौरव अग्रवाल, आदित्य वार्ष्णेय, पराग बंसल, गौरव गुप्ता, प्रतीक गोयल, शोभित अग्रवाल, नैंसी अग्रवाल, सुप्रिया अग्रवाल, प्रियंका चौधरी, शिप्रा गेरा, डा. श्रुति चौधरी, भावना बंसल आदि गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। **बिलारी संवाददाता के अनुसार।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज, नगलिया जट्ट, बिलारी मुरादाबाद में सांस्कृतिक प्रोग्राम एवं ध्वजारोहण का कार्यक्रम विधिवत रुप से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री रघुपति देव द्वारा माँ शारदा के चरणों में द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हर्षोल्लास से प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य श्री रघुपति देव द्वारा सम्बोधित करते हुए बताया गया कि हमें अपने देश पर गर्व करना चाहिए, आज हम सभी 7छ9वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मना रहें हैं। तत्पश्चात विद्यालय में आए गणमान्य अतिथि, विद्यार्थियों एवं समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक श्री नितिन कुमार एवं श्री पंकज सक्सैना द्वारा किया गया। कार्यक्रम में श्री बदलू सिंह, श्री विजय सिंह विद्यालय के शिक्षक श्री रजकण महान, श्रीमती सीमा रानी, नीतू रानी, श्री अर्जुन सिंह,श्री शादाब आलम, चेतना गौड़ इत्यादि उपस्थित रहे। **उधर,** 15 अगस्त पर 79 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह तहसील परिसर में धूमधाम से मनाया गया। तहसील कार्यालय में उपजिलाधिकारी बिलारी विनय कुमार सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर स्कूली बच्चों ने राष्ट्रगान प्रस्तुत किया इस मौके पर तहसीलदार धीरेश कुमार सिंह, नायब तहसीलदार विजय कुमार श्रीवास्तव, समस्त अधिवक्तागण एवं तहसील के अधिकारी, कर्मचारी शामिल रहे। स्वतंत्रता दिवस पर गन्ना समिति कार्यालय में चेयरमैन विजयपाल सिंह ने ध्वजारोहण किया यहां सचिव और डायरेक्टर शामिल रहे। वन विभाग, डाकघर, रजिस्ट्री कार्यालय, सभी सहकारी समितियों, बैंक,बिजली घरों में भी झंडा रोहण किया गया। स्कूलों में भी स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।

## एक नजर

### कुन्दरकी में जीनत मेहंदी व महमूदपुर माफी में बबीता देवी ने फहराया झंडा



**कुंदरकी।** कुन्दरकी व महमूदपुर माफी नगर पंचायतों में 15 अगस्त के अवसर पर स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर दोनों नगर पंचायतों में तिरंगा फहराकर स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया गया और देश की अखंडता एवं एकता को बनाए रखने का संकल्प लिया गया। कुन्दरकी नगर पंचायत की चेयरपर्सन जीनत मेहंदी ने अपने पति मेहंदी हसन के साथ मिलकर झंडारोहण किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान गाया और देशभक्ति के नारों से वातावरण गूंज उठा। वहीं, महमूदपुर माफी नगर पंचायत में चेयरपर्सन बबीता देवी और चेयरमैन प्रतिनिधि मंगल सिंह सैनी ने अधिशासी अधिकारी अरविंद कुमार के साथ तिरंगा फहराया। कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों और आम जनता ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर वक्ताओं ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए सभी को राष्ट्रहित में कार्य करने का आह्वान किया। बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्हें देख उपस्थित लोग भावुक हो उठे। स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान दोनों नगर पंचायतों में देशभक्ति का जज्बा देखते ही बन रहा था।

### ब्लॉक प्रमुख ने फहराया तिरंगा, अधिकारियों और कर्मचारियों ने दी सलामी



**मूंढापांडे।** विकास खंड परिसर में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ब्लॉक प्रमुख डाक्टर नवदीप यादव ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। समारोह में बीडीओ मूंढापांडे अशोक कुमार सहित विकास खंड के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।सभी उपस्थित लोगों ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इस दौरान राष्ट्रगान का गायन भी किया गया। कार्यक्रम से पहले विकास खंड परिसर की विशेष साफ-सफाई की गई थी। परिसर को विद्युत झालरों से सजाया गया था। कार्यक्रम के समापन पर सभी कर्मचारियों को मिठाई वितरित की गई।



**मुरादाबाद।** जिला जज कॉमर्शियल कोर्ट जनपद मुरादाबाद में किया गया ध्वजारोहण। पीठासीन अधिकारी ममता गुप्ता द्वारा ध्वजारोहण किया गया। साथ में उपस्थित रहे प्रस्तुत कर लक्ष्मीकांत शर्मा, वरिष्ठ लिपिक आकाश वर्मा, लिपिक मनोज कुमार, आशुलिपिक कुमारी सोनम एवं समस्त कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### नगरपालिका कार्यालय पर पालिकाध्यक्षा लता वार्ष्णेय ने किया ध्वजारोहण



**चन्दौसी।** शुक्रवार, 15 अगस्त को धूमधाम से साथ 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस के इस राष्ट्रीय पर्व के शुभ अवसर पर नगरपालिका परिषद चंदौसी में पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय व सभासदगणों की उपस्थिति में ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। तत्पश्चात फव्वारा चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। ध्वजारोहण कार्यक्रम में स्कूल/कॉलेज से आए छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते हुए देशभक्ति का माहौल बना दिया। इस मौके पर ईओ धर्मराज राय, सफाई निरीक्षक सुनील कमार, प्रभाकर गुप्ता, सोवरन सिंह, प्रमोद वाल्मीकि, अवनेश कुमार, आशीष गुप्ता, आरआई ऋषभ कुमार, एई अनुज कुमार व सभासद तरुण नीरज, अमन कोहली, देव शर्मा आदि मौजूद रहे।

### अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर वैश्य एकता मंच ने दी श्रद्धांजलि



**चन्दौसी।** सुशासन के प्रणेता भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर वैश्य एकता मंच चंदौसी के पदाधिकारियों द्वारा नगर के ब्रह्म बाजार में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। श्रद्धांजलि सभा में पदाधिकारियों द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए अटलजी को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर समाजसेवी ओम. ीलाला ओएलएफ वालों ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई राष्ट्र निर्माण की संकल्पना, गरीब कल्याण के प्रयास और सुशासन का दृष्टिकोण आज भी हम सभी के लिए मार्गदर्शन का आधार हैं। इस दौरान अध्यक्ष लवित वार्ष्णेय, महामंत्री आकाश वार्ष्णेय, तुषार क्रिस्टल, उपाध्यक्ष दीपेश सेठ, संगठन मंत्री डा. दिशांत गुप्ता, अभिनव वार्ष्णेय, नवनीत वार्ष्णेय, विशाल अग्रवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

## सपा विधायक ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अनेक स्थानों पर किया ध्वजारोहण



**बिलारी।** सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने शुक्रवार को क्षेत्र के अनेक स्थानों पर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया। सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने सर्वप्रथम शैक्षिक संस्थान नगर के डाक बंगला के निकट स्थित रॉयल पब्लिक स्कूल बिलारी, मोहम्मद अली जौहर मोहम्मद इस्लाम इंटर कॉलेज बिलारी, डी पॉल स्कूल सहसपुर, मोहम्मद इब्राहिमपुर टोल प्लाजा में पहुंचकर ध्वजारोहण किया। इसके अलावा ग्रामोदय महाविद्यालय अमरपुर काशी समेत कई स्थानों पर दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में पहुंचकर सहभागिता की।

## नशेड़ी युवक का शव खेत में पड़ा मिला

**भोजपुर।** शुक्रवार की शाम को गांव हमीरपुर निवासी दानिश पुत्र साबिर अंसारी का शव ग्राम में स्थित सोमनाथपुरी पुत्र टेकचंद की कई वर्षों से बंद पड़ी फैक्ट्री के पीछे खेत में पड़ा मिलने से सनसनी मच गयी। ग्रामीणों ने मृतक की पहचान करते हुए बताया की वह नशेड़ी किस्म का व्यक्ति था। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों की सुपुर्दगी में दे दिया।परिजनों ने शनिवार को मृतक का गांव के कब्रिस्तान में दफन कर दिया।

## दो युवकों ने महिला से की छेड़छाड़

**भोजपुर।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी विवाहिता ने पड़ोसियों युनूस एवं नौशाद के खिलाफ आधी रात को घर में घुसकर छेड़छाड़ करने एवं विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। घटना 21जुलाई की आधी रात की बताई जा रही है। पीड़िता का कहना है कि आरोपियों ने घर में घुसकर चारपाई पर सोने के दौरान दबौच लिया। शोर मचाने पर भाग गए।

## भाकियू भानू ने निकाली तिरंगा यात्रा

**भोजपुर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री नूर मोहम्मद चौधरी ने सैकड़ों समर्थकों को साथ लेकर कस्बे के मुख्य मार्गों पर तिरंगा यात्रा निकालकर आजादी का जश्न मनाया।

इस मौके पर किसान जय जवान जय किसान के नारे लगाते हुए ट्रैक्टर, कारों एवं बाइकों के काफिले के साथ पीपलसाना रेलवे स्टेशन रोड से होते हुए घासमंडी पहुंचे। नूर मोहम्मद चौधरी, शमीम चौधरी, हाजी अहमद,बाबू, शकील अहमद, युनूस आदि किसान नेता मौजूद थे।

## छात्रों द्वारा बनाई कृष्ण जी की मनमोहक रंगोली

**मुरादाबाद।** चित्रगुप्त इण्टर कॉलेज के छात्रों ने विद्यालय में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर श्री कृष्ण जी की मक्खन खाते हुए की मनमोहक रंगोली बनाकर जन्माष्टमी को बड़े धूमधाम से मनाने का आवाहन किया। डॉ नवनीत गोस्वामी के निर्देशन में 30ञ्20 फिट आकार में बनाई गई रंगोली के द्वारा श्री कृष्ण के आदर्शों पर चलने का आव्हान किया। छात्रों द्वारा कई कलरों से रंगोली को बनाकर श्री कृष्ण जी की माखन खाते हुए रंगोली को चार चांद लगा दिए। श्री कृष्ण जी की माखन खाते रंगोली बनाने में ध्रुव यादव, प्रिंस, समृद्धि गोस्वामी, देवांश गोस्वामी,अबुजर, केशव यादव, वंश यादव,अंश मैं बनाकर आकर्षक रूप दिया।

## एकता एकेडमी में स्वतंत्रता दिवस पर देश भक्ति नारों के साथ निकाली रैली, एकेडमी में बच्चों ने सांस्कृति कार्यों की प्रस्तुति कर बांधा समा

**ठाकुरद्वारा।** एकता एकेडमी में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एकता एकेडमी में एक विशाल रैली व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें सभी बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शुक्रवार को ब्लाक क्षेत्र के ग्राम रामनगर खागूवाला स्थित एकता एकेडमी में स्वतंत्रता दिवस पर यश चौधरी ने ध्वाजारोहण किया। इसके बाद एकता एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने गांव के मुख्य मार्गो से देश भक्ति नारों के साथ रैली निकाली। विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर सांस्कृति कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों ने देश रंगीला-रंगीला, मेरे देश की धरती सोना उगले, उगले हीरे मोती सहित अन्य देश भक्ति और भजनों की प्रस्तुति कर समां बांध दिया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की प्रधानाध्यापक मान्या चौधरी ने किया । कार्यक्रम में ग्राम प्रधान पति साजिद मंसूरी, शिक्षिका एकता चौधरी, पायल देवी, रिंकी चौधरी व छात्र-छात्राए अलीना मलिक, आलिया मलिक, अलीना मलिक, आदिवा, नेहा सागर, भावना सागर, अर्श अंसारी, प्रतीक प्रजापति, आहिल , मोईन अतीफ सैफी आदि शामिल रहे।

# गोकशी के आरोपियों से पुलिस की मुठभेड़, तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र में गोकशी के आरोपियों से पुलिस की मुठभेड़ हुई,तीन आरोपी गिरफ्तार, जिनमें एक के पैर में गोली लगी, पुलिस ने आरो. पियों के पास से अवैध हथियार और पशु कटान के उपकरण बरामद किए,थाना मूंढापांडे क्षेत्र के ग्राम सिरसखेड़ा व नरखेड़ा के जंगल में 15 अगस्त को गौवंशीय पशु की गोकशी की सूचना मिली,करनपुर चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार मय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे।



जहां मटमैले रंग की गौवंशीय पशु की खाल बरामद हुई, थाना प्रभारी व फील्ड यूनिट ने घटनास्थल का निरीक्षण किया,प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार की तहरीर पर थाना मूंढापांडे में मुकदमा लिखा गया गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया,16 अगस्त को आरोपियों की तलाश में गश्त के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि घटना में शामिल आरोपी नरखेड़ा को रुकने का इशारा किया, लेकिन उसने बाइक मोड़कर भागने की कोशिश की। पीछा करने पर उनकी बाइक कच्चे रास्ते पर फिसल गई, जिसके बाद आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी के पैर में गोली लगी, जबकि दो अन्य को कॉम्बिंग में दबोच लिया गया।

## कार की टक्कर से घायल हुए बाइक सवार की मौत, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** कार की टक्कर से घायल हुए बाइक सवार की इलाज के दौरान मौत हो गई मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

घटना 15 अगस्त की है जनपद बिजनौर के थाना स्योहारा क्षेत्र के गांव किबाड़ निवासी उदल सिंह पुत्र कलुआ अपने भाई टीकाराम के साथ मोटरसाइकिल से उमरी की तरफ से किवाड़ जा रहे थे। उमरी में ही कांठ रोड पर शिव मंदिर के पास सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दी जिससे टीकाराम गंभीर रूप से घायल हो गए दोनों को लोगों ने अस्पताल पहुंचाया। लेकिन इलाज के दौरान टीकाराम की मौत हो गई इसके बाद पीड़ित उदल थाने पहुंचा और कार चालक के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है।

## स्वतंत्रता दिवस पर इंटर कॉलेज में मिठाई वितरित न करने को लेकर छात्रों में आक्रोश

**ठाकुरद्वारा।** वर्षो से संचालित नगर के सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज मैं स्कूली बच्चों से जलपान के नाम पर इस वसूल करने के बाद भी प्रधानाचार्य द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं को मिठाई वितरण नहीं किया गया । जिस विद्यालय की छात्र-छात्राओं के अतिरिक्त समस्त शिक्षकों पर अन्य कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त हो गया । बताया जाता है कि प्रतिवर्ष प्रत्येक छात्र-छात्राओं से 20 रुपये प्रति छात्र के हिसाब से जलपान के लिए वसूली की जाती है। जब से स्कूल की स्थापना हुई है तब से लगातार स्वतंत्रता दिवस गणतंत्र दिवस आदि अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं को जलकल से जुटाए गई धन राशि से मिठाई वितरण किया जाता था। रर यह पहला अवसर है कि विद्यालय के प्रधानाचार्य ने मिठाई का वितरण नहीं किया । काफी देर तक छात्र-छात्राएं वह शिक्षक मिठाई वितरण का इंतजार करते रहे । ग्रुप है कि जब छात्रो ने प्रधानाचार्य से मिठाई वितरण की बात कही तो उन्हें उल्टा तत्परकर स्कूल से भगा दिया । पर छात्र कोतवाली पर तहसील परिसर में पहुंचे वहां पर हो रहे मिठाई वितरण का लाभ लिया । बताते चलें कि यह कोष प्रधानाचार्य के खाते में एकत्र होता है । बताया जाता है कि लगभग विद्यालय में 800 बच्चे अध्यन रत है। इससे पूर्व प्रधानाचार्य द्वारा तमाम अन्य नेताओं करने के आरोप में विद्यालय के प्रबंधक उमेश चंद्र अग्रवाल ने निलंबित कर दिया था । जांच के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक के आदेश पर हाल ही में डा विक्रम सिंह को क्लीन चिट देने के बाद विद्यालय का प्रधानाचार्य नियुक्त किया है । विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मिठाई ना वितरण को लेकर अनेक चर्चाओं का बाजार करने लोगों ने इसकी आईटीआई सूचना भी मांगने की बात कही है।

● सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ विक्रम सिंह ने बताया कि विद्यालय के प्रबंधक द्वारा निलंबित निलंबित करने के 51 दिन के बाद उन्हें क्लीन चीट मिली है । इससे पूर्व कार्यवाही प्रधानाचार्य अनुज गुप्ता के पास कोष का चार्ज था वह अभी मुझे प्राप्त नहीं हुआ है अगर मिल जाता तो मैं मिठाई वितरण कर देता । कार्यवाहक प्रधानाचार्य रहे अनुज गुप्ता ने बताया कि प्रधानाचार्य डॉ विक्रम सिंह को करीब 10 दिनपूर्व चार्ज दे दिया गया था । मिठाई वितरण का दायित्व प्रधानाचार्य का बनता है । जबकि अन्य मदो के चेक से पेमेंट भी किया है

## हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव

**ठाकुरद्वारा।** नगरएवं ग्रामीण क्षेत्र मे श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर मन्दिरों को रंग बिरंगी इलेक्ट्रिक झालर एवं झण्डियों से सजाया गया। कई दिनों से चल रही तैयारियों के बाद कुछ मन्दिरों में पालकी लगाई गई है। बाजारों में काफी चहल-पहल रही भगवान श्रीकृष्ण एवं अन्य देवताओं की प्रतिमाओं को पंचामृत पवित्र गंगा यमुना का जल, दूध,दही,गौघृत एवं शहद से अभिषेतित कर नवीन परिधान पहनाये गये। बाजार में विभिन्न प्रकार के प्राकृतिक पुष्प, सिंहासन पान ,सुपारी,पीताम्बर,माखन मिश्री अन्य व्यंजन भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर मंदिरों में रखे गए । कुछ परिवारों ने अपने घर में ही भगवान श्री कृष्ण की झांकियां भी बनाई । महिलाएं अपने शिशुओं को राधा और कृष्ण के बाल स्वरूप की वेश-भूषा पहनाकर आनंदित हो रही है। मंदिरों में दोपहर बाद भजन कीर्तन किए गए। वहीं मंदिरों पर सजाई गई झांकियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर लिया। जगह-जगह क्षेत्र में शोभा यात्रा भी निकाली गई । शनिवार को नगर के मोहल्ला बड़ा बाजार स्थित खाकेश्वर मंदिर, दुर्गा माता मंदिर पिपल टोला स्थित पंचशील मंदिर , तहसील परिसर प्राचीन शिव हनुमान मंदिर पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में भजन कीर्तन का आयोजन किया । वही राधा कृष्ण की झांकी भी प्रस्तुत की गई । जगह-जगह मंदिरों में कीर्तन मे श्रद्धालु श्री कृष्ण के भजनों पर झूमते नजर आए। हरिहर मंदिर हाईवे स्थित मढ़ी शिव मंदिर, मोहल्ला छहराहा, होली का मंदिर, चित्रगुप्त मंदिर, मोहल्ला बंजारन स्थित शिव मंदिर, बाजार गंज स्थित माता मंदिर, आदि में राधा कृष्ण की पालकी सजाई गई। बाकी मंदिरों पर रंगोली भी बनाई गई। कहीं पर कीर्तन चल रहे थे, तो कहीं पर धार्मिक भजन, जिसे देखकर क्षेत्र का माहौल कृष्ण की भक्ति में सराबोर था। वहडी ब्राह्म नान के श्री राधा कृष्ण मंदिर बालस्वरूप श्री कृष्ण की झांकी में प्रदर्शित की गई । श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर घरों में उपवास रखे गए। वहीं दूसरी ओर जन्माष्टमी के अवसर पर बाजारों में भी खरीदारी की गई। वहीं क्षेत्र के गांव रामनगर खागूवाला, मैसूवाला, तरफदलपत, राघूवाला, मानावाला, शरीफनगर, सुरजन. नगर, मुनीमपुर,रामपुर घोघर, कालाझांडा, रतूपूरा, बैजनाथपुर, कमालपुरी खालसा, गोपीवाला, निर्मलपुर, पीलकपुर गुमानी, रामपुर बलभद, फरीदनगर आदि ग्रामीण क्षेत्र में भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया। हर ओर श्री कृष्ण राधा के बाल स्वरूपों में छोटे-छोटे बच्चे दिखाई दिए। आधी रात को श्री कृष्ण जन्म पर मंदिरों में शंखनाथ किया गया। कृष्ण भक्तों ने एक दूसरे को जन्माष्टमी की बधाई देकर मंगल गीत गाए। कई स्थानों पर मटकी फोड़ के भी आयोजन किए गए


## आरआरबी परीक्षा विशेष रेलगाड़ियाँ

**मुरादाबाद, देहरादून और अलीगढ़ जं.** पर आरआरबी परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे द्वारा **दिनांक 17.08.2025 से 09.09.2025 तक** विशेष रेलगाड़ियाँ मेल/एक्सप्रेस सेवा के तौर पर संचालित की जायेंगी। इनका विवरण निम्नानुसार है:-

**04321/04322 बरेली-देहरादून-बरेली परीक्षा विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं. 04321 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04322 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 17:00 | बरेली | 04:00 | -- |
| 18:18 | 18:20 | रामपुर जं. | 05:03 | 05:05 |
| 19:05 | 19:10 | मुरादाबाद जं. | 04:20 | 04:25 |
| 19:55 | 20:00 | अमरोहा | 03:10 | 03:12 |
| 20:50 | 21:00 | गजरौला | 02:40 | 02:42 |
| 21:30 | 21:35 | मण्डी धनौरा | 01:45 | 01:47 |
| 22:05 | 22:10 | चाँदपुर सियाऊ | 01:10 | 01:12 |
| 22:40 | 22:45 | हल्दौर | 00:45 | 00:47 |
| 23:45 | 23:50 | बिजनौर | 00:20 | 00:22 |
| 00:25 | 00:30 | बसी किरतपुर | 23:42 | 23:44 |
| 01:00 | 01:30 | मुअज़्ज़मपुर नारायण | 23:00 | 23:30 |
| 02:10 | 02:15 | लक्सर जं. | 22:25 | 22:30 |
| 02:45 | 02:50 | हरिद्वार | 21:25 | 21:30 |
| 03:10 | 03:12 | रायवाला जं. | 20:35 | 20:40 |
| 04:15 | -- | देहरादून | --- | 19:00 |

चलने के दिन: **04321 बरेली** से दिनांक 17.08.2025, 18.08.2025, 19.08.2025, 20.08.2025, 21.08.2025, 27.08.2025, 28.08.2025, 31.08.2025, 01.09.2025, 02.09.2025, 03.09.2025, 07.09.2025, 08.09.2025 को **और 04322 देहरादून** से दिनांक 18.08.2025, 19.08.2025, 20.08.2025, 21.08.2025, 22.08.25, 28.08.2025, 29.08.2025, 01.09.2025, 02.09.2025, 03.09.2025, 04.09.2025, 08.09.2025, 09.09.2025 तक। **स्थान:** सामान्य

**04323/04324 बरेली-मुरादाबाद-बरेली एमइएमयू विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं. 04323 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04324 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 05:30 | बरेली | 23:00 | -- |
| 06:04 | 06:06 | बशारतगंज | 21:03 | 21:05 |
| 06:32 | 06:34 | आँवला | 20:42 | 20:44 |
| 06:52 | 06:54 | करेंगी | 20:20 | 20:22 |
| 07:02 | 07:04 | दबतरा | 20:09 | 20:11 |
| 07:30 | 07:32 | आसफपुर | 19:51 | 19:53 |
| 07:45 | 07:47 | सिसरका | 19:41 | 19:43 |
| 08:40 | 09:05 | चन्दौसी जं. | 19:29 | 19:31 |
| 09:15 | 09:17 | गुमथल | 19:17 | 19:19 |
| 09:32 | 09:34 | जरगाँव | 19:00 | 19:02 |
| 09:50 | 09:52 | राजा का सहसपुर | 18:48 | 18:50 |
| 10:08 | 10:10 | कुन्दरकी | 18:20 | 18:22 |
| 10:28 | 10:30 | मछरिया | 18:00 | 18:02 |
| 11:30 | -- | मुरादाबाद | --- | 17:45 |

चलने के दिन: **04323 बरेली** से **और 04324 मुरादाबाद से** दिनांक 17.08.2025 से 09.09.2025 तक। **स्थान:** सामान्य

उपरोक्त विशेष रेलगाड़ियों के संचालन के साथ-साथ निम्नलिखित रेलगाड़ियों में अतिरिक्त डिब्बे जोड़कर उनकी यात्री वहन क्षमता में वृद्धि करने का निर्णय लिया गया है। इनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

**17.08.2025 से 09.09.2025 तक रेलगाड़ियों के कोचों में वृद्धि**

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | कोचों में वृद्धि | स्थान/लोड वर्तमान | स्थान/लोड प्रस्तावित |
|---|---|---|---|
| 54463/64 ऋषिकेश-चन्दौसी-ऋषिकेश | 03 सामान्य | 10 | 13 |
| 54351/52/53/54 बरेली-अलीगढ़ जं.-बरेली | 02 सामान्य | 13 | 15 |
| 54383/82 नजीबाबाद जं.-गजरौला-नजीबाबाद जं. | 01 सामान्य | 10 | 11 |
| 54391/92 गजरौला-अलीगढ़ जं.-गजरौला | 01 सामान्य | 10 | 11 |
| 54395/96 नजीबाबाद जं.-मुरादाबाद-नजीबाबाद जं. | 01 सामान्य | 10 | 11 |
| 54395/96 देहरादून-सहारनपुर-देहरादून | 02 सामान्य | 13 | 15 |

**रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।**

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा-हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
2509/2025


## स्वतंत्रता दिवस पर सरकारी व अर्द्धसरकारी संस्थाओं में किया ध्वाजारोहण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** 79 वां स्वतंत्रता दिवस का राष्ट्रीय पर्व परांपरागत तरीके से सरकारी व अर्ध सरकारी संस्थाओ सहित विद्यालयो में हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालयो में छात्र-छात्राओ ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति कर शामा बांध दिया। शरीफनगर के कृषक इंटर कालेज, बीएस डिग्री कालेज कुंआखेड़ा में डॉक्टर बलराम सिंह ने ध्वा. जारोहण किया। लौंगी खुर्द स्थित हरकली देवी महाविद्यालय में कालेज प्रबंधक विनय कुमार ने ध्वाजारोहण किया। बीएस इंटर कालेज में सुभाष सिंह चौहान ने ध्वाजारोहण किया। नगरपालिका परिषद में नगरपालिका अध्यक्ष इरफान सैफी ने ध्वा. जारोहण किया। इस मौके पर बड़े बाबू विजय कुमार, दीपक कुमार, कलीमुद्दीन, सतीश शर्मा, आरिफ खान, अनीस अहमद आदि मौजूद रहे। नगर में काशीपुर रोड पर स्थित पशुपति एक्रोलोन लिमिटेड में ध्वारोहण किया। नगर में रमनावाला रोड स्थित कृष्ण नेशनल स्कूल और कृष्णा महाविद्यालय में प्रबंधक नरेश कुमार चौहान द्वारा ध्वाजारोहण किया गया। इस मौके पर गौरव चौहान, लकी चौहान , वरूण राय, सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। सुल्तानपुर दोस्त स्थित धर्मवीर सिंह मैमोरियल डिग्री कालेज मास्टर महेंद्र सिंह ने ध्वाजारोहण किया व श्रीरामगोपाल डिग्री सुल्तानपुर दोस्त में धर्मदास सिंह ने ध्वाजारोहण किया। नगर के एस, एजुकेशन जूनियर हाई स्कूल में शाहिद हुसैन ने ध्वाजारोहण किया। ब्लाक कार्यालय पर ब्लाक प्रमुख संजना सैनी और डॉ. वीर सिंह सैनी ने संयुक्त रूप से किया। खंड विकास अधिकारी उमाकांत मुदगल , एडीओ पंचायत योगेंद्र सिंह, अतीक अहमद, अनिल कुमार, एडीओ कृषि नौबहार सिंह, एडीओ युवा कल्याण नवीन चौहान आदि मौजूद रहे। वहीं नगर में बाबूरामपाल सिंह द्वार पर स्योहारा जसपुर डिलारी प्राइवेट बस ऑनर्स एसोसिएशन ठाकुरद्वारा कार्यालय पर यूनियन अध्यक्ष गुडडू राजपूत ने ध्वारोहण किया। इस मौके पर सचिव मुशाहिद चौधरी, उपाध्यक्ष मुकुल चौहान आदि मौजूद रहे।



## राजेश कुमार पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया

### अपर जनपद न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह ने किया ध्वजारोहण

**चन्दौसी।** 15 अगस्त, शुक्रवार को नगर के सैमरटोला स्थित राजेश कुमार पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ मनाया गया। प्रात:काल से ही विद्यालय प्रांगण देशभक्ति के रंग में रंग चुका था। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे अपर जनपद न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) सम्भल अवधेश कुमार सिंह का विद्यालय परिवार ने आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ न्यायाधीश द्वारा विद्यालय प्रांगण में ध्वजारोहण कर किया गया। जैसे ही तिरंगा लहराया, समस्त छात्र-छात्राओं, शिक्षकगण एवं उपस्थित अतिथियों ने राष्ट्रगान गाकर वीर शहीदों को नमन किया। राष्ट्रध्वज के सम्मान में समूचा वातावरण भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से गूंज उठा। ध्वजारोहण के पश्चात् न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया। विद्यालय प्रबंधक एस.के. सक्सैना एवं प्रधानाचार्य राजेश कुमार ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छोटे बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर नृत्य कर माहौल को जोश और उत्साह से भर दिया। छात्राओं ने कविताओं और नाट्य मंचन के माध्यम से स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष की झलक पेश की। मुख्य अतिथि अवधेश कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल एक पर्व नहीं, बल्कि यह हमारे बलिदानी पूर्वजों को याद करने और उनके सपनों का भारत गढ़ने का संकल्प लेने का अवसर है। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि वे शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रहित में सदैव जागरूक नागरिक बनने का प्रयास करें क्योंकि हमारे देश का स्वतंत्र कराने में हमारे पूर्वजों ने बलिदान दिया। इस अवसर पर वर्षा गर्ग, अलका सक्सैना, प्रवीन रस्तोगी आदि सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ, छात्र-छात्राएं और अभिभावकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## एक नजर

### महिला के साथ रेप करने के आरोपी जेठ को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में महिला के साथ रेप करने के आरोपी जेठ को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया वहीं अन्य आरोपियों की तलाश चल रही है। बिलारी थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाली महिला ने अपने पति आमिर पुत्र यामीन निवासी इकरार नगर थाना अमरोहा के विरुद्ध दहेज के लिए प्रत्याड़ित कर मारपीट करने वाले और जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया था। इसके अलावा जेठ सलमान पर बलात्कार का आरोप लगाया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी जेठ सलमान को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

### फुरकान बने सपा में जिला महासचिव



**कांठ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशन एवं प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की संतुति पर, समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष जयवीर सिंह यादव द्वारा फुरकान अली को समाजवादी पार्टी मुरादाबाद का जिला महासचिव मनोनीत किया गया। कहा कि यह मनोनय संगठन को और मजबूत करेगा और समाजवादी विचारधारा को गांव-गांव, गली-गली तक पहुँचाने में सहायक सिद्ध होगा।

### अपर आयुक्त सर्वेश कुमार गुप्ता ने आयुक्त कार्यालय परिसर में किया ध्वजारोहण

**मुरादाबाद।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उन्होंने सभी को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्र हित सर्वोपरि है। हम सभी को अपने व्यक्तिगत हितों से ऊपर उठकर राष्ट्रहित की भावना को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित देश की संकल्पना को साकार करने की जिम्मेदारी देश के नवयुवकों पर है। कृषि, सेवा और उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों को सरकार द्वारा मजबूती दी जा रही है। साथ ही किसानों की आय बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इन सभी प्रयासों का उद्देश्य देश के सभी क्षेत्र को मजबूत बनाकर वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाना है।

### किसान यूनियन ( भानु ) की तिरंगा यात्रा

**अगवानपुर।** नगर पंचायत अगवानपुर में 79 वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय किसान यूनियन (भानु) के तत्वावधान में नगर पंचायत अगवानपुर से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य देश में एकता, भाईचारे और राष्ट्रीय गौरव का संदेश देना था। यात्रा का नेतृत्व संगठन के उत्तर प्रदेश प्रमुख महासचिव जाहिद हुसैन ने किया। उन्होंने कहा कि "हम हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई ख्र सभी एक हैं और कोई भी हमें अलग नहीं कर सकता। 1947 में मिली आजादी की खुशी आज भी उतनी ही महत्वपूर्ण है और हम सबको इसे मिलकर मनाना चाहिए।" इस अवसर पर मंडल महासचिव तबरेज आलम ने भी कहा कि "तिरंगा हमारी आन-बान और शान है। इसकी लहराती हुई पताका हमें हमेशा यह याद दिलाती है कि हमारी आजादी लाखों बलिदानों की देन है और हमें इसे हर हाल में सम्मानित रखना है।" तिरंगा यात्रा नगर पंचायत अगवानपुर से शुरू होकर आंबेडकर पार्क तक पहुंची। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था संभालने में अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मुरादाबाद पुलिस के सहयोग के लिए यूनियन पदाधिकारियों ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर दानिश खान, ओमकार सिंह चौहान, गजन फरूल्ला, फरमान अली, मोहम्मद आरिफ, परवेज आलम, राहुल चौधरी, जुनैद आलम, मोनू , गल्लू बिश्राई सहित बड़ी संख्या में यूनियन पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### छह वर्षीय किशोरी से युवक ने किया दुष्कर्म

**भोजपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में नानी के घर को जा रही छह वर्षीय किशोरी को युवक रास्ते में से गगन मंगाने के बहाने घर को ले गया और कमरे में बंद करके उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देकर घर से भगा दिया। शनिवार की दोपहर ग्यारह बजे छह वर्षीय किशोरी घर से गांव में ही अपनी नानी के घर को जा रही थी।घ महिला का कहना है कि रास्ते में अनस पुत्र बब्बू उसे गगन मंगाने के बहाने से बहला फुसलाकर अपने घर को ले गया। किशोरी को कमरे में लेजाकर उसके साथ दुष्कर्म करने के बाद घर से बाहर निकाल दिया। बालिका रोती बिलखती घर पहुंची तो उसकी हालत देखकर परिजनों के होश उड़ गए। बालिका के गुप्तांग से ब्लीडिंग हो रही थी। परिजन बालिका को लेकर आरा. पी के घर पहुंचे तो युवक घर पर नही मिला। ग्रामीणों ने कमरे में जाकर देखा तो फर्स पर खून पड़ा मिला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर युवक के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए महिला चिकित्सालय भेज दिया। आरोपी फरार बताया जा रहा है।

### भारत विकास परिषद ने मनाया स्वतंत्रता दिवस



**मुरादाबाद।** भारत विकास परिषद शिवाजी शाखा द्वारा आज 79 वां स्वतंत्रता दिवस बड़े गर्व के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस पावन अवसर पर सर्व प्रथम ध्वजारोहण शाखा अध्यक्षश्री डाक्टर आर के शर्मा एवं सम्मानीय पार्षद श्रीमती कविता गुप्ता द्वारा किया गया राष्ट्रीय गान गाया गया..तत्पश्चात मिष्ठान बितरण किया गया। समारोह में शाखा अध्यक्ष डाक्टर आर के शर्मा..संरक्षक श्री पी के अग्रवाल..सचिव एस के दीक्षित उपाध्यक्ष श्री अनुष बंसल. .डाक्टर अंशुमान गौड.. अरुण मित्तल..एवं श्री सुनील सिन्हा आदि के अतिरिक्त क्षेत्रवासी भी उपस्थित रहे।

### श्रीकृष्ण में अनेक श्रेष्ठताएं समाहित थी आचार्य अनुज शास्त्री



**मुरादाबाद।** आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद पर दो दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व प्रारंभ हुआ। आयोजन के प्रारंभ में आचार्य अनुज शास्त्री ने सुमित आर्य -सुमन आर्य, रविंद्र आर्य -सत्यवती, अजब सिंह आर्य -पूजा एवं निर्मल आर्य -प्रीता आर्य की यज्ञमानी में वैदिक रीति से यज्ञ संपन्न कराया तत्पश्चात आचार्य कुलदीप विद्यार्थी ने श्रीकृष्ण के सद्चरित्र से ओतप्रोत भजन प्रस्तुत किये। मुख्य अतिथि के रुप मुरादाबाद लोकसभा सांसद बहिन रुचि वीरा उपस्थित रही। जिनका आर्य समाज में वैदिक संस्कृति के अनुरूप भव्य स्वागत किया गया। विशिष्ट अतिथि के रुप में अधिसाशी अभियंता प्रमोद कुमार यादव रहे। इस अवसर पर आचार्य अनुज शास्त्री ने श्रीकृष्ण के सम्बंध में बताया कि श्रीकृष्ण जन्म से ही प्रतिभावान रहे। श्रीकृष्ण शारीरिक रुप से दक्ष और निपुणता से पूर्ण थे। उनका ब्रह्मचर्य श्रेष्ठता को प्राप्त था अनेक योद्धाओं का बल अकेले कृष्ण में समाहित था। श्रीकृष्ण ने ब्रह्मचर्य जीवन में ही गुरु संदीपन के आश्रम में वेद मंत्रों का वैज्ञानिक अनुसंधान किया। उनके वैज्ञानिक अनुसंधान का प्रतिफल यह रहा कि उन्होंने ध्वनि विज्ञान की उपलब्धि के रुप पशु और पक्षियों की आवाज को को जाना की यह क्या बात करते है,कहते हैं?दूसरी वैज्ञानिक अनुसंधान की उपलब्धि सुदर्शन चक्र को धारण किया तीसरी वैज्ञानिक उपलब्धि दिन को रात और रात को दिन करने प्राप्त की । श्रीकृष्ण १६कलाओ में भी को तार्किक दृष्टि अनुकरण किया। विवाह के बाद उत्तम संतान को प्राप्त करने नके लिए १२वर्ष तक योगाभ्यास करने के कारण ही श्रीकृष्ण को योगीराज कहा गया।

राधा का श्रीकृष्ण से कोई संबंध नहीं है ना ही श्रीकृष्ण के जीवन से ओतप्रोत किसी पुस्तक में राधा का संबंध नहीं है। इस अवसर पर ज्ञानेंद्र गांधी डा अभय श्रोत्रिय रमेश सिंह आर्य,डा आलोक कुमार अरविन्द आर्यबंधु निर्मल आर्य डा राममुनि अजब सिंह आर्य लोकेश आर्य रविंद्र आर्य रमाशंकर आर्य वीर के अग्रवाल, मयंक आर्य वीरेंद्र आर्य, कपिल आर्य,सूर्य प्रकाश द्विवेदी ऊषा गुप्ता प्रभा आर्य, शन्नो देवी मीरा सोती आशा जैमिनी कुसुम आर्य पुष्पा शास्त्री,प्रीता आर्य ऋषिपाल सिंह यादव आशा यादव आदि उपस्थित रहे।

प्रस्तुति- एस0के0 सक्सैना 9897489688, एस.पी. सिंह, अरविन्द पाल 9389424240, सरविन्दर यादव, जुगल किशोर शर्मा, सुबोध पाल

स्वतंत्रता दिवस व कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
न्यू विशाल टैन्ट हाउस
शादी समारोह में बर्थ-डे पार्टी, कैटरिंग आदि के सम्पर्क करें।
प्रो० राजू यादव
रामनगर कैथल, चन्दौसी (सम्भल) मो० 8954240516

ग्राम प्रधान कैथल की ओर से समस्त ग्रामवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
प्रेम यादव, ग्राम प्रधान कैथल
ब्लाक बनियाखेड़ा M. 9634778459
अपील
ग्राम पंचायत कूड़ा निर्धारित स्थानों पर डालें।
अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें।
टंकी खुली न छोड़े। जल है तो कल है।
प्रत्येक ग्रामवासी घरो पर तिरंगा लगायें।
मच्छरों की लारवा को न पनपने दें।
सचिव- प्रेमपाल
ग्राम पंचायत, कैथल

ग्राम पंचायत पथरा तारापुर की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंतता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती पूनम प्रधान
ग्राम पंचायत पथरा, तारापुर, पुत्रवधु छोटेलाल पूर्वप्रधान पथरा, ब्लॉक बनियाखेड़ा (चन्दौसी)
छोटेलाल पूर्व प्रधान पथरा
M. 9720331325

HAPPY INDEPENDENCE DAY
RAJESH KUMAR PUBLIC SCHOOL
ENGLISH MEDIUM, N.C. TO VIII
Semartola, Kaithal Gate, Chandausi
Mob. 9897489688, 8077202311
MD RAJESH KUMAR
MA, B.Ed.
VARSHA GARG
MA, B.Ed.
Principal

आप सभी जनपदवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अंकित जैन
जिला कोषाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी

स्वतंत्रता दिवस व कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
मानवाधिकार
एवं सामाजिक सुरक्षा संरक्षण (रजि०)
भारत सरकार द्वारा निबंधित रजि० 460/561/2023
राष्ट्रीय अध्यक्ष
रामबाबू गुप्ता (सामलिया)
क्षेत्रीय कार्यालय-
आजाद रोड, चन्दौसी (सम्भल)
9720140222, 7906335285

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रेखा रानी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत मिट्ठनपुर मौजा, ब्लॉक बनियाखेड़ा, चन्दौसी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मुन्ना लाल सागर
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत अटवा, ब्लॉक बनियाखेड़ा, चन्दौसी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कमल सिंह यादव
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत विचेटाकाजी, ब्लॉक बनियाखेड़ा, चन्दौसी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अनिरुद्ध कुमार
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत डारनी, ब्लॉक बनियाखेड़ा, चन्दौसी
सचिव- उरमान अली

आज़ादी का अमृत महोत्सव
सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा
घर-घर फहराये तिरंगा प्यारा
एफ. आर. इण्टर कॉलेज, चन्दौसी
छात्र/छात्राओं का सह शिक्षा केन्द्र
(शिक्षा का उत्कर्ष संस्थान)
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
हाजी मु० फरीद शमसी (प्रबन्धक)
अशफाक भारती (एड०) (अध्यक्ष)
वसीमुद्दीन (प्रधानाचार्य)

आज़ादी का अमृत महोत्सव
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं।
CCC परीक्षा का अधिकृत संस्थान
प्रबन्धक
उदय तिवारी
M. 9720171252
NIELIT
INSTITUTE OF HARDWARE TECHNOLOGY
Add: Opp. S.M. Inter College, Station Road, Chandausi (Sambhal)

चन्दौसी भारत गैस एजेन्सी की ओर से सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभाकांक्षी-
आयशा अख्तर
चन्दौसी भारत गैस
एफ०आर० रोड, चन्दौसी
हाजी वसीम अख्तर
9711130399

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
चौ० मनोज कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
योगेन्द्र सिंह सिरोही
जिला अध्यक्ष गौरक्षा सेवा समिति धुरसरी
7895904341

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विजय सिंह उर्फ भूरे
ग्राम प्रधान
मौलागढ़, ब्लॉक बनियाखेड़ा, चन्दौसी

# पाक में बाढ़ का कहर, मृतकों का आंकड़ा 300 के पार

## खैबर पख्तूनख्वा में हुई बारिश ने तबाही मचाई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में हुई बारिश ने तबाही मचा दी है। कई दिनों से हो रही मूसलधार बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं ने अब तक 300 से अधिक लोगों की जान ले ली है। प्रांतीय अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि अचानक आई बाढ़ में 307 लोग मारे गए, जिनमें से बुनेर में कम से कम 184 लोगों की मौत हुई।

शांगला में 36 लोगों की मौत हुई, जबकि मनसेहरा में 23, स्वात में 22, बाजौर में 21, बट्टाग्राम में 15, लोअर दीर में पांच, जबकि एबटाबाद में एक बच्चा डूब गया। शुक्रवार को आई विनाशकारी बाढ़ ने सड़कों, पुलों, इमारतों और बिजली प्रतिष्ठानों सहित बुनियादी ढांचे को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया है। डान की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने कहा कि बाढ़ के दौरान लापता हुए लोगों की संख्या का पता पानी कम होने के बाद ही चल पाएगा। पीडीएमए ने नुकसान का आकलन जारी रखते हुए बताया कि सात घर नष्ट हो गए और 38 क्षतिग्रस्त हो गए, जिनमें से ज्यादातर स्वात जिले में हैं। पीडीएमए ने आगे बताया कि तीन स्कूल नष्ट हो गए और तीन अन्य क्षतिग्रस्त हो गए। डान की रिपोर्ट के अनुसार, प्राधिकरण ने चेतावनी दी है कि प्रांत के विभिन्न हिस्सों में 21 अगस्त तक बारिश जारी रहेगी। खैबर पख्तूनख्वा सरकार ने शनिवार को एक दिन के शोक की घोषणा की है। इसमें बचाव अभियान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हुए एमआई-17 हेलीकाप्टर के चालक दल के पांच सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गई, जो शहीद हो गए। अचानक आई बाढ़ के बाद बुनेर जिले में बचाव दल की 1122 टीमों ने 300 स्कूली बच्चों समेत 2,071 फंसे हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। उपायुक्त काशिफ कय्यूम ने बताया कि आपदा प्रभावित इलाकों में राहत कार्य जारी रहने के कारण पूरे जिले में आपातकाल घोषित कर दिया गया है। मनसेहरा में दपुलिस ने कघन घाटी के ऊपरी इलाकों में फंसे सात पर्यटकों को बचाया। वे सिमिक्सर झील घूमने आए थे, लेकिन बारिश और भूस्खलन के कारण फंस गए। पूरे दिन जिले में बारिश होती रही, जिससे सिंधु, सिरेन और कुनहर नदियां और उनकी सहायक नदियां खतरनाक रूप से उफान पर आ गईं। जिला प्रशासन ने सिरेन घाटी में पर्यटकों के आने पर प्रतिबंध लगा दिया है। सिंधु नदी में जल स्तर बढ़ने के कारण स्थानीय अधिकारियों द्वारा उचार नाला क्षेत्र में काराकोरम राजमार्ग पर आवाजाही प्रतिबंधित करने के बाद खैबर पख्तूनख्वा और गिलगित-बाल्टिस्तान के बीच यात्रा करने वाले यात्री और पर्यटक ऊपरी कोहिस्तान में फंस गए। एबटाबाद शहर बुरी तरह प्रभावित हुआ, लगभग सभी मुख्य सड़कें जलमग्न हो गईं, जिससे बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए। पीएमए काकुल रोड, मीरपुर मंडियन रोड, सप्लाई रोड, काराकोरम हाईवे, सेठी मस्जिद रोड, इकबाल रोड, बांदा दलाजक, बांदा खैर अली खान रोड, त्रकाना और सिएना लैबोरेटरी के पास लिंक रोड सहित प्रमुख सड़कें जलमग्न हो गईं। निचले दीर के कंबट और शाही इलाकों के दूसरी तरफ पानी का बहाव तेज होने के कारण शाही इलाके में 25 से ज्यादा पर्यटक और उनके वाहन फंस गए। फ्रंटियर कोर 181 विंग, रेस्क्यू 1122 और जिला प्रशासन के जवानों ने उन्हें बाहर निकाला। बाढ़ का पानी 132 किलोवाट ग्रिड स्टेशन में घुस गया, जिससे 41 फीडर ट्रिप हो गए और पूरे क्षेत्र में बिजली का प्रसारण पूरी तरह ठप हो गया। मालम जब्बा को बिजली आपूर्ति करने वाला फीडर भी जलमग्न हो गया, जिससे भारी नुकसान हुआ। अचानक आई बाढ़ में कई बिजली के खंभे और ट्रांसफार्मर भी बह गए।



■ सड़कों, पुलों, इमारतों और बिजली प्रतिष्ठानों सहित बुनियादी ढांचे को बुरी तरह नुकसान पहुंचाया



अलास्का। एंकोरेज में संयुक्त बेस एल्मेंडोर्फ-रिचर्डसन में अपनी बैठक से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन।

## लेबनान के प्रधानमंत्री ने की हिज्जबुल्लाह की गृहयुद्ध की धमकी की निंदा

**बेरूत।** लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने हिज्जबुल्लाह नेता नईम कासिम के समूह को निरस्त्र करने के सरकार के फैसले को लेकर गृहयुद्ध की धमकी दिए जाने की निंदा की है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने वीडियो पोस्ट में कहा कि कासिम के भाषण में गृहयुद्ध की छिपी हुई धमकी थी और ये धमकियां पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं। उन्होंने उन दावों को भी निराधार बताया कि लेबनानी सरकार 'एक अमेरिकी-इज़रायली परियोजना' चला रही है। उन्होंने कहा कि हमारे फ़ैसले पूरी तरह से लेबनानी हैं, जो हमारी मंत्रिपरिषद के भीतर लिए गए हैं और कोई भी इन्हें हम पर थोपता नहीं है। इससे पहले कासिम ने शुक्रवार को इजरायली हमले के जवाब में कहा था कि हिज्हजबुल्ला अपने हथियार नहीं छोड़ेगा और जरुरत पड़ने पर युद्ध के लिए तैयार है।

## संक्षिप्त समाचार

### नाइजर में भारी बारिश से 23 लोगों की मौत, 21 घायल

**नियामी।** नाइजर में मूसलाधार बारिश से इस वर्ष अब तक 23 लोगों की मौत हो गई है और अन्य 21 लोग घायल हो गए। राष्ट्रीय अग्निशमन समूह के कमांडर ने यह जानकारी दी। लेफ्टिनेंट कर्नल अली अब्दुल अजीज ने कहा कि बारिश के कारण 3615 घर ढह गए और 5855 परिवार विस्थापित हो गए जिससे कुल 42559 लोग प्रभावित हुए। उन्होंने लोगों से अपील की है कि बारिश के दौरान या उसके बाद वे जलमार्गों को पार करने, जल निकासी मार्गों को अवरुद्ध करने, संभावित खतरनाक क्षेत्रों में रहने तथा अस्थाई आश्रयों में रहने से बचें।

### विदेश सचिव विक्रम मिस्री कल दो दिन की यात्रा पर नेपाल जाएंगे

**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विक्रम मिस्री रविवार को नेपाल की दो दिन की आधिकारिक यात्रा पर रवाना होंगे। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि मिस्री की दो दिन की यह यात्रा नेपाल के विदेश सचिव अमृत बहादुर राय के निमंत्रण पर हो रही है। मंत्रालय ने कहा है कि भारत तथा नेपाल के बीच मज़बूत और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं और दोनों देशों के बीच हाल के वर्षों में सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में ठोस प्रगति हुई है।

### कनाडा में जंगल की आग बुझाते समय हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

**ओटावा।** कनाडा के दक्षिण-पूर्वी प्रांत नोवा स्कोटिया में जंगल की आग से बुझाते समय एक हेलीकॉप्टर शुक्रवार दोपहर एक झील में दुर्घटनाग्रस्त हो गया लेकिन पायलट को सुरक्षित बचा लिया गया। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी। प्रांतीय प्राकृतिक संसाधन विभाग का हवाला देते हुए सीबीसी न्यूज ने कहा कि एनापोलिस काउंटी में आग बुझाने के दौरान हेलीकॉप्टर झील में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### पश्चिमी रूस में आग लगने से 11 लोगों की मौत, 130 घायल

**मास्को।** पश्चिमी रूस के रियाजान क्षेत्र में एक औद्योगिक कारखाने में आग लगने से 11 लोगों की मौत हो गई और 130 अन्य घायल हो गए। रूस के आपातकालीन स्थिति मंत्रालय ने शनिवार को अपने टेलीग्राम चैनल पर बताया कि मलबा हटाने के दौरान दो और लोगों के शव मिले। इस मामले में ताजा सूचना मिलने तक 11 लोगों की मौत हो गई और 130 लोग घायल हो गए। मंत्रालय के अनुसार इससे पहले एक व्यक्ति को मलबे से बचाया गया था जिसका पता एयर-मोबाइल समूह ग्रुप ने लगाया था।

# रूस से तेल लेने वाले देशों पर प्रतिबंध नहीं: ट्रम्प

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा: भारत पर 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ से रूस ने एक बड़ा ग्राहक खोया

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वो फिलहाल रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर प्रतिबंध लगाने पर विचार नहीं कर रहें है। ट्रम्प ने कहा कि मुझे इसके (टैरिफ के) बारे में दो या तीन हफ्ते में सोचना पड़ सकता है, लेकिन हमें इसके बारे में तुरंत सोचने की जरूरत नहीं है। फॉक्स न्यूज के साथ इंटरव्यू में ट्रम्प ने कहा कि भारत के रूसी तेल व्यापार पर 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगने से रूस ने एक बड़ा तेल ग्राहक खो दिया है। चीन पर इसी तरह के टैरिफ रूस के लिए विनाशकारी होंगे। अगर मुझे ऐसा करना पड़ा, तो मैं करूंगा, लेकिन शायद मुझे ऐसा करने की जरूरत नहीं होगी।

दरअसल, ट्रम्प ने भारत पर रूस से तेल और हथियार खरीदने के लिए 6 अगस्त को 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया था। 27 अगस्त से लागू होगा। इसके बाद भारत पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत हो जाएगा। हालांकि, भारत साफ कर चुका है कि ट्रम्प की धमकियों के बाद रूसी तेल खरीदारी में कोई रोक नहीं लगी है। वही, ट्रम्प-पुतिन ने अलास्का में शुक्रवार (15 अगस्त) देर रात यूक्रेन जंग पर बातचीत की। भारत ने इस कदम का स्वागत किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा: दुनिया रूस-यूक्रेन जंग खत्म होते देखना चाहती है। ट्रम्प-पुतिन की बातचीत से पहले अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने भारत पर एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। ब्लूमबर्ग से बात करते हुए उन्होंने कहा था-ये टैरिफ शुक्रवार को अलास्का में होने वाली अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति पुतिन की मुलाकात के नतीजे पर निर्भर करेगा।

इससे पहले ट्रम्प ने भी 13 अगस्त को चेतावनी दी थी कि अगर मॉस्को शांति समझौते पर सहमत नहीं हुआ तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। एक अलग इंटरव्यू में फॉक्स न्यूज से बात करते हुए स्कॉट बेसेंट ने कहा कि व्यापार को लेकर बातचीत में भारत का कुछ ज्यादा अड़ियल रुख रहा है। इस महीने की शुरुआत में बातचीत तब रुक गई थी, जब ट्रम्प ने भारत के रूस से व्यापार और अन्य मतभेदों पर चर्चा आगे बढ़ाने से मना कर दिया था। भारत, चीन के बाद रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। यूक्रेन युद्ध से पहले भारत रूस से सिर्फ 0.2 प्रतिशत (68 हजार बैरल प्रतिदिन) तेल इम्पोर्ट करता था। मई 2023 तक यह बढ़कर 45 प्रतिशत (20 लाख बैरल प्रतिदिन) हो गया, जबकि 2025 में जनवरी से जुलाई तक भारत हर दिन रूस से 17.8 लाख बैरल तेल खरीद रहा है। पिछले दो साल से भारत हर साल 130 अरब डॉलर (11.33 लाख करोड़ रुपये) से ज्यादा का रूसी तेल खरीद रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने भारत पर 6 अगस्त को 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। उन्होंने इससे जुड़े एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन किए। यह आदेश 27 अगस्त से लागू होगा। एग्जीक्यूटिव ऑर्डर में कहा गया है कि रूसी तेल खरीद की वजह से भारत पर यह एक्शन लिया गया है। इससे पहले उन्होंने 30 जुलाई को भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ का ऐलान किया था। अब भारत पर कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगेगा। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस कार्रवाई को गलत बताया है। एकरिपोर्ट के मुताबिक, अब इसके जवाब में भारत भी चुनिंदा अमेरिकी प्रोडक्ट्स पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने पर विचार कर रहा है।



■ भारत साफ कर चुका है कि ट्रम्प की धमकियों के बाद रूसी तेल खरीदारी में कोई रोक नहीं लगी है

### यूरोपीय संघ के नेताओं ने जेलेंस्की के साथ संयुक्त वक्तव्य तैयार किया: डोनाल्ड टस्क

**ब्रुसेल्स।** पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने शनिवार को कहा कि यूरोपीय संघ(ईयू) के नेताओं ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत पर विस्तृत जानकारी दिए जाने के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की के साथ संयुक्त वक्तव्य तैयार किया है। टस्क ने एक्स पर लिखा कि राष्ट्रपति ट्रम्प की ओर से दी गई जानकारी और अलास्का बैठक के परिणामों का मूल्यांकन करने वाले यूरोपीय नेताओं के बीच बातचीत समाप्त हो गई है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जर्मन चांसलर फेडरिक मर्ज़, ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर, इतालवी प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के साथ हमने ज़ेलेंस्की की राय सुनी और एक संयुक्त वक्तव्य तैयार किया। पुतिन और ट्रम्प शुक्रवार को अलास्का के एंकोरेज में मिले। दोनों नेताओं के बीच बातचीत तीन-पर-तीन प्रारूप में हुई और दो घंटे 45 मिनट तक चली।

# गुटेरेस पुतिन-ट्रम्प बैठक के सकारात्मक नतीजों के प्रति आशान्वित

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने अमेरिका के अलास्का में हुए रूस-अमेरिका शिखर सम्मेलन का स्वागत किया है। यह जानकारी गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने दी। दुजारिक ने कहा कि हमने अलास्का में शुक्रवार को अमेरिका और रूसी संघ के राष्ट्रपतियों के बीच हुई शिखर वार्ता पर ध्यान दिया है। हम सदस्य देशों के बीच निरंतर रचनात्मक संवाद का स्वागत करते हैं।

उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र इस बात पर ज़ोर दे रहा है कि कोई भी शांति प्रयास या समझौता संयुक्त राष्ट्र घोषणापत्र के सिद्धांतों के अनुरूप होना चाहिए जिसमें यूक्रेन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान भी शामिल है। उन्होंने कहा कि गुटेरस ने यूक्रेन में शांति की दिशा में पहला कदम उठाते हुए तत्काल पूर्ण रूप से बिना शर्त युद्धविराम का अपना आह्वान दोहराया है। प्रवक्ता के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र इस दिशा में सभी सार्थक प्रयासों का समर्थन करता है। गौरतलब है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच शिखर बैठक अलास्का के एंकोरेज स्थित एल्मेंडॉर्फ-रिचर्डसन सैन्य अड्डे पर हुई। यह वार्ता लगभग तीन घंटे तक चली। बैठक में रूसी पक्ष की ओर से रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और रूसी राष्ट्रपति के सहायक यूरी उशाकोव तथा अमेरिका की ओर से विदेश मंत्री मार्को रुबियो और अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने भाग लिया। इस बीच दुजारिक ने कहा हम एक न्यायसंगत, स्थायी और व्यापक शांति स्थापित करने की दिशा में पहला कदम उठाते हुए तत्काल, पूर्ण और बिना शर्त युद्धविराम चाहते हैं जो यूक्रेन की संप्रभुता, उसकी क्षेत्रीय अखंडता और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सीमा के अंदर यूक्रेन की स्वतंत्रता को बरकरार रखे तथा संयुक्त राष्ट्र घोषणापत्र, अंतर्राष्ट्रीय कानून और सभी प्रासंगिक संयुक्त राष्ट्र प्रस्तावों के अनुरूप हो।

■ हम सदस्य देशों के बीच निरंतर रचनात्मक संवाद का स्वागत करते हैं: स्टीफन

## ब्राजील के स्वास्थ्य मंत्री ने पारिवारिक वीजा रद्द करने पर अमेरिका की आलोचना की

**साओ पाउलो।** ब्राजील के स्वास्थ्य मंत्री एलेक्जेंडर पैडिल्हा ने शुक्रवार को अमेरिकी सरकार द्वारा उनकी पत्नी और 10 वर्षीय बेटी के पर्यटक वीजा रद्द करने के निर्णय को 'कायरतापूर्ण' करार दिया और कहा कि यह उन लोगों को डराने की कोशिश है जो वाशिंगटन के सामने झुकने से इनकार करते हैं।

पैडिल्हा के अनुसार, यह कदम ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो पर ब्राजील द्वारा लगातार चलाए जा रहे मुकदमे के कारण लगाए गए अमेरिकी प्रतिबंधों का हिस्सा है जो तख्तापलट की कोशिश करने के आरोप में नजरबंद हैं। ग्लोबोन्यूज के साथ एक साक्षात्कार में पैडिल्हा ने कहा कि बोल्सोनारो का गुट इस कदम के पीछे है तथा उन्होंने इस सोच का मजाक उड़ाया कि 10 साल का बच्चा अमेरिका के लिए खतरा बन सकता है। इस महीने की शुरुआत में अमेरिकी प्रशासन ने ब्राजील के सामानों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया था और ब्राजील के सुप्रीम फेडरल कोर्ट पर बोल्सोनारो मामले को छोड़ने के लिए दबाव डाला था।

■ इस महीने की शुरुआत में अमेरिकी प्रशासन ने ब्राजील के सामानों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया था

## अल्जीरिया में बस दुर्घटना में 18 की मौत

**अल्जीयर्स।** अल्जीरिया की राजधानी अल्जीयर्स के पूर्व में ईएल हर्राच क्षेत्र में शुक्रवार को एक यात्री बस पुल से नदी में गिरने से कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई और अन्य नौ घायल हो गए हैं। अल्जीरिया की नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने इस दुर्घटना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना शाम लगभग 5:45 बजे हुई। उन्होंने बताया कि घायलों में से दो की हालत गंभीर है। पीड़ितों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया है जबकि मृतकों के शवों को शवगृह में रखा गया है। एजेंसी ने दुर्घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर 25 एम्बुलेंस, 16 गोताखोर और चार नावों को भेजकर बचाव कार्य शुरू किया।

# सीएटल के स्पेस नीडल पर पहली बार तिरंगा फहराया

## वर्ष 1962 में वर्ल्ड फेयर के लिए निर्मित स्पेस नीडल अमेरिका के प्रशांत उत्तर-पश्चिम क्षेत्र के तकनीकी केंद्र सीएटल का प्रतीक है

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अमेरिका के सीएटल शहर में उस समय एक ऐतिहासिक पल देखने को मिला जब पहली बार प्रतिष्ठित स्पेस नीडल पर भारतीय तिरंगा फहराया गया। वर्ष 1962 में वर्ल्ड फेयर के लिए निर्मित स्पेस नीडल अमेरिका के प्रशांत उत्तर-पश्चिम क्षेत्र के तकनीकी केंद्र सीएटल का प्रतीक है।

इस ऐतिहासिक क्षण में सीएटल के मेयर ब्रूस हेरेल, भारत के महावाणिज्य दूत और शहर के अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया उन्होंने अमेरिका के प्रशांत उत्तर-पश्चिम में एक तकनीकी केंद्र के रूप में सीएटल को स्थापित करने में भारतीय अमेरिकी प्रवासियों के योगदान की सराहना की। भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा अलग से एक सामुदायिक स्वागत समारोह का आयोजन सुंदर केरी पार्क में किया गया, जहां से सीएटल के क्षितिज का व्यापक दृश्य दिखाई दे रहा था तथा पृष्ठभूमि में स्पेस नीडल के शीर्ष पर भारत का तिरंगा ध्वज लहरा रहा था, जहां बड़ी संख्या में भारतीय अमेरिकी समुदाय के सदस्य इस ऐतिहासिक दृश्य देखने के लिए उपस्थित थे। केरी पार्क स्वागत समारोह में कई अमेरिकी गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए जिनमें अमेरिकी कांग्रेस सदस्य एडम स्मिथ, वाशिंगटन सुप्रीम कोर्ट की मुख्य न्यायाधीश माननीय डेबरा एल- स्टीफंस, सिएटल पोर्ट कमिश्नर सैम चो और सीएटल पार्क एवं मनोरंजन के अधीक्षक/निदेशक एपी डियाज़ शामिल हैं। स्मिथ ने ऐतिहासिक समारोह का स्वागत किया और कहा कि स्पेस नीडल के ऊपर फहराया गया भारतीय तिरंगा इस क्षेत्र की विविधता और भारत तथा प्रशांत उत्तर-पश्चिम के बीच मजबूत संबंधों का प्रतीक है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत, भारतीय कला रूपों को प्रदर्शित करने वाली सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुति और प्रसिद्ध कलाकार और अभिनेता पीयूष मिश्रा द्वारा काव्य पाठ शामिल रहा। सीएटल, स्पोकेन, टैकोमा और बेलेव्यू सहित किंग काउंटी ने 15 अगस्त को भारत दिवस घोषित किया। ल्यूमेन स्टेडियम, टी-मोबाइल स्टेडियम, वेस्टिन, सीएटल ग्रेट व्हील और स्पेस नीडल सहित कई प्रतिष्ठित इमारतें तिरंगे के रंगों में रोशन हुईं। टैकोमा डोम, टैकोमा सिटी हॉल और टैकोमा पुलिस व अग्निशमन विभाग के मुख्यालयों पर भी तिरंगा फहराया गया। उल्लेखनीय है कि नवंबर 2023 में सीएटल में भारत के छठे वाणिज्य दूतावास के खुलने के बाद से भारत और इस क्षेत्र के बीच संबंध और गहरे हुए हैं।

# द.कोरिया के विदेश मंत्री के साथ सार्थक बातचीत: जयशंकर

## दोनों देशों में हिन्द-प्रशांत और समकालीन वैश्विक विकास पर भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री चो ह्यून के साथ अपनी वार्ता को सार्थक बताते हुए कहा है कि इससे द्विपक्षीय सहयोग मजबूत बनेंगे। दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री भारत यात्रा पर हैं और उन्होंने शनिवार को यहां डॉ. जयशंकर के साथ वार्ता की।

दोनों नेताओं के बीच बैठक के बाद डा. जयशंकर ने कहा कि कोरियाई विदेश मंत्री के साथ उनकी बातचीत सार्थक रही। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि आज सुबह दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री चो ह्यून से मिलकर प्रसन्नता हुई। व्यापार, विनिर्माण, समुद्री क्षेत्र और लोगों के बीच आदान-प्रदान के साथ-साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वच्छ ऊर्जा और रक्षा क्षेत्र में नए अवसरों पर हमारे द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर उपयोगी चर्चा हुई। हिन्द-प्रशांत और समकालीन वैश्विक विकास पर भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ। हमने विशेष रणनीतिक साझेदारी के 10 वर्ष पूरे होने पर बढ़ते सामंजस्य और जुड़ाव की सराहना की। वार्ता शुरू होने से पहले डा. जयशंकर ने अपने प्रारंभिक वक्तव्य में कहा कि दक्षिण कोरिया के साथ रणनीतिक साझेदारी की 10वीं वर्षगांठ पर भारत दोनों देशों के बीच संबंधों को प्रगाढ़ बनाने तथा इन्हें नई ऊंचाई पर ले जाने का इच्छुक है। विदेश मंत्री चो का स्वागत और उन्हें कोरिया का विदेश मंत्री चुने जाने पर बधाई देते हुए डा. जयशंकर ने कहा कि अपने पुराने मित्र का नए सहयोगी के रूप में स्वागत करते हुए उन्हें प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने कहा कि कोरिया के राष्ट्रीय दिवस और भारत के स्वतंत्रता दिवस के ठीक एक दिन बाद उनका भारत यात्रा पर आना दोनों देशों के बीच रिश्तों के महत्व को दर्शाता है। डा. जयशंकर ने कोरिया के राष्ट्रीय मुक्ति दिवस की शुभकामनाएं देते हुए का कहा कि यह यात्रा कई मायनों में बहुत ही महत्वपूर्ण समय पर हो रही है-यह हमारी विशेष रणनीतिक साझेदारी की 10वीं वर्षगांठ है, और मुझे कनाडा के कनानसकिस में आपके राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री के साथ रहने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वैसे यह एक बहुत ही अच्छी मुलाकात थी और मैं आपको बताना चाहूंगा कि उनके बीच बहुत गहरा रिश्ता था।



■ हमने विशेष रणनीतिक साझेदारी के 10 वर्ष पूरे होने पर बढ़ते सामंजस्य और जुड़ाव की सराहना की

# दक्षिण कोरिया में सैनिकों की संख्या में छह वर्षों में आई 20 प्रतिशत की कमी

## जिसका एक बड़ा कारण युवा पुरुषों की घटती संख्या है और यदि यह जारी रहा, तो परिचालन संबंधी कठिनाई उत्पन्न हो सकती है

**सोल।** दक्षिण कोरिया में पिछले छह वर्षों में सेना में सैनिकों की संख्या में 20 प्रतिशत की कमी आने से कुल संख्या 450000 रह गई है, जिसका मुख्य कारण विश्व में सबसे कम जन्म दर वाले देश में अनिवार्य सेवा के लिए भर्ती होने की आयु वाले पुरुषों की जनसंख्या में भारी गिरावट और पुरुषों का सेना के प्रति रूझान में कमी आना है।

दक्षिण कोरिया की जन्म दर पिछले एक दशक में काफी गिरी है जिससे क्षेत्रीय खतरों और वैश्विक संघर्षों के बीच सेना के लिए परेशानी पैदा हो गई हैं। सीएनएन की एक नई रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण कोरिया में पिछले छह वर्षों में सैनिकों की संख्या में 20 प्रतिशत की गिरावट आई है जिसका एक बड़ा कारण युवा पुरुषों की घटती संख्या है और यदि यह जारी रहा तो परिचालन संबंधी कठिनाई उत्पन्न हो सकती है। इस बीच रक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट में इस गिरावट के लिए 'जटिल कारकों' को ज़िम्मेदार ठहराया गया है जिनमें जनसंख्या में गिरावट और सेना में 'सैनिकों जैसा कठोर व्यवहार' होने के कारण पुरूषों में सैन्य अधिकारी बनने की इच्छा में आई कमी भी शामिल है। हालांकि रिपोर्ट में इसके बारे में विस्तार से नहीं बताया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2019 के 563000 की तुलना में इस वर्ष जुलाई तक सैनिकों की कुल संख्या 450000 रह गई है। पिछले सप्ताह सांसद चू मी-ए द्वारा साझा की गई रिपोर्ट में चेतावनी दी है कि अगर स्थाई सेना (सदस्यों) की संख्या में गिरावट जारी रही तो उच्च-स्तरीय जनशक्ति हासिल करना और परिचालन संबंधी कठिनाई उत्पन्न हो सकती है यह खबर पश्चिमी देशों के प्रमुख सहयोगी दक्षिण कोरिया के लिए उस बुरे समय में आई है जबकि उसके यहां बड़ी संख्या में अमेरिकी सैनिक तैनात हैं और उसकी अमेरिका के साथ पारस्परिक रक्षा संधि भी है।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई

# बहन के साथ पिज्जा खा रहे युवक की सरेआम पिटाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** भीड़भाड़ वाले चौराहे पर आधा दर्जन युवकों द्वारा युवक को बैल्टों से दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार हल्दौर चौराहे के पास एसएनएसएम इंटर कॉलेज की दुकानों के सामने दोपहर अचानक आधा दर्जन युवकों ने एक युवक को पीटना शुरू कर दिया। दर्जनों तमाशबीन बनकर मारपीट देखते रहे, लेकिन बीच-बचाव की हिम्मत नहीं जुटा पाए। इस दौरान पुलिस वाहन के हूटर की आवाज सुनकर युवक बाइकों से फरार हो गए। अकेले पुलिस वाहन चालक ने उनका पीछा किया। लेकिन बाइक सवार हत्थे नहीं चढ़े। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। थानाध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि मारपीट की जानकारी मिली है, लेकिन किसी भी पक्ष ने कोई तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। मारपीट के दौरान पुलिस की गाड़ी को सही कराकर लौट रहे चालक राजीव की सतर्कता के चलते एक बड़ा विवाद होने से बच गया। युवक को लात-घूसों व बेल्टों से मारपीट कर आधा दर्जन युवकों ने तांडव मचाया। मारपीट को देख चालक ने पुलिस गाड़ी का हूटर बजाया। जब जाकर मारपीट बंद हुई और आरोपी भागे। बताते हैं कि पीटने वाला युवक आरोपियों की बहन के साथ पिज्जा खा रहा था।

इंडियनऑयल
सभी जनपदवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
हार्दिक शुभकामनाएं
प्रो. आशीष अग्रवाल
एम.डी.
शक्ति किसान सेवा केंद्र
कंवल नैनपुर, मण्डावर (बिजनौर)

प्रकाश पब्लिक स्कूल
की ओर से अभिभावकों, छात्र-छात्राओं व शिक्षक-शिक्षिकाओं को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अरविंद कुमार गुप्ता
प्रबंधक
प्रकाश पब्लिक स्कूल
निगहत खान
प्रधानाचार्या
प्रकाश पब्लिक स्कूल
एवं समस्त विद्यालय स्टाफ मण्डावर, बिजनौर

DHAMPUR
Legacy for tomorrow
स्वच्छ धामपुर सुरक्षित धामपुर हरित धामपुर
धामपुर शुगर मिल्स लि0, धामपुर, जिला - बिजनौर
स्वतंत्रता दिवस
कुं0 अशोक कुमार गोयल
चेयरमैन
कुं0 ईशान गोयल
महाप्रबन्धक
इशिता गोयल
उपाध्यक्ष
कुं0 गौरव गोयल
प्रबन्ध निदेशक
79 वाँ
(भारतीय स्वतंत्रता का अमृत काल)
की हार्दिक शुभकामनाऐं
उत्तम दानेदार चीनी के निर्माता
सदैव कृषक सेवा के लिए तत्पर
निष्काम गुप्ता
उपाध्यक्ष
अन्य प्रतिष्ठानः- डी0एस0एम0 कैमिकल्स, धामपुर (बिजनौर)

# मंडावर में रिक्शा चालकों ने मनाया स्वतंत्रता दिवस



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मंडावर में रिक्शा चालक एसोसिएशन द्वारा स्वतंत्रता दिवस उत्साह और जोशो-खरोश के साथ मनाया गया। ऐतिहासिक तिरंगा रैली का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मंडावर मेन बस स्टैंड स्थित कार्यालय पर झंडारोहण से हुई। मेहमानों का स्वागत पगड़ी व बैज पहनाकर किया गया। यूनियन अध्यक्ष मोईन अहमद को भी रिक्शा चालकों ने पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। झंडारोहण अतिरिक्त मजिस्ट्रेट एवं अधिशासी अधिकारी वंदना कुशवाह, थाना प्रभारी राजकुमार सरोज, यूनियन अध्यक्ष मोईन अहमद व संरक्षक मौ. अजमल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इसके बाद राष्ट्रगान हुआ और मिठाई वितरित की गई।

अतिरिक्त मजिस्ट्रेट वंदना कुशवाह ने कहा कि मंडावर के रिक्शा चालकों का यह उत्साह और देशभक्ति काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि रिक्शा चालकों ने जिस जोश के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया है, वैसा मैंने कहीं और नहीं देखा। आप सभी ईमानदारी से यातायात नियमों का पालन करते हुए कार्य करें। शासन-प्रशासन हमेशा आपके साथ है। ऐतिहासिक तिरंगा रैली निकाली गई। देशभक्ति गीतों के साथ यह रैली कस्बे के मौहल्ला कस्साबान, बंजारान, अचारजान, अफगानान, शाहविलायत, बाजार कला, मिर्दगान से होते हुए पुनः मेन बस स्टैंड पहुंची।

इस मौके पर एसोसिएशन अध्यक्ष मोईन अहमद, संरक्षक मौ. अजमल, महामंत्री जगदीश कुमार, उपाध्यक्ष छत्रपाल सिंह, अब्दुल वाहिद, नसीम अहमद, जावेद महिगीर, नईम, राशिद कुरैशी, सरफुद्दीन शाह, सुरेंद्र कुमार, शमशुद्दीन, नाजिम अहमद, इस्तेखार अहमद, दिल्लू समेत बड़ी संख्या में रिक्शा चालक मौजूद रहे।

वहीं कस्बे से वरिष्ठ सभासद शहजाद अहमद सिद्दीकी, डॉ. फैजान, वरिष्ठ पत्रकार विनीत चौधरी, लाखन सिंह, एड. मुस्तकीम अहमद, अमीर रॉक, नासिर उर्फ काला कुरैशी, गुल्लू, शाहवेज, मौ. शाहमत, महेश कुमार, मूल्ला मुकीम आदि गणमान्य लोगों ने भी कार्यक्रम में शिरकत की।

स्वतंत्रता दिवस की मुबारकबाद
नजर नवाज उर्फ शलम
नगर अध्यक्ष
आजाद समाज पार्टी, शेरकोट

यौमे आजादी की मुबारकबाद
शेरकोट मुस्लिम फण्ड एवं शेरकोट मुस्लिम फण्ड कन्या इण्टर कालेज, शेरकोट
अध्यक्ष- मौहम्मद हाशिम, जनरल सैक्रट्री- मौलाना उबैदुर्रहमान, उपाध्यक्ष- शेख नजरूल इस्लाम, प्रबंधक-मौहम्मद रफीक, सदस्य- मौहम्मद इरशाद, कारी रईस अहमद, मौहम्मद आसिफ, मौहम्मद इस्माईल एवं समस्त स्टाफ, शेरकोट

स्वतंत्रता दिवस की सभी को बधाई
हाजी कमाल
वरिष्ठ बसपा नेता
शेरकोट

सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास
समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
आकिब यूनुस एडवोकेट
कार्यकर्ता
भूपेंद्र चौहान बॉबी
जिलाध्यक्ष भाजपा बिजनौर

स्वतंत्रता दिवस की सभी को बधाई
फईम अहमद अंसारी
सभासद पति वार्ड नं. 17
मौहल्ला खुराड़ा, शेरकोट

स्वतंत्रता दिवस की सभी को बधाई
मौ. जाकिर
वरिष्ठ समाजसेवी
मौहल्ला शेखान, शेरकोट

स्वतंत्रता दिवस की सभी को बधाई
सादबीन आसिफ
मरहूम आसिफ विकार
नवाब सादबीन आसिफ
रियासत, शेरकोट

स्वतंत्रता दिवस की सभी को हार्दिक बधाई
आर.यू.एम. उच्चतर माध्यमिक स्कूल
निकट चुंगी नम्बर 5, शेरकोट
फुरकान महमूद अंसारी
प्रबंधक
शमशाद हुसैन
प्रधानाचार्य